वार्षिक-रिपोर्ट
2017-18

Hkkjr ljdkj

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग

विषय सूची

अध्याय/खंड	**शीर्षक**	पृष्ठ
1.	प्रस्तावना	1-2
2.	सिंहावलोकन	3-4
3.	सांविधिक संरचना	5-8
4.	दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गम	9
5.	राष्ट्रीय नीति, 2016, दिव्यांगजनों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन और एशिया और प्रशांत क्षेत्रों दिव्यांगजनों के लिए ''अधिकारों को साकार करने के लिए'' इनचयोन कार्यनीति	10-13
6.	सांविधिक निकाय एवं उनकी गतिविधियां	14-30
6.1	मुख्य दिव्यांगजन आयुक्त	14
6.2	राष्ट्रीय न्यास	15
6.3	भारतीय पुनर्वास परिषद	25
7.	विभाग की विभिन्न योजनाएं	31-61
8.	सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम	62-72
8.1	राष्ट्रीय विकलांग वित्त एवं विकास निगम (एनएचएफडीसी)	62
8.2	भारतीय कृत्रिम अंग विनिर्माण निगम (एलिम्को)	68
9.	राष्ट्रीय संस्थान और समेकित क्षेत्रिय केन्द्र	73-106
10.	विभाग की नयी पहले और विशेष उपलब्धियां	107-126
11.	दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार	127-128

अनुलग्नक

क्रम सं.	शीर्षक	पृष्ठ
1.	दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग को आवंटित कार्य	129-130
2.	जनगणना 2011 के अनुसार दिव्यांगजनों की राज्यवार जनसंख्या	131-132
3.	अगस्त, 2017 की स्थिति के अनुसार दिव्यांगता प्रमाण पत्र निर्गम की नवीनतम राज्य वार स्थिति (उपलब्ध सूचना के अनुसार)	133-134
4	एडिप योजना के अंतर्गत विभिन्न क्रियान्वयन एजेंसियों द्वारा वर्ष 2014–15 से वर्ष 2017–18 (दिनांक 31.12.2017 की स्थिति के अनुसार) के दौरान आयोजित शिविरों, उपयोग की गयी निधियों और शामिल लाभार्थियों की संख्या का राज्यवार विवरण	135-136
5.	एडिप योजना के अंतर्गत वर्ष 2017–18 के दौरान क्रियान्वयन एजेंसियों/राष्ट्रीय संस्थानों/एलिम्को को जारी निधियों को दर्शाने वाला विवरण (दिनांक31.12.2017तक)	137-138
6.	एडिप योजना के अंतर्गत वर्ष 2017–18 के दौरान (दिनांक 31.12.2017 तक) विभिन्न राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों में आयोजित विशेष शिविरों का विवरण	139-140
7	सिपडा योजना के अंतर्गत वर्ष 2017–18 के दौरान बाधामुक्त परिवेश के लिए राज्य/केन्द्र शासित प्रदेशों को जारी की गयी अनुदान सहायता	141-142
8.	सिपडा योजना के अंतर्गत वर्ष 2017–18 के दौरान बाधामुक्त परिवेश के लिए संस्थाओं/संगठनों को जारी की गयी अनुदान सहायता	
	क. सिपडा योजना के अंतर्गत वर्ष 2017–18 के दौरान कौशल विकास प्रशिक्षण के लिए जारी की गयी अनुदान सहायता	143
	ख. सिपडा योजना के अंतर्गत वर्ष 2017–18 के दौरान डीडीआरसी परियोजना के लिए जारी की गयी अनुदान सहायता	143
	ग. सिपडा योजना के अंतर्गत वर्ष 2017–18 के दौरान यूडीआईडी परियोजना के लिए जारी की गयी अनुदान सहायता	144
	घ. सिपडा योजना के अंतर्गत वर्ष 2017–18 के दौरान एआईसी के लिए जारी की गयी अनुदान सहायता	145
	ङ. सिपडा योजना के अंतर्गत वर्ष 2017–18 के दौरान प्रकीर्ण गतिविधियों लिए जारी की गयी अनुदान सहायता	146-149
9.	डीडीआरएस योजना के अंतर्गत वर्ष 2017–18 (दिनांक 31.12.2017 की स्थिति के अनुसार) के दौरान गैर सरकारी संगठनों को जारी की गयी अनुदान सहायता विवरण	152-199

10.	डीडीआरएस योजना के अंतर्गत पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष (दिनांक 31.12.2017 की स्थिति के अनुसार) के दौरान जारी की गयी अनुदान सहायता, लाभार्थियों की संख्या और सहायता प्राप्त संगठनों का राज्य वार विवरण	200-201
11	डीडीआरएस के तहत गैर सरकारी संगठनों को दी गयी अनुदान सहायता के राज्य वार विवरण का सार	202-203
12	वर्ष 2017–18 (दिनांक 19.01.2018 की स्थिति के अनुसार) के दौरान सिपडा/डीडीआर के अंतर्गत डीडीआरसी को जारी किए गए अनुदान	204-205
13	राष्ट्रीय संस्थानों/संयुक्त क्षेत्रीय केन्द्रों द्वारा संचालित दीर्घकालिक पाठ्यक्रमों (एक वर्ष या अधिक की अवधि के) के विवरण	206-211
14	ब्रेल प्रेस की स्थापना/आधुनिकीकरण/क्षमता वर्द्धन में सहायता प्रदान करने के लिए इस योजना के अंतर्गत जारी की गयी निधियों का विवरण	212
15	वर्ष 2017 के राष्ट्रीय पुरस्कार विजेताओं की सूची	213-216
	संक्षेपण	217
	दिशानिर्देश	218

1 अध्याय

प्रस्तावना

1-1 i"BHkfe

दिव्यांगजनों के कल्याण और सशक्तिकरण पर लक्षित विभिन्न नीतिगत मसलों पर ध्यान केन्द्रित करने और संबंधित गतिविधियों पर सार्थक जोर देने के लिए 12 मई 2012 को सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय से अलग करके एक पृथक डिसैबिलिटी कार्य विभाग बनाया गया था। दिनांक 08.12.2014 को इस विभाग का नाम बदलकर दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग कर दिया गया। यह विभाग विभिन्न पणधारकों, संबंधित केन्द्रीय मंत्रालयों, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों, गैर सरकारी संगठनों इत्याादि के बीच प्रभावी करीबी समन्वयन सहित दिव्यांगजनों एवं विकलांगता से संबंधित मामलों के लिए एक नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करता है।

1-2 foHkkx dh vkcfVr dk;Z

1.2.1 भारत सरकार (कार्य आवंटन) नियमावली के अनुसार विभाग के लिए आबंटित कार्य अनुबंध–1 में दिए गए हैं। विभाग को मुख्य रूप से दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण का कार्य सौंपा गया है।

1.2.2 विजनः एक ऐसा समावेशी समाज बनाना जिसमें विकलांग व्यक्तियों की उन्नति और विकास के लिए समान अवसर प्रदान किए जाते हैं ताकि वे उपयोगी, सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन व्यतीत कर सकें।

1.2.3 मिशनः अपने विभिन्न अधिनियमों /संस्थाओं /संगठनों तथा पुनर्वास की योजनाओं के माध्यम से विकलांग व्यक्तियों को सशक्त करना और एक ऐसा समर्थकारी वातावरण सृजित करना जो ऐसे व्यक्तियों को समाज में समान अवसर और उनके अधिकारों का संरक्षण प्रदान करे और उन्हें समाज के स्वतंत्र एवं उत्पादक सदस्यों के रूप में भाग लेने के लिए सक्षम बनाए।

1.2.4 अपने विजन को पूरा करने एवं मिशन को सफल बनाने के लिए, विभाग निम्नलिखित लक्ष्यों के लिए प्रयास करता है–

(क) पुनर्वास के लिए नीचे उल्लिखित उपाय करना–

(i) शारीरिक पुनर्वास, जिसमें जल्दी पता लगाना तथा शीघ्र हस्तक्षेप, परामर्श और चिकित्सा पुनर्वास तथा विकलांगताओं के प्रभाव को कम करने के लिए उपयुक्ता सहायक तंत्रों और उपकरणों की खरीद में सहायता शामिल है:

(पप) व्यावसायिक प्रशिक्षण सहित शैक्षणिक पुनर्वास

(पपप) आर्थिक पुनर्वास और सामाजिक सशक्तिकरण

(ख) पुनर्वास व्यावसायिकों / कर्मियों को तैयार करना।

(ग) आंतरिक कार्य–दक्षता / प्रतिक्रियाशीलता / सेवा प्रदायगी में सुधार।

(घ) समाज के विभिन्न वर्गों में जागरूकता सृजन के माध्यम से दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण का समर्थन।

1-3 y{; l eg% fn0;kx t u

दिव्यांगजन के अधिकार अधिनियम, 2006 (RPWDअधिनियम) के अनुसार, ''दिव्यांग से तात्पर्य उस व्यक्ति से है जो दीर्घावधि तक शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक अथवा ग्राहय संबंधी अशक्तता का शिकार रहा है और जो बाधाओं और रूकावटों के रूप में समाज के साथ उसकी पूर्ण सहभागिता को प्रभावित करती है। (दिव्यांगजन अधिकार, अधिनियम 2016, अध्याय–1, खंड–2, उप खंड (खंडों) उप खंड (ग) का संदर्भ लें)

दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के अनुसार, ''बेंचमार्क अशक्तता के साथ व्यक्ति'' से तात्पर्य उस व्यक्ति से है जो किसी विकलांगता से न्यूनतम 40 प्रतिशत पीड़ित हो जहां पर विनिर्दिष्ट विकलांगता को सही तरीके से परिभाषित नहीं किया गया हो और प्रमाणित करने वाले प्राधिकारी द्वारा उस व्यक्ति की विशिष्ट विकलांगता को सही रूप से परिभाषित किया है। (दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016, अध्याय–1, खंड–2, उप खंड (द) का संदर्भ लें)

2 अध्याय

सिंहावलोकन

2.1 वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत में 2.68 करोड़ दिव्यांगजन हैं (जो कि कुल जनसंख्या का 2.21 प्रतिशत है)। कुल दिव्यांगजनों में से 1.50 करोड़ पुरुष हैं और 1.18 करोड़ स्त्रियां हैं। इनमें दृष्टि बाधित, श्रवण बाधित, वाक बाधित, चलन बाधित, मानसिक रोगी, मानसिक मंदता, बहु निःशक्तता तथा अन्य निःशक्तता से ग्रस्त व्यक्ति शामिल हैं।

जबकि जनगणना 2001 और 2011 के अनुसार, दिव्यांगजनों की राज्यवार संख्या का विवरण अनुलग्नक 2पर दिया गया है, जनगणना 2011 के अनुसार विकलांगता के प्रकार के अनुसार, उनकी संख्या का विवरण निम्नवत है–

fn0;kx tuk dh J.kh&okj l[;k tux.kuk 2011 d vuqlkj			
निशक्तता के प्रकार	व्यक्ति और प्रतिशत	पुरुष	स्त्री
	1	2	3
देखने में	50,33,431	26,39,028	23,94,403
सुनने में	50,72,914	26,78,584	23,94,330
बोलने में	19,98,692	11,22,987	8,75,705
चलने में	54,36,826	33,70,501	20,66,325
मानसिक मंदता	15,05,964	8,70,898	6,35,066
मानसिक रोगी	7,22,880	4,15,758	3,07,122
कोई अन्य	49,27,589	27,28,125	21,99,464
बहु विकलांगता	21,16,698	11,62,712	9,53,986
d|y	2,68,14,994	1,49,885,93 (55.89)	1,18,264,01 (44.11)

vkokl Hkkjr] 2011 }kjk fu'kDr tu tul[;k			
आवास	व्यक्ति	पुरूष	महिला
कुल	26,810,557	14,986,202	11,824,355
ग्रामीण	18,631,921 (69.49%)	10,408,168	8,223,753
शहरी	8,178,636 (30.51%)	4,578,034	3,600,602

*स्त्रोत : भारत के महापंजीयक एवं सांख्यिकी आयुक्त

2.2 सांख्यिकीय एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय ने जुलाई 2018 से दिसम्बर 2018 तक चलने वाले अपने 76वें एनएमएस राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण में दिव्यांगजन अधिकारी अधिनियम, 2016 में उल्लिखित कार्यक्रमों की श्रेणियों पर डाटा इकट्ठा करने के लिए नमूना सर्वेक्षण करने का निर्णय लिया है।

3 अध्याय सांविधिक ढांचा

3-1 lc) lo/kkfud çko/kku

भारतीय संविधान अपनी प्रस्तावना के माध्यम से अन्य बातों के साथ साथ अपने सभी नागरिकों के लिए सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म एवं उपासना की स्वतंत्रता प्रतिष्ठा और अवसर की समता सुनिश्चित करता है।

संविधान का भाग –III सभी नागरिकों (और कुछ मामलों में गैर नागरिकों के लिए भी) के लिए छः मौलिक अधिकार प्रदान करता है। इनमें शामिल हैंः समानता का अधिकार स्वतंत्रता का अधिकार, शोषण के विरुद्ध अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार, सांस्कृतिक एवं शैक्षिक अधिकार और संवैधानिक उपचारों का अधिकार। ये सभी अधिकार दिव्यांगजनों के लिए भी उपलब्ध हैं, तथापि संविधान के इस भाग में ऐसे व्यक्तियों का कोई विशिष्ट उल्लेख नहीं किया गया है।

संविधान के भाग–IV में राज्य की नीति के निदेशक तत्व शामिल किए गए हैं। यद्यपि ये गैर न्यायाधीन हैं, इन्हें देश के शासन में मौलिक घोषित किया गया है। इन सिद्धांतों का राज्य की नीति का अनिवार्य आधार होना आशयित है। ये वास्तव में भविष्य के विधायकों और कार्यपालकों के मार्गदर्शन के लिए उन्हें दिए गए अनुदेशों स्वरूप हैं।

^^vuPNn 41% dN n'kkvk e dke] f'k{kk vkj ykd lgk;rk iku dk vf/kdkj

''राज्य अपनी आर्थिक सामर्थ्य और विकास की सीमाओं के भीतर, काम पाने के, शिक्षा पाने के और बेकारी, बुढ़ापा, बीमारी और निःशक्तता तथा अन्य अनर्ह अभाव की दशाओं में लोक सहायता पाने के अधिकार को प्राप्त कराने का प्रभावी उपबंध करेगा।'' इसके अलावा, अनुच्छेद 243–छ की 11वीं अनुसूची और अनुच्छेद 243–ब की 12वीं अनुसूची, जो आर्थिक विकास और सामाजिक न्याय की स्कीमों के कार्यान्वयन से संबंधित क्रमशः पंचायतों एवं नगरपालिकाओं की शक्तियों एवं जिम्मेदारियों से संबंधित हैं, में समाज के अन्य कमजोर वर्गों में दिव्यांगजनों का कल्याण और उनके हितों का संरक्षण शामिल है। उक्त अनुसूचियों के संबंधित उद्धरण नीचे प्रस्तुत हैः

vuPNn 243 N dh 11oh vul ph: '''विकलांग और मानसिक रूप से मंद व्यक्तियों के कल्याण सहित सामाजिक कल्याण''' (प्रविष्टि सं 26)।

vuPNn&243c dh 12oh vul ph%* ''विकलांग और मानसिक रूप मंद व्यक्तियों सहित समाज के कमजोर वर्गों के हितों का संरक्षण'' '(प्रविष्टि सं 09)।

विभाग विकलांगता के विभिन्नि पहलुओं और विकलांग व्यक्तियों के कल्याण एवं सशक्तिकरण को शासित करने वाले निम्नललिखित विधानों का कार्यान्वयन करता है :–

1. भारतीय पुनर्वास परिषद अधिनियम,1992
2. स्वलीनता, प्रमस्तिष्क अंगघात, मानसिक मंदता और बहु–विकलांगताग्रस्त व्यक्तियों के कल्याणार्थ राष्ट्रीय न्यास अधिनियम, 1999.
3. दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016

3-2 Hkkjrh; iquokZl ifj"kn vf/kfu;e] 1992

भारतीय पुनर्वास परिषद को आर सी आई अधिनियम, 1992 के तहत स्थापित किया गया था। परिषद पुनर्वास व्यावसायिकों और कार्मिकों के प्रशिक्षण का नियमन और इसको मॉनीटर करता है और पुनर्वास एवं विशेष शिक्षा में अनुसंधान को प्रोत्साहित करता है।

इस परिषद को निम्नलिखित कार्य सौंपे गए हैं :

(i) शिक्षा के न्यूनतम मानकों को निर्धारित करना।

(ii) भारत में पुनर्वास व्यावसायिकों/अन्य कार्मिकों हेतु विश्वविद्यालयों इत्यादि द्वारा प्रदत्त अर्हताओं की मान्यता के संबंध में विभाग को सिफारिशें करना।

(iii) भारत के बाहर के संस्थानों की अर्हताओं के संबंध में विभाग को सिफारिशें करना

(iv) परीक्षाओं में निरीक्षण करना।

(v) पुनर्वास व्यावसायिकों/अन्य कार्मिकों का पंजीकरण।

(vi) पंजीकृत व्यक्तियों के विशेषाधिकारों और व्यावसायिक आचार को निर्धारित करना।

3-3 v,fVTe] çefLr"d vax?kkr] ekufld eanrk vkSj cgqfodykaxrkvksa bR;kfn ls xzLr O;fDr;ksa ds dY;k.kkFkZ jk"Vªh; U;kl vf/kfu;e] 1999

1. प्रस्तावना

राष्ट्रीय न्यास ऑटिज्म, प्रमस्तिष्क अंगघात, मानसिक मंदता और बहुविकलांगताओं इत्यादि से ग्रस्त व्यक्तियों के कल्याणार्थ संसद के वर्ष 1999 के एक अधिनियम द्वारा गठित एक सांविधिक निकाय है। राष्ट्रीय न्यास के उद्देश्य इस प्रकार हैं:–

(i) दिव्यांगजनों को स्वतंत्रतापूर्वक और यथा संभव पूरी तरह से अपने समुदाय के अंदर और यथा निकट जीवन यापन करने में समर्थ और सशक्त बनाना।

(ii) विकलांग व्यक्तियों को अपने स्वयं के परिवार में ही रहने के लिए सहायता प्रदान करने के लिए सुविधाओं को सुदृढ करना।

(iii) दिव्यांगजनों के परिवार में संकट की अवधि के दौरान आवश्यकता आधारित सेवाएं प्रदान करने में पंजीकृत संगठनों को सहायता देना।

(iv) दिव्यांगजन, जिन्हें परिवार की सहायता प्राप्त नहीं है, की समस्याओं का हल ढूंढना।

(v) दिव्यांगजनों के माता–पिता अथवा संरक्षकों की मृत्यु होने पर उनकी देखभाल और संरक्षण के उपायों का संवर्द्धन करना।

(vi) जिन दिव्यांगजनों को संरक्षकों और न्यासियों की जरुरत है, उनके लिए इनकी नियुक्ति की प्रक्रिया विकसित करना।

(vii) दिव्यांगजनों के लिए समान अवसरों, अधिकारों के संरक्षण और पूर्ण भागीदारी की प्राप्ति को सुकर करना।

(viii) ऐसा कोई अन्य कार्यकरण जो पूर्वोक्त उद्देश्यों का आनुषंगिक हो।

3-4 fn0;kx tuvf/kdkj vf/kfu;e] 2016

3-4-1 दिव्यांगजन (समान अवसर, संरक्षण और पूर्ण सहभागिता) अधिनियम, 1995 के प्रावधानों और बेहतर कार्यान्वयन को सुनिश्चित करके, उन्हें सुचारू बनाने के दो उद्देश्यों के साथ, सरकार ने राज्यसभा में 07.02.2014 को दिव्यांगजन अधिकार, विधेयक, 2014 को प्रस्तुत किया। संसद द्वारा दिसम्बर, 2016 में आधिकारिक संशोधनों के साथ विधेयक को पास कर दिया गया और तदनुसार 28.12.2016 को दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 को अधिसूचित कर दिया गया। नए कानून में दिव्यांगजनों के लिए विविध अधिकारों और भत्तों की व्यवस्था दी गई है। इन अधिकारों और भत्तों में समानता और भेदभाव–रहित, समाजिक जीवन, अव्यवहार और अमानवीय व्यवहार से सुरक्षा, न्याय तक पहुंच, विधिक क्षमता आदि शामिल हैं। अधिनियम दिव्यांगजनों के प्रभावी सशक्तीकरण और उनके समावेशन के लिए उपयुक्त सरकारों को सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, पुनर्वास, मनोरंजन, कौशल विकास आदि के क्षेत्र में योजनाओं को बनाने के लिए अधिदेशित करता है। अधिनियम के प्रभावकारी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए दण्डात्मक प्रावधान भी किया गया है।

3-4-2 दिसम्बर, 2016 दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के लागू करने के बाद, केन्द्र सरकार ने निम्नलिखित कदम उठाए हैं:–

(i) केन्द्र सरकार ने दिव्यांगजन अधिकारी अधिनियम को 19.04.2017 से प्रभावी बना दिया।

(ii) इसने उक्त अधिनियम की धारा 100 अनुसरण में 15.06.2017 को दिव्यांगजन अधिकारी नियम, 2017 को अधिसूचित किया। इन नियमों में ये शामिल हैं :–

(क) उनको उपयुक्तमाहौल उपलब्ध करवाने के लिए मानक, यात्री बस यातायात और वेबसाइट और सामग्री को वेबसाइट पर डालना।

(ख) विकलांगता प्रमाण–पत्र के लिए आवेदन और अनुदान की प्रक्रिया।

(ग) दिव्यांग कर्मचारियों के संबंध मे समान अवसर नीति और रिकार्ड के रख–रखाव को प्रकाशित करने की विधि।

(घ) अशक्तता के आधार पर भेदभाव रहित प्रावधान के कार्यान्वयन के लिए तंत्र।

(ड़) राष्ट्रीय निधि के उपयोग और प्रबंधन का तरीका।

(iii) दिव्यांजन अधिनियम, 2016 की धारा 56 के अनुसरण में, विशिष्ट विकलांगता को बढ़ाने के आकलन के संबंध में दिशा–निर्देशों को 04.01.2018 को अधिसूचित कर दिया गया है। ये दिशा–निर्देश चिकित्सा प्राधिकारी के गठन सहित ऑटिजम के अलावा अधिनियम में उल्लिखित सभी विशिष्ट अपगंताओं के आकलन और प्रमाणन की प्रक्रिया प्रदान करते हैं। राज्य सामाजिक कल्याण विभाग के साथ–साथ राज्य स्वास्थ्य विभागों को 12.01.2018 के पत्र द्वारा इन दिशा–निर्देशों का पालन करने की सलाह दी गई है। राज्यों को विभाग द्वारा 25.04.2016 को अधिसूचित किए गए ऑटिजम के लिए दिशा–निर्देशों को पालन करने की भी सलाह दी गई है।

(iv) कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने 15.01.2018 को केन्द्र सरकार की नौकरियों में 4 प्रतिशत आरक्षण को कार्यान्वित करने और रिक्तियों की गणना करने के तरीकों के संबंध मे आदेश जारी किया है।

(v) सरकार ने माननीय मंत्री (सामाजिक न्याय एवं सशक्तीकरण) की अध्यक्षता में निशक्तता पर एक केन्द्रीय सलाहकार बोर्ड का गठन किया है।

(vi) विशेष डीजी (अब डीजी) डीजीएसएस की अध्यक्षता में उक्त अधिनियम की धारा 38 के तहत यथा अपेक्षित उच्च सहायता की आवश्यकता वाले दिव्यांगजनों के आकलन के लिए नियमों को शामिल करने के लिए सुझाव देने हेतु एक समिति का गठन किया गया।

(vii) केन्द्र सरकार में दिव्यांगजनों के लिए पदों की पहचान करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया है।

(viii) नए अधिनियम के प्रावधानों के बारें में राज्यों को जागरूक बनाने और उनके द्वारा कार्य किए जाने के बारे में देश में 5 स्थानों पर क्षेत्रीय बैठकें आयोजित की गई।

(ix) राज्यों और संघ शासित प्रदेशों का जहां तक संबंध है, अधिनियम की धारा 101 के तहत आवश्यकताओं के अनुसार एक मात्र मसौदा नियमावली राज्यों को 13.06.2017 को परिचालित की गई।

(x) माननीय मंत्री सामाजिक न्याय एवं सशक्तीकरण ने सभी राज्यों/संघ शासित प्रदेशों से दिनांक 16.01.2017 के पत्र द्वारा दिव्यांगजन अधिकारी अधिनियम के प्रावधानों का पूर्णतया पालन करने का अनुरोध किया है।

4 अध्याय

निसषक्तता प्रमाणपत्रों का मुद्दा

दिव्यांगजन अधिनियम, 1995 उन दिव्यांगजनों के लिए कुछ लाभों की व्यवस्था करता है जो, एक चिकित्सा प्रभारी द्वारा प्रमाणित किए अनुसार, 40 प्रतिशत से कम किसी प्रकार की निशक्तता से प्रभावित नहीं हैं। इस प्रकार, एक निशक्तता वाला ऐसा व्यक्ति जो अधिनियम के तहत लाभांश लेने की कामना करता है को उद्देश्य हेतु अधिसूचित चिकित्सा प्रभारी से एक निशक्तता प्रमाणपत्र प्राप्त करना पड़ता हैं। प्रमाणपत्र दिव्यांगजन विभाग,सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा तैयार किए गए दिशानिर्देशों के आधार पर जारी किए जाते हैं।

निशक्तजनों से प्राप्त हुए आवेदनों के आधार पर निशक्तता प्रमाणपत्रों को जारी करने के लिए राज्य सरकारें जिम्मेदार हैं। अगस्त 2017 को जनगणना 2011 की तुलना में निशक्तता प्रमाणपत्रों को जारी करने की तुलनात्मक राज्यवार स्थिति अनुबंध–3 पर दी गई है। अगस्त 2017 को दिव्यांगजन मुख्य आयुक्त के कार्यालय से उपलब्ध डाटा के अनुसार 57.98 प्रतिशत दिव्यांगजनों को 2011 जनगणना के अनुसार निशक्तता प्रमाणपत्र जारी किए गए है।

5 अध्याय

दिव्यांगजन के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (यूएनसीआरपीडी) और राष्ट्रीय नीति, 2006, एशिया और प्रशांत क्षेत्र में दिव्यांगजनों के लिए "वास्तविकता को धरातल पर उतारने" की इनचयोन कूटनीति

5-1 fn0;kx tuk d fy, jk"Vh; uhfr] 2006

यह मानते हुए कि दिव्यांगजन देश के लिए बहुमूल्य मानव संसाधन हैं और यदि उन्हें समान अवसर और प्रभावी पुनर्वास उपाय उपलब्ध हों तो उनमें से अधिकांश व्यक्ति बेहतर गुणवत्तार वाली जिंदगी जी सकते हैं, सरकार ने, उनके लिए ऐसा वातावरण तैयार करने के उद्देश्य से, जो उन्हें समान अवसर, उनके अधिकारों का संरक्षण और समाज में उनकी पूरी भागीदारी प्रदान कर सके, दिव्यांगजनों के लिए एक राष्ट्रीय नीति तैयार और प्रकाशित की है।

विकलांगता रोकथाम और पुनर्वास उपायों पर केन्द्रित इस नीति में निम्नलिखित प्रावधान हैं:

I. विकलांगता रोकथाम

II. पुनर्वास उपाय

क. शारीरिक पुनर्वास रणनीति:

- जल्दी पता लगाना और हस्तक्षेप करना
- परामर्श एवं चिकित्सा पुनर्वास
- सहायक उपकरण
- पुनर्वास व्यावसायिकों का विकास

ख. दिव्यांगजनों की शिक्षा

ग. दिव्यांगजनों का आर्थिक पुनर्वास

- सरकारी प्रतिष्ठानों में नियोजन
- निजी क्षेत्र में पारिश्रमिक आधारित रोजगार
- स्व–रोजगार

III. विकलांग महिलाओं के लिए प्रावधान

IV. विकलांग बच्चों के लिए प्रावधान

V. बाधामुक्त परिवेश

VI. विकलांगता प्रमाणपत्र का निर्गम

VII. सामाजिक सुरक्षा

VIII. गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) को प्रोत्साहन

IX. दिव्यांगजनों से संबंधित नियमित सूचनाओं का संकलन

X. अनुसंधान

XI. खेलकूद, मनोरंजन और सांस्कृतिक जीवन

XII. दिव्यांगजनों से संबंधित विद्यमान अधिनियमों में संशोधन

तदनुसार, इस नीति के अंतर्गत हस्तक्षेप के मुख्य क्षेत्र हैं: रोकथाम, जल्दी पता लगाना और हस्तक्षेप, पुनर्वास कार्यक्रम, मानव संसाधन विकास, दिव्यांगजनों की शिक्षा, नियोजन, बाधारहित परिवेश, सामाजिक संरक्षण, अनुसंधान, खेलकूद, मनोरंजन और सांस्कृतिक गतिविधियां।

राष्ट्रीय नीति के कार्यान्वयन के लिए निम्नलिखित तंत्र मौजूद हैं :

1. इस नीति के कार्यान्वयन से संबंधित सभी मुद्दों का समन्वय करने के लिए दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय नोडल विभाग है।

2. पणधारकों के प्रतिनिधित्व वाली केन्द्रीय कार्यान्वयन समिति, राष्ट्रीय नीति के कार्यान्वयन से संबंधित मामलों का समन्वय करती है। राज्य स्तर पर भी इसी तरह की समितिहोती है।

3. इस नीति के कार्यान्वयन के लिए गृह, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, ग्रामीण विकास, शहरी विकास, युवा कार्य एवं खेलकूद, रेलवे, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन, श्रम, पंचायती राज और महिला एवं बाल विकास मंत्रालयों और प्राथमिक शिक्षा एवं साक्षरता, माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग, लोक उद्यम, राजस्व, सूचना प्रौद्योगिकी और कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभागों की भी पहचान की गयी है।

4. पंचायती राज संस्थाएं एवं शहरी स्थानीय निकाय जिला विकलांगता पुनर्वास केन्द्रों के कार्यकरण से संबद्ध हैं। स्थानीय स्तर के मामलों के निराकरण के लिए राष्ट्रीय नीति के कार्यान्वयन में इनसे अहम भूमिका निभाया जाना अपेक्षित है।

5. दिव्यांगजनों के लिए, केन्द्र स्तर पर मुख्य आयुक्त एवं राज्य स्तर पर राज्य आयुक्त, अपनी सांविधिक जिम्मेवारियों के अलावा राष्ट्रीय नीति के कार्यान्वायन में मुख्य भूमिका निभाते हैं।

5-2 fn0;kxu tk d vf/kdkjk ij l;Dr jk"V l?k lEeyu] 2006

यह संधिपत्र 13 दिसंबर 2006 को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा अपनाया गया था और 30 मार्च 2007 को राष्ट्र पक्षों द्वारा हस्ताक्षर हेतु रखा गया। इस संधिपत्र के अंगीकरण ने दिव्यांगजनों को पूरे विश्व में अपने अधिकारों की मांग करने और अपने अधिकारों का लाभ उठाने के लिए राज्य, निजी और नागरिक समाज की एजेंसियों को जवाबदेह बनाने में वास्तव में सशक्त किया है।

भारत कुछ चुनिंदे प्रथम राष्ट्रों में से एक है, जिसने इस संधिपत्र की अभिपुष्टि की है। 30 मार्च 2007 को भारत द्व ारा संधिपत्र पर हस्ताक्षर किए जाने और बाद में इसकी अभिपुष्टि किए जाने के परिणामस्वरूप देश में यह कानून 3 मई 2008 से प्रभावी हो गया। यह संधिपत्र प्रत्येक राष्ट्र पक्ष को निम्नलिखित तीन दायित्व देता है:

क. संधिपत्र के प्रावधानों का क्रियान्वयन,

ख. देश के कानूनों को संधिपत्र के अनुकूल बनाना और

ग. राष्ट्र रिपोर्ट तैयार करना

सचिव, दिव्यांगजन सशक्तिकरण ने न्यूयार्क में जून, 2017 में आयोजित दिव्यांगजन अधिकार पर संयुक्त राष्ट्र की वार्षिक बैठक में भाग लिया। दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण की दिशा में की गई प्रगति से संयुक्त राष्ट्र निकाय को सूचित कर दिया गया था।

5-3 buPk;ku dVuhfr

चीन सरकार के सहयोग से, यूएनईएससीपीसचिवालय द्वारा आयोजित एशियाई और प्रशांत क्षेत्रों के दिव्यांगजनों का दशक, 2013–2022 की मध्यावधि समीक्षा पर उच्च स्तरीय अंतर सरकार बैठक बीजिंग में 22 नवंबर–01 दिसम्बर, 2017 तक आयोजित की गई। माननीय मंत्री सामाजिक न्याय और अधिकारिता की अध्यक्षता में एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने भी उक्त बैठक में भाग लिए। बैठक को यूनेस्कॉप के विभिन्न सदस्य और सहयोगी सदस्य देशों अर्थात, आस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, भूटान, ब्रुनेई, दारूसलाम, कंबोडिया, चीन, फिजी, हांगकांग, इंडोनेशिया, ईरान, किर्गिस्तान, लाओस, म्यांमार, नौरू, न्यू कैलेडोनिया, पाकिस्तान, फिलिपिन, दक्षिण कोरिया, रूस संघ, समोआ, सिंगापुर, श्रीलंका, तजाकिस्तान, थाईलैड, तिमोर–लेस्ते और तुर्की द्वारा भाग लिया गया। बैठक ने इनचियोन कूटनीति को कार्यान्वित करने में एशिया और प्रशांत दशक के प्रथम पूर्वार्द्ध में एशिया और प्रशांत क्षेत्र में प्रत्येक सदस्य देश द्वारा की गई क्षेत्रीय उन्नति की समीक्षा की और उभरती हुई चुनौतियों का सामना करने के लिए ''वास्तविकता को धरातल पर उतारने'' की इनचयोन कूटनीति के परिणामों को लैवरजिंग द्वारा राष्ट्रीय अपंगता–समावेशी विकास पर फोकस और काम करते हुए भविष्य के लिए एक रोड मैप की भी समीक्षा की।

डॉ. थावरचंद गहलोत, माननीय मंत्री जी ने बीजिंग में 27 नवंबर, 2017 को आयोजित एशियाई और प्रशांत क्षेत्रों के दिव्यांगजनों का दशक, 2013–2022 की मध्यावधि समीक्षा पर उच्च स्तरीय अंतर सरकार बैठक की शोभा बढ़ाई।

डॉ. थावरचंद गहलोत, माननीय मंत्री, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने बीजिंग में 27 नवंबर, 2017 को आयोजित एशियाई और प्रशांत क्षेत्रों के दिव्यांगजनों का दशक, 2013–2022 की मध्यावधि समीक्षा पर उच्च स्तरीय अंतर सरकार बैठक में इनचयोन कूटनीति ''वास्तविकता को धरातल पर उतारने'' पर भाषण देते हुए।

6 अध्याय सांविधिक निकाय एवं उनकी गतिविधियां

6-1 fn0;kxtu e[; vk;qDRk ¼lhlhihMh½

6-1-1 flgkoykdu

मुख्य आयुक्त का कार्यालय, दिव्यांगजन की स्थापना, पूर्ववर्ती निशक्त (समान अवसर, अधिकार संरक्षण और पूर्ण भागीदारी) अधिनियम, 1995 की धारा 57(1) के अंतर्गत की गयी है और यह दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 की धारा 47 के तहत कार्य कर रहा है। मुख्य आयुक्त को दिव्यांगों के लिए राज्य आयुक्तों के कार्य का समन्वय, केन्द्रीय सरकार द्वारा संवितरित निधियों के उपयोग पर निगरानी और दिव्यांगों के अधिकारों तथा उन्हें प्रदान की गई सुविधाओं के संरक्षण के लिए उपाय करने के कार्य सौंपे गए हैं।

मुख्य आयुक्त अपनी स्वप्रेरणा से अथवा किसी व्यथित व्यक्ति के आवेदन पर अथवा अन्यथा दिव्यांगजनों के अधिकारों के हरण अथवा दिव्यांगजनों के कल्याण और अधिकारों की सुरक्षा के लिए बनाए या जारी किए गए नियमों, उप नियमों, विनियमों, कार्यकारी आदेशों, दिशानिर्देशों या अनुदेशों इत्यादि के कार्यान्वयन नहीं करने से संबंधी शिकायतों की जांच करते हैं और संबंधित प्राधिकारियों से मामले को उठाते हैं। दिव्यांगजनों के मुख्य आयुक्त इस तरह की किसी भी गैर अनुपालन की अपनी ओर से भी नोटिस ले सकते हैं और संबंधित प्राधिकारी से मामले को उठा सकते हैं। दिव्यांगजनों के लिए मुख्य आयुक्त को अपना कार्य प्रभावी ढंग से करने में सक्षम बनाने के लिए एक सिविल कोर्ट की कतिपय शक्तियां दी गयी हैं।

आयुक्त का कार्यालय दिव्यांगजनों के विवादों का निपटारा करने के लिए एक सुलभ और उपयुक्त स्थान है। मुख्य आयुक्त के सामने अधिकतर कार्रवाई रोजगार, पदोन्नति अथवा सेवा से संबंधित मामलों के होते हैं। याचिकाकर्ताओं को जो राहत प्रदान की जाती है उसमें उनके नौकरियों में पुनः वापसी के दिशा–निर्देश और उनके अधिष्ठापनों को यह सलाह दी जाती है कि दिव्यांगजनों के विरूद्ध भेदभाव न किया जाए, शामिल हैं। 2017–18 के दौरान दिव्यांगजनों के मुख्य आयुक्त कार्यालय मे 35,255 मामलों को पंजीकृत किया गया और दिसम्बर 2017 के अंत तक 33,526 मामलों का निपटारा कर दिया गया। 1729 मामले प्रक्रियाधीन हैं।

मुख्य आयुक्त दिव्यांगजन ने 17–18 मई 2017 में विज्ञान भवन, नई दिल्ली में एक बैठक बुलाई जिसमें राज्यों के दिव्यांगजन विभागों ने भाग लिया। उन्हें दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के विविध प्रावधानों और केन्द्रीय स्कीमों और कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। राज्य आयोगों से यह अनुरोध किया गया कि वे दिव्यांगजनों के अधिकारों का संरक्षण और उनके संवर्धन के लिए कार्य करें और राज्य के विभिन्न विभागों की निगरानी करें।

17–18 मई, 2017 को सीसीपीडी के कार्यालय द्वारा आयोजित राज्य आयुक्तों की 15वीं राष्ट्रीय समीक्षा बैठक का उद्घाटन माननीय मंत्री, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता ने किया।

6-2 v,fVTe] çefLr"d vix?kkr] ekufld enrk vkj cgfodykxrkvk l xLr O;fDRk;k d dY;k.kkFk jk"Vh; U;kl

6-2-1 çLrkouk%

राष्ट्रीय न्यास की स्थापना दो मूलभूत कर्तव्यों– विधिक और कल्याण को निभाने के लिए की गई है। विधिक कर्तव्य स्थानीय स्तर समिति के माध्यम से और विधिक अभिभावकत्व प्रदान करके निभाए जाते हैं। कल्याण कर्तव्य स्कीमों के माध्यम से निभाएं जाते हैं। राष्ट्रीय न्यास की गतिविधियों में अन्य बातों के साथ–साथ प्रशिक्षण, जागरूकता और क्षमता निर्माण कार्यक्रम तथा आश्रय, देख–रेख प्रदान करना एवं सशक्तिकरण शामिल हैं। राष्ट्रीय न्यास, अधिनियम के अंतर्गत दिव्यांगजन को समान अवसर प्रदान करने, अधिकारों का संरक्षण करने और पूर्ण भागीदारी में सहयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है।

6-2-1-1 lxBuk dk ithdj.k&

राष्ट्रीय न्यास स्वैच्छिक संगठन, दिव्यांगजनों के संघ और दिव्यांगजनों के माता–पिता के संघ को पंजीकरण प्रदान करता है। नई स्कीम प्रबंधन प्रणाली में देश में राष्ट्रीय न्यास के लगभग 682 पंजीकृत संगठन हैं।

6-2-1-2 LFkkuh; Lrj lfefr

राष्ट्रीय न्याय अधिनियम के अंतर्गत, एक स्थानीय स्तर समिति देश के प्रत्येक जिले में तीन वर्ष की अवधि के लिए

अथवा जब तक बोर्ड द्वारा इसका पुनर्गठन नहीं किया जाता, गठित की जानी अपेक्षित है जिसमें निम्नलिखित सदस्य होंगेः–

- संघ या राज्य की सिविल सेवा का एक अधिकारी जो जिला मजिस्ट्रेट या किसी जिले के जिला आयुक्त के रैंक से नीचे का नहीं हो।
- राष्ट्रीय न्यास के पास पंजीकृत किसी संगठन का एक प्रतिनिधि और
- निःशक्तजन अधिनियम, 1995 (1996 का 1) की धारा 2 के खंड (न) में यथापरिभाषित दिव्यांगजन

स्थानीय स्तर समिति का कार्य विधिक संरक्षकों की जांच, नियुक्ति और निगरानी करना है। स्थानीय स्तर समिति जागरूकता सृजन, अभिसरण और दिव्यांगजनों को मुख्यधारा में शामिल किए जाने जैसी गतिविधियों को भी प्रोत्साहित करती है। अभी तक, देश के लगभग सभी जिलों (जम्मू और कश्मीर राज्य को छोड़कर) को शामिल करते हुए 680 स्थानीय स्तर समितियां गठित की जा चुकी है।

6-2-1-3 fof/kd lajf{kdk dh fu;qfDr

राष्ट्रीय न्यास अधिनियम, 1999 की धारा 14–17 स्थानीय स्तर समिति द्वारा ऑटिज्म, सेरेब्रल पाल्सी, मानसिक मंदता और बहुविकलांगता से ग्रस्त व्यक्तियों को दिए जाने वाले संरक्षण की व्याख्या करती है। संरक्षण एक आवश्यकता आधारित समर्थकारी प्रावधान है। संरक्षण निम्नलिखित प्रयोजनों के लिए प्रदान किया जाता है–

1. अनुरक्षण और आवासीय देखभाल
2. अचल संपत्ति का प्रबंधन
3. चल संपत्ति का प्रबंधन
4. कोई अन्य

6--2-1-4 jkT; uksMy ,tsalh dsUæ ¼,l,u,lh½

राज्य स्तर पर इस स्कीम की प्रभावी कार्यान्वयन सहित, राष्ट्रीय न्यास की गतिविधियों के कार्यान्वयन और राज्य सरकारों के साथ समन्वय करने एवं संपर्क बनाने के लिए प्रत्येक राज्य की राजधानी में एक प्रतिष्ठित एनजीओ को राज्य नोडल अभिकरण केंद्र (एसएनएसी) के रूप में नियुक्त किया जाता है। वर्तमान में पूरे देश में 34 एसएनएसी हैं और इसकी सूची हमारे वेबसाइट लिंक http://www.thenationaltrust.gov.in/content/registered_organization.php पर दी गई है। राष्ट्रीय न्यास, संस्थातगत गतिवधियां चलाने, यथा ट्रस्ट की स्कीमों के बेहतर कार्यान्वयन के लिए पंजीकृत संगठनों के साथ बैठक करने, अन्य, एनजीओ के साथ नेटवर्क बनाने और स्थानीय स्तर समितियों और राज्य स्तरीय समन्वय समितियों इत्यादि के साथ बैठक, के लिए निधि प्रदान करता है।

वर्ष 2017–18 के दौरान 31.12.2017 तक 40,64,312/– रूपए की राशि एसएनएसी को जारी की गई है।

6-2-1-5 jkT; Lrj leUo; lfefr ¼,l,y lh lh½

राष्ट्रीय न्यास स्कीम के प्रभावी कार्यान्वयन एवं निगरानी के लिए प्रत्येक राज्य / संघ राज्य क्षेत्र सरकारों को राज्य स्तरीय

समन्वय समिति गठित करने का अनुरोध किया गया है। विकलांगता संबंधी कार्य की देखरेख करने वाले राज्य सचिव इस समिति के अध्यक्ष होते हैं और संबंधित एसएनएसी इसके संयोजक होते हैं। अबतक 26 राज्यों / संघ राज्य क्षेत्रों में एसएलसीसी का गठन कर दिया गया है।

6-2-2 jk"Vh; U;kl dh fofHkUu Ldhek ,o dk;Øek d vrxr e[; xfrfof/k;k %&

(i) दिशा (शीघ्र हस्तक्षेप और 0–10 वर्ष के लिए विद्यालय तैयारी स्कीम)– यह राष्ट्रीय न्यास के अंतर्गत शामिल चार निःशक्तताओं वाले 0–10 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों के लिए एक शीघ्र हस्तक्षेप और विद्यालय तैयारी स्कीम है और इसका उद्देश्य उपचारों, प्रशिक्षणों के माध्यम से दिव्यांगजनों के लिए शीघ्र हस्तक्षेप हेतु दिशा केन्द्रों की स्थापना करना और उनके परिवार के सदस्यों को सहायता प्रदान करना है। आरओ द्वारा आयु विशिष्ट गतिविधियों के साथ–साथ दिन में कम से कम 4 घंटे (पूर्वाह्न 8 बजे से अपराह्न 6 बजे के बीच) दिव्यांगजनों के लिए दिवस–देखभाल सुविधाएं प्रदान की जानी चाहिए। केन्द्र में देखभालकर्ता और आयाओं के अलावा दिव्यांगजनों के लिए एक विशेष शिक्षक या शीघ्र हस्तक्षेप उपचारकर्ता, फीजियोथेरेपिस्ट या ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट और परामर्शदाता होने चाहिए।स्कीम के तहत एककालिक स्थापना निधि अनुदान 1.55 लाख रूपए और मासिक अनुदान 45 हजार रूपए प्रति दिव्यांग है तथा अधिकतम एक हजार रूपए तक मासिक यातायात भत्तों के साथ प्रति पात्र लाभार्थी को लाभ प्रदान किया जाता है।

इसमें 115 दिशा केन्द्र हैं जिनमें 6,74,69,663/–रूपए जारी किए गए हैं। इसमें 20 केन्द्रों की स्वीकृति और 2017–18 के दौरान 31.12.2017 तक 3,11,41,611/–रूपए की निर्मुक्ति शामिल है।

o"k	fn'kk ¼'kh?k gLr{ki vkj 0&10 o"k d fy, fo|ky; r;kjh Ldhe½			
	(लाख रूपए में)			
	vkjbl	0;;	Yk{;	miyfC/k
2015-16	45.00	51.15	45.00	51.15
2016-17	354.40	312.13	354.40	312.13
2017-18 (31-12-17 तक)	500.00	311.41	500.00	311.41
dy	899.40	674.69	899.40	674.69

(ii) fodkl ¼fnol&n[kHkky½ – यह दिव्यांगजनों के लिए, जब कि वे उच्चतर आयु वर्गों में शामिल होने की स्थिति में हों, अंतर्वैयक्तिक और व्यावसायिक कौशलों को बढ़ाने हेतु मुख्यतया उन्हें उपलब्ध अवसरों के दायरे को बढ़ाने के लिए एक दिवस–देखभाल स्कीम है। जिस समय के दौरान दिव्यांगजन विकास केन्द्र में होंगे, केन्द्र उन्हें दिवस–देखभाल सहायता भी प्रदान करेगा। इसके अलावा, यह राष्ट्रीय न्यास अधिनियम के अंतर्गत आने वाले दिव्यांगजनों के परिवार के सदस्यों को अन्य जिम्मेवारियों को पूरा करने के लिए दिन के दौरान कुछ समय प्रदान करने के लिए समर्थन देने में भी मदद करता है। परियोजना धारक द्वारा आयु विशिष्ट गतिविधियों के साथ–साथ दिन में कम से कम 6 घंटे (पूर्वाह्न 8 बजे से अपराह्न 6 बजे के बीच) दिव्यांगजनों के लिए दिवस–देखभाल सुविधाएं प्रदान की जानी चाहिए। दिवस–देखभाल सुविधा एक माह में कम से कम 21 दिन खुली होनी चाहिए। स्कीम के

तहत एककालिक स्थापना निधि का अनुदान 1.95 लाख रूपए और मासिक अनुदान 3850/–रूपए प्रति दिव्यांग है तथा अधिकतम एक हजार रूपए तक मासिक यातायात भत्तों के साथ प्रति पात्र लाभार्थी को लाभ प्रदान किया जाता है।

इसमें 124 केन्द्र हैं जिनमें 10,93,99,881/–रूपए जारी किए गए हैं। इसमें 17 केन्द्रों की स्वीकृति और 2017–18 के दौरान 31.12.2017 तक 4,14,10,650/–रूपए की निर्मुक्ति शामिल है।

o"kZ	fodkl ¼10+o"kZ dh fy, fnol ns[kHkky Ldhe½			
	(लाख रूपए में)			
	vkjbZ	0;;	Yk{;	miyfC/k
2015-16	35.00	52.65	35.00	52.65
2016-17	678.80	627.24	678.80	627.24
2017-18 (31-12-17 तक)	900.00	414.10	900.00	414.10
dqy	1613.80	1093.99	1613.80	1093.99

(iii) leFkZ ¼jkgr ns[kHkky½– समर्थ स्कीम का उद्देश्य अनाथों या परित्यक्तों, संकट में फंसे परिवारों तथा साथ ही राष्ट्रीय न्यास अधिनियम के दायरे में आने वाले निराश्रितों समेत गरीबी रेखा से नीचे के एवं निम्न आय वर्ग के परिवारों से संबंधित दिव्यांगोंको राहत गृह प्रदान करना है। यह परिवार के सदस्यों के लिए भी अवसरों के सृजन का उद्देश्य रखती है ताकि उन्हें अन्य जिम्मेवारियों को पूरा करने के लिए राहत समय मिल सके। यह स्कीम सभी आयु वर्गों के लिए, पेशेवर चिकित्सकों द्वारा मूलभूत चिकित्सा देखभाल के उपबंध समेत स्वीकार्य जीवन स्तरों के साथ पर्याप्त और गुणवत्तापूर्ण देखभाल सेवा वाली सामूहिक गृह सुविधा प्रदान करने हेतु समर्थ केन्द्रों की स्थापना करने का भी उद्देश्य रखती है।कार्यकेन्द्र का भी प्रावधान है। प्रति लाभार्थी मासिक अनुवर्ती अनुदान 7,000/–रूपए है।

इसमें 45 समर्थ केन्द्र हैं जिनमें 5,62,32,414/–रूपए जारी किए गए हैं। इसमें 11 केन्द्रों की स्वीकृति और 2017–18 के दौरान 31.12.2017 तक 2,72,97,935/–रूपए की निर्मुक्ति शामिल है।

o"kZ	leFkZ ¼jkgr vkoklh; ns[kHkky Ldhe½			
	(लाख रूपए में)			
	vkjbZ	0;;	Yk{;	miyfC/k
2015-16	50.00	40.60	50.00	40.60
2016-17	254.01	248.74	254.01	248.74
2017-18 (31-12-17 तक)	500.00	272.98	500.00	272.98
dqy	804.01	562.32	804.01	562.32

(iv) ?kjkSank ¼O;Ldk gsrq lkefgd x`g½ – घरौंदा स्कीम का उद्देश्य ऑटिज्म, प्रमस्तिष्क अंगघात, मानसिक मंदता और बहुविकलांगताओं वाले व्यक्तियों को एक सुनिश्चित गृह और पेशेवर चिकित्सकों द्वारा मूलभूत चिकित्सा देखभाल के उपबंध समेत स्वीकार्य जीवन स्तरों के साथ पर्याप्त और गुणवत्तापूर्ण देखभाल सेवा वाली न्यूनतम देखभाल सुविधाएं प्रदान करना है। घरौंदा केन्द्र द्वारा व्यावसायिक गतिविधियां, पूर्व–व्यावसायिक गतिविधियां और आगे प्रशिक्षण के लिए सहायता प्रदान की जानी चाहिए।

इसके अलावा, 2.90 लाख रूपये की एककालिक स्थापना निधि के अलावा 10 हजार प्रति दिव्यांगजन की मासिक अनुवर्ती अनुदान, 10 लाख रूपये की संकट निधि और 25,000 से 1,00,000 रूपये तक की कार्य केन्द्र स्थापना हेतु निधि होगी।

इसमें 50 घरौंदा केन्द्र हैं जिनमें 7,55,21,999/– रूपए जारी किए गए हैं। इसमें 14 केन्द्रों की स्वीकृति और 2017–18 के दौरान 31.12.2017 तक 3,54,21,999/–रूपए की निर्मुक्ति शामिल है।

o"kZ	?kjkSank ¼O;Ldk gsrq lkefgd x`g½			
	(लाख रूपए में)			
	vkjbZ	0;;	Yk{;	miyfC/k
2015-16	30.00	34.80	30.00	34.80
2016-17	309.00	366.20	309.00	366.20
2017-18 (31-12-17 तक)	600.00	354.21	600.00	354.21
dqy	939.00	755.21	939.00	755.21

(v) fujke;* LokLF; chek Ldhe– यह स्कीम ऑटिज्म, प्रमस्तिष्क अंगघात, मानसिक मंदता और बहुविकलांगताओं वाले व्यक्तियों को वहनीय स्वास्थ्य बीमा प्रदान करने के लिए है। नामांकित लाभार्थी मामूली शुल्क अदा करके एक लाख रूपए तक स्वास्थ्य बीमा कवर प्राप्त करते हैं। प्रगति का विवरण निम्नानुसर हैः–

o"kZ	fujke;* LokLF; chek Ldhe			
	(लाख रूपए में)			
	vkjbZ	0;;	Yk{;	miyfC/k
2015-16	508.00	574.43	508.00	574.43
2016-17	507.23	463.31	507.23	463.31
2017-18 (31-12-17 तक)	600.00	461.62	600.00	461.62
dqy	1615.23	1499.36	1615.23	1499.36

vi) lg;kxh ¼n[kHkky drkZ çf'k{k.k Ldhe½–इस योजना का उद्देश्य दिव्यांगजनों और उनके परिवारों को, जिन्हें देखभाल की आवश्यकता होती है, पर्याप्त और पोषक देखभाल प्रदान करने के लिए देखभालकर्ताओं को प्रशिक्षण प्रदान करने और एक इनका एक कौशलयुक्त कार्यबल बनाने हेतु देखभालकर्ता प्रकोष्ठों (सीजीसी) की स्थापना करना है। यह माता–पिताओं को, यदि वे चाहें, देखभाल करने के कार्य में प्रशिक्षित होने का अवसर प्रदान करने का भी प्रयास करता है। यह स्कीम ऐसे देखभालकर्ताओं को बनाने के लिए, जो दिव्यांगजनों के परिवारों तथा दिव्यांगजनों की जरूरतों को पूरा करने वाली अन्य संस्थाओं (गैर–सरकारी संगठनों, कार्य केन्द्रों इत्यादि) दोनों के साथ कार्य कर सकने लायक हों, प्राथमिक और उच्च दो स्तर के पाठ्यक्रमों के माध्यम से प्रशिक्षण का विकल्प प्रदान करेगी।

प्राथमिक पाठ्यक्रम के लिए 4,200 प्रति प्रशिक्षक की और उच्च पाठ्यक्रम के लिए 8,000 रूपये की प्रशिक्षण लागत का प्रावधान है। साथ ही, इस स्कीम में प्राथमिक के लिए 5000 रूपये और उच्च पाठ्यक्रम के लिए 10,000 रूपये की दर से प्रशिक्षुओं हेतु अध्येतावृत्ति को भी लागू किया गया है।

इसमें 56 सहयोगी केन्द्र स्वीकृत किए गए हैं और 1,41,57,750/–रूपए की राशि जारी की गई है। इसमें 17 केन्द्रों की संस्तुति और 31.12.2017 तक 2017–18 के दौरान 94,75,750/–रूपए की जारी राशि शामिल है। प्रगति का विवरण निम्नानुसार हैः–

o"kZ	lg;kxh ¼n[kHkky drkZ çf'k{k.k Ldhe½			
	(लाख रूपए में)			
	vkjbZ	0;;	Yk{;	miyfC/k
2015-16	2.00	0	2.00	0
2016-17	55.00	46.82	55.00	46.82
2017-18 (31-12-17 तक)	100.00	94.75	100.00	94.75
dqy	157.00	141.57	157.00	141.57

vii) ज्ञान प्रभा (शैक्षिक सहायता)– ज्ञान प्रभा स्कीम ऑटिज्म, सेरेब्रल पाल्सी, मानसिक मंदता और बहुविकलांगताओं वाले लोगों को स्नातक पाठ्यक्रमों, पेशेवर पाठ्यक्रमों और व्यावसायिक प्रशिक्षणों का, जिनसे रोजगार या स्वरोजगार मिलता है, अनुसरण करने के लिए प्रोत्साहित करती है। राष्ट्रीय न्यास दिव्यांगजन को प्रति पाठ्यक्रम एक विशिष्ट धनराशि प्रदान करेगा जिसके अंतर्गत सामान्यतया शुल्क, परिवहन, पुस्तकें, स्वयं वहनीय खर्च (ओपीई) इत्यादि आएंगे।

इस स्कीम के तहत बहुत से पाठ्यक्रम शामिल किए गए हैं। स्कीम में पाठ्यक्रम शुल्क परिवहन, पुस्तकें, स्वयं वहनीय खर्च सहित विशिष्ट पाठ्यक्रमों के लिए नियत आवर्ती राशि होगी। इसके अतिरिक्त, 20,000 रूपये प्रतिवर्ष प्रतिव्यक्ति की उच्चतम सीमा तक परिवहन भत्ता होगा।

इस स्कीम के तहत 12 दिव्यांगजनों को 5,38,435/– रूपए की निर्मुक्ति किए गए हैं। इसमें 2017–18 के दौरान 31.12.2017 तक 4 दिव्यांगजनों को दी गई 3,34,906/–रूपए की राशि शामिल है। प्रगति का विवरण निम्नानुसार हैः–

o"k	Kku çHkk ¼'kf{kd lgk;rk½			
				(लाख रूपए में)
	vkjb	0;;	Yk{;	miyfC/k
2015-16	1.00	0.30	1.00	0.30
2016-17	2.13	1.73	2.13	1.73
2017-18 (31-12-17 तक)	10.00	3.35	10.00	3.35
dy	13.13	5.38	13.13	5.38

viii) çj.kk (विपणन सहायता) – प्रेरणा राष्ट्रीय न्यास की एक विपणन सहायता स्कीम है जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय न्यास अधिनियम के अंतर्गत आने वाले दिव्यांगजनों द्वारा बनाए गए उत्पादों और सेवाओं के विक्रय के लिए व्यवहार्य और व्यापक चौनलों का सृजन करना है। यह स्कीम दिव्यांगजनों द्वारा बनाए गए उत्पादों को बेचने के लिए प्रदर्शनियों, मेलों, इत्यादि जैसे आयोजनों में भाग लेने के लिए निधियां प्रदान करने का लक्ष्य रखता है। यह स्कीम दिव्यांगजनों द्वारा बनाए गए उत्पादों के विक्रय टर्नओवर के आधार पर पंजीकृत संगठनों (आरओ) को प्रोत्साहन भी प्रदान करती है। राष्ट्रीय न्यास दिव्यांगजनों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों और सेवाओं के विपणन और विक्रय के लिए मेलों, प्रदर्शनियों, इत्यादि जैसे राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर के आयोजनों में आरओ की प्रतिभागिता के लिए निधियां प्रदान करेगा। किंतु, इन कार्य केन्द्रों के कम से कम 51 प्रतिशत कर्मचारी राष्ट्रीय न्यास अधिनियम के अंतर्गत आने वाले दिव्यांगजन होने चाहिए।

योजना को 6 पंजीकृत संगठनों के लिए स्वीकृत किया गया है। इसमें 2017–18 के दौरान 31.12.2017 तक स्वीकृत किए गए 4 पंजीकृत संगठन शामिल हैं।

ix) lEHkko (सहायक यंत्र और सहायक डिवाइसें)– यह युक्तियों के प्रदर्शन के प्रावधान के साथ विकसित सहायताओं, सॉफ्टवेयर तथा अन्य प्रकार की सहायक युक्तियों की तुलना और संग्रहण करने के लिए 5 मिलियन से अधिक जनसंख्या वाले (2011 की जनगणना के अनुसार) देश के प्रत्येक नगर में एक–एक अतिरिक्त संसाधन केन्द्र स्थापित करने की स्कीम है। इस स्कीम में, राष्ट्रीय न्यास के वेबसाइट पर, संभव केन्द्र पर उपलब्ध सहायताओं और सहायक युक्तियों से संबंधित सूचनाओं का रखरखाव किया जाना भी शामिल है। इन केन्द्रों का लक्ष्य राष्ट्रीय न्यास की निःशक्तताओं वाले दिव्यांगजनों की खुशहाली और सशक्तिकरण के लिए सूचनाएं प्रदान करना और युक्तियों, उपकरणों, सहायताओं, सॉफ्टवेयर इत्यादि को आसानी से उपलब्ध कराना है। पूर्व में, दिल्ली में एक गैर–सरकारी संगठन को संभव केन्द्र चलाने के लिए पहचाना गया था। अब, इसे स्कीम में परिवर्तित कर दिया गया है।

अभी कुछ समय पहले दिल्ली में एक एनजीओ सम्भाव केन्द्र चलाने के लिए अभिज्ञात किया गया था। अब यह स्कीम में परिवर्तितकिया गया है।

x) c<+r dne (जागरूकता और सामुदायिक विचार–विमर्श)– यह स्कीम राष्ट्रीय न्यास के पंजीकृत संगठनों (आरओ) को ऐसी गतिविधियां करने में मदद करेगी जो राष्ट्रीय न्यास विकलांगताओं के संबंध में जागरूकता बढ़ाने पर केन्द्रित हों। स्कीम का उद्देश्य सामुदायिक जागरूकता बढ़ाना, संवेदीकरण, दिव्यांगजनों का सामाजिक एकीकरण और उन्हें मुख्य धारा में शामिल करना है। राष्ट्रीय न्यास प्रति वर्ष प्रत्येक आरओ के लिए अधिकतम 4 आयोजन को

प्रायोजित कर सकता है। स्कीम दिव्यांगों के बेहतर गुणवत्तापूर्ण जीवन के लिए लाभदायक किसी नूतन परियोजना की भी शुरूआत को भी सहायता प्रदान करती है।

इसमें 124 आरओ स्कीम में पंजीकृत किए गए है जिसमें कुल व्यय 79,34,434/— रूपए जारी किए गए हैं। इसमें 21 आरओ को प्रदान की गई स्वीकृति शामिल है और 2017—18 से 31.12.2017 तक जारी की गई 10,06,341/— रूपए की जारी राशि शामिल है। प्रगति का विवरण निम्नानुसार हैः—

o"kZ	c<rh dne ¼tkx:drk vkj lkeqnkf;d fopkj&foe'kZ½			
				(लाख रूपए में)
	vkjbZ	0;;	Yk{;	miyfC/k
2015-16	10.00	5.35	10.00	5.35
2016-17	73.60	63.93	73.60	63.93
2017-18 (31-12-17 तक)	100.00	10.06	100.00	10.06
dqy	183.60	79.34	183.60	79.34

vU; xfrfof/k;ka

(i) **vkWfVTke ij jk"Vªh; lEesyu** :—ऑटिजम से प्रभावित व्यक्ति अपने जीवन के विविध क्षेत्रों में चुनौतियों का सामना करते हैं। अतः कई देशों में लोगों को ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिस्ऑर्डर (एएसडी) के बारे में शिक्षित करने और ऑटिज्म के बारे में जागरूकता पैदा करने के बड़े स्तर पर पहलें की गई है। 2007 में संयुक्त राष्ट्र आम सभा ने 2 अप्रैल को विश्व ऑटिज्म दिवस (डब्ल्यूएडी) घोषित किया और 2008 से 2 अप्रैल को संपूर्ण विश्व में ऑटिजम जागरूकता दिवस के रूप में मनाया जाता है ताकि आम लोगों में ऑटिजम के प्रति जागरूकता पैदा हो सके।

सम्मेलन को मनाने के लिए, राष्ट्रीय न्यास ने विज्ञान भवन के प्लीनरी हॉल, नई दिल्ली में 03.04.2017 को ऑटिज्म पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन का उद्घाटन श्री थावरचंद गहलोत, माननीय मंत्री सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने श्री रामदास अठावले और श्री कृष्णपाल गुर्जर, राज्य मंत्री, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, वरिष्ठ केन्द्र और राज्य सरकार के अधिकारियों, सिविल सोसायटी के प्रतिनिधियों और ऑटिजम से ग्रस्त व्यक्तियों के माता—पिता की उपस्थिति में किया। 1200 से अधिक लोगों ने इस सम्मेलन में भाग लिया। इस अवसर पर ऑटिजम पर जागरूकता फैलाने के लिए राष्ट्रीय न्यास और रोटरी कल्ब के बीच में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए और उनका आदान—प्रदान किया गया और राष्ट्रीय न्यास के तीन प्रकाशनों—''ए विन्डो टू ऑटिजम'', ''ऑटिजम—द फैक्ट्स'' और ''नेशलन ट्रस्ट्स स्कीम बुक'' विमोचित की गई।

¼ii½ **jk"Vªh; U;kl dh ^^lekos'kh Hkkjr igy^^ dh 'kq:vkr**

राष्ट्रीय न्यास की ''समावेशी भारत पहल'' को 06 जून, 2017 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में शुरू किया गया। दिव्यांगजनों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (यूएनसीआरपीडी), सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) और दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के लक्ष्यों के साथ पहल का उद्देश्य विद्यालयों, महाविद्यालयों, सामुदायिक

डॉ. थावरचंद गहलोत, माननीय मंत्री सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने श्री रामदास अठावले और श्री कृष्णपाल गुर्जर, राज्य मंत्री, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा 03.04.2017 को ऑटिज्म पर पुस्तकों का विमोचन।

डॉ. थावरचंद गहलोत, माननीय मंत्री सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा श्री राजीव प्रताप रूड़ी, तात्कालिक राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय, श्री विजय गोयल, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभारी), युवा मामले और खेल मंत्रालय और श्री अमिताभ कांत, सीईओ, नीति आयोग की उपस्थिति में समावेशी भारत पहल के विजन दस्तावेज का विमोचन।

स्थलों और कार्यस्थलों पर ऑटिजम, प्रमस्तिष्क अंगघात, मानसिक मन्दता और बहु अपंगता से ग्रस्त व्यक्तियों की पूर्ण सहभागिता को सुनिश्चित करवाना है। समावेशी भारत स्कीम में चुने गए 03 तत्व हैं : समावेशी शिक्षा, समावेशी रोजगार और समावेशी सामुदायिक जीवन।

देश में समावेशी भारत पहल को बढ़ावा देने के लिए बहुत सारे कार्यक्रम और वर्कशॉप्स आयोजित किए जा रहे है, जिनमें शामिल हैं,

क. देश के 18 स्थानों नामतः दिल्ली, बैगलुरू, गुनतुर, जोरहट, मुंबई, हैदराबाद, कोलकाता, कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम, वाराणसी, पटना, रायगढ़, अहमदाबाद, उदयपुर, धनबाद, भोपाल, भुवनेश्वर और होशियारपुर में 13.08.2017 को समावेशी स्वतंत्रता दिवस का आयोजन।

डॉ. थावरचंद गहलोत, माननीय मंत्री सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, श्री कृष्णपाल गुर्जर, राज्य मंत्री, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, श्रीमती मीनाक्षी लेखी, सांसद, नई दिल्ली और श्री के.के.शर्मा, महानिदेशक, सीमा सुरक्षा बल, नेहरू पार्क, नई दिल्ली में समावेशी स्वतंत्रता दिवस आयोजन में।

ख. समवावेशी भारत समिट विज्ञान भवन, नई दिल्ली में 12 सितम्बर 2017 को आयोजित किया गया जिसमें डॉ. थावरचंद गहलोत, माननीय मंत्री सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, श्रीमती स्मृति ईरानी, माननीया मंत्री, सूचना और प्रसारण और वस्त्र, श्री कृष्णपाल गुर्जर, राज्य मंत्री, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, श्री विनय सहस्त्राबुद्धे, माननीय सांसद, राज्यसभा और सुश्री ईरा सिंघल, 2014 की यूपीएससी की टॉपर और इस

विभाग की बांड अम्बेस्डर ने शिरकत की :श्री विवेक ऑबराय, सिने अभिनेता, श्री यूरी अफनासिएव, यूएन रेजिडेंट को–ऑर्डिनेटर, श्रीमती दीपा मलिक 2016 की पैरा ओलम्पिक चैम्पियन, श्री शेखर नाईक, भारतीय नेत्रहीन क्रिकेट टीम, श्री मुजफ्फर अली, भारतीय फिल्म मेकर और कवि ने भाग लिया।

डॉ. थावरचंद गहलोत, माननीय मंत्री सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, श्रीमती स्मृति ईरानी, माननीया मंत्री, सूचना और प्रसारण और वस्त्र, श्री कृष्णपाल गुर्जर, राज्य मंत्री, सामाजिक न्याय और सशक्तीकरण मंत्रालय, श्री विनय सहस्त्राबुद्धे, माननीय सांसद, राज्यसभा 12 सितम्बर 2017 को समावेशी भारत समिट के दौरान।

6-3 Hkkjrh; iqukl ifj"kn ¼vkj lhvkb½

भारतीय पुनर्वास परिषद को शुरु में 31 जुलाई, 1986 के संकल्प संख्या 22–17/83 –एच डब्ल्यू–III के तहत सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 का XXI के अंतर्गत स्थापित किया गया था। संसद में पारित एक अधिनियम नामतः भारतीय पुनर्वास परिषद अधिनियम, 1992(1992 की सं. 34) दिनांक 1 सितंबर, 1992 के द्वारा इसे संवैधानिक दर्जा दिया गया। वर्ष 2000 में (2000 का सं. 38) इस अधिनियम को अधिक व्यापक आधार वाला बनाने के लिए इसमें संशोधन किया गया। परिषद पुनर्वास और विशेष शिक्षा के क्षेत्र में व्यावसायिकों व कार्मिकों के प्रशिक्षण कार्यक्रमों को विनियमित और मॉनीटर करने एवं पुनर्वास और विशेष शिक्षा में अनुसंधान को बढ़ावा देने और केन्द्रीय पुनर्वास रजिस्टरर के रखखाव के लिए जिम्मेवार है।

ifj"kn dh çeq[k xfrfof/k;k

I. (क) वर्ष के दौरान निम्नलिखित नए पाठ्यक्रमों को अनुमोदित और शुरू किया गया :–

(क). बीपीओ कन्डेंस्ड पाठ्यक्रम (दो वर्ष की अवधि के साथ अंशकालिक)

(ख). 6 माह की अवधि के ब्रीज पाठ्यक्रम (प्रोस्थेटीक और ऑर्थोटीक्स)

(ग). बी. एड स्पेशल एजुकेशन और एम. एड स्पेशल एजुकेशन–(समेकित) (विशेष अधिगम अशक्तता)

(घ). बी. एड स्पेशल एजुकेशन और एम. एड स्पेशल एजुकेशन – (समेकित) (बौद्धिक अशक्तता)

(ड़) मास्टर डिग्री कार्यक्रम, नामतः एम.एस.सी. (स्पीच लैग्वेज पैथोलॉजी)

(ख) परिषद ने इंडियन साईन लैग्वेज कोर्स और स्मार्ट केयर गिवर कोर्स के लिए विशेषज्ञ समिति में बदलाव किया है। डीआईएसएलआई ओर डीटीआईएसएल के विकास के लिए बैठक 22 दिसम्बर 2017 को आयोजित की गई।

(ग) फिलहाल रेगुलर मोड के माध्यम से 60 कोर्स चलाए जा रहे हैं जो आर सी आई को आवंटित व्यवसायिकों/कार्मिकों की 16 श्रेणियों को शामिल करते हैं।

II. 680 संस्थानों और 14 राज्य खुले/खुले विश्वविद्यालयों को आरसीआई से अनुमोदित पाठ्यक्रमों को चलाने का अनुमोदन प्राप्त हुआ है जिसमें सार्टिफिकेट, डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, बैचलर्स, मास्टर्स, एम.फिल और सायको. डी. स्तर शामिल है। वर्ष के दौरान 57 नए संस्थानों को अनुमोदन प्रदान किया गया।

III. केन्द्रीय पुनर्वास रजिस्टर (सीआरआर) में 4990 व्यवसायिकों और 4851 कार्मिकों को पंजीकृत किया गया और सीआरआर में संचयी कुल 31.12.2017 को 1,26,737 पहुंच गया है।

IV. 580 सतत पुनर्वास शिक्षा (सीआरई) कार्यक्रमों को स्वीकृति प्रदान की गई और 232 सेमिनारों/वर्कशॉप्स को सीआरई स्तर प्रदान किया गया है। इसके अलावा, दिव्यांगजन विभाग के तहत कार्य कर रहे राष्ट्रीस संस्थानों को 123 लघु अवधि वाले कार्यक्रमों की स्वीकृति प्रदान की गई है।

V. नेशनल इंस्टीच्यूट फॉर एमपावरमेंट ऑफ परसंस विद मल्टीपल डिस्एबलीटिज, चेन्नई, अली याबर जंग नेशलन इंस्टीच्यूट फॉर स्पीच एण्ड हियरिंग डिस्एबलीटिज, मुंबई, नेशनल इंस्टीच्यूट फॉर एमपावरमेंट ऑफ परसंस विद विजुअल डिस्एबलीटिज, देहरादून और नेशनल इस्टीच्यूट फॉर लोकोमोटर डिस्एबलीटिज, कोलकाता जैसे संस्थानों ने डिपार्टमेंट ऑफ एमपावरमेंट ऑफ परसंस विद डिस्एबलिटिज, सामाजिक न्याय और सशक्तीकरण मंत्रालय के तहत अकादमिक सत्र 2017–18 के लिए पुनर्वास में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीईआर) ने सर्टिफिकेट और डिप्लोमा स्तर के पाठ्यक्रम प्रारंभ किए हैं। 9739 अभ्यर्थियों की एक सूची जो कि सर्टिफिकेट/डिप्लोमा कोर्स के लिए प्राप्त हुई है को पंजीकरण संख्या जारी करने के लिए संबंधित नेशनल इंस्टीच्यूट में परिषद के द्वारा भेज दी गई है।

VI. केन्द्रीय और राज्य सरकारों, स्थानीय निकायों और अन्य सेवा प्रदाताओं के प्रमुख कार्यकर्ताओं के सेवाकालीन प्रशिक्षण और संवेदनशीलता के लिए केन्द्रीय सेक्टर प्लान योजना।

दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग (डीईपीडब्ल्यूडी) सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने अपने दिनांक 29.12.2014 के पत्र संख्या 16–07/2013/डीडी–III के तहत 12वीं पंचवर्षीय योजना के अधीन अपनीयोजनगत स्कीम नामतः ''केन्द्रीय एवं राज्य सरकारों, स्थानीय निकायों तथा अन्य सेवा प्रदाताओं के मुख्य पदाधिकारियों का सेवाकालीन प्रशिक्षण और संवेदनशीलता'' के कार्यान्वयन हेतु भारतीय पुनर्वास परिषद को नोडल एजेंसी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य/जिला/ब्लॉक स्तर की कार्यशाला के माध्यम से विकलांगता संबंधी मामलों पर केन्द्रीय/राज्य सरकारों, स्थानीय निकायों तथा अन्या सेवा प्रदाताओं को नियमित आधार पर कर्मचारियों एवं सहकर्मियों में जागरूकता उत्पन्न करने की दिशा में विकलांग व्यक्तियों की क्षमताओं के बारे में कार्यस्थल पर एक समवेशी वातावरण बनाने हेतु प्रशिक्षित करना और उन्हें संवेदनशील बनाना है।

इस वित्तीय वर्ष 2017–18 के दौरान सभी कार्यान्वयन एजेंसियों को परिचालित करने के लिए परिषद

द्वारा हिंदी भाषा में ई–प्रशिक्षण मॉड्यूल विकसित किया गया है।

सचिव, डीईपीडब्ल्यूडी की अध्यक्षता में 6 दिसम्बर 2017 को डीईपीडब्ल्यूडी की 5वीं निधि मंजूरी प्राधिकाण (एफएसए) की बैठक आयोजित की गई थी। वह आरपीडी अधिनियम 2016 के अनुसार अपनी अवधि, प्रशिक्षण सामग्री के संबंध में चल रही योजना की समीक्षा करना चाहती है, जिसके लिए परिषद द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

परिषद ने अपनी प्रभावशीलता को सुनिश्चित करने के लिए चल रही योजना का प्रभावी आकलन करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है।

VII. दूरस्थ शिक्षा केन्द्रः विशेष शिक्षा में दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के लिए परिषद द्वारा वर्ष 2001 में दूरस्थ शिक्षा सैल स्थापित किया गया था। प्रथम समझौता ज्ञापन आरसीआई एवं मध्य प्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय (एमपीबीओयू), भोपाल के बीच हस्ताक्षर किया गया था। जिससे कि दूरस्थ पद्धति के माध्यम से बीएड–एसईडीई पाठयक्रम संचालित किए जा सकें और आज दूरस्थ पद्धति के माध्यम से पाठयक्रम कराने हेतु निम्नलिखित 12 विश्वविद्यालयों के साथ एमओयू हस्ताक्षर किए गए हैं।

vkjlhvkbl d lg;kx e eDr ,o njLFk f'k{kk i.kkyh d ek/;e l dUnh;@jkT;@jkT; eDr@jkT; futh fo'ofo|ky;k }kjk iLrkfor dk;de				
d- l-	fo'ofo|ky;	dk;de	fodykxrk fo'k"kKrk	Hkk"kk
1.	मध्य प्रदेश भोज ओपन यूनिवर्सिटी, राजा भोज मार्ग, कोलार रोड, भोपाल	बी.एड. स्पे. एजु. – ओडीएल एफसीएसईडीई	एचआई, वीआईए एमआर, एलडी	हिन्दी एवं अंग्रेजी
2.	उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन ओपन यूनिवर्सिटी, शांतिपुरम आवास योजना (सेक्टर–एफ) फुफामऊ, इलाहाबाद	बी.एड. स्पे. एजु.–ओडीएल	एचआई, वीआईए एमआर	हिन्दी
3.	नेताजी सुभाष ओपन यूनिवर्सिटी, कोलकाता	बी.एड. स्पे. एजु.– ओडीएल	एचआई, वीआईए एमआर, एलडी	बंगाली एवं अंग्रेजी
4.	डा. बाबासाहेब अंबेडकर ओपन यूनिवर्सिटी अहमदाबाद	बी.एड. स्पे. एजु.– ओडीएल	एचआई, वीआईए एमआर, एलडी	गुजराती
5.	पूर्वोत्तर पर्वतीय यूनिवर्सिटी शिलांग	बी.एड. स्पे. एजु– ओडीएल एफसीएसईडीई	एचआई, वीआईए एमआर, एलडी	अंग्रेजी
6.	तमिलनाडू ओपन यूनिवर्सिटी चेन्नई	बी.एड. स्पे. एजु.–ओडीएल	एचआई, वीआईए एमआर, एलडी	तमिल एवं अंग्रेजी
7.	डॉ. बी. आर. अम्बेडकर ओपन यूनिवर्सिटी हैदराबाद	बी.एड. स्पे. एजु.–ओडीएल	एचआई, वीआईए एमआर	तेलगू एवं अंग्रेजी
8.	यशवंतराव चव्हाण महाराष्ट्र मुक्त विश्वविद्यालय, नासिक	बी.एड. स्पे. एजु.–ओडीएल	एचआई, वीआईए एमआर	मराठी एवं अंग्रेजी

vkj lhvkbl d lg;kx e eDr ,o njLFk f'k{kk i.kkyh d ek/;e l dUnh;@jkT;@jkT; eDr@jkT; fuh fo'ofo|ky;k }kjk iLrkfor dk;dze				
d- l-	fo'ofo|ky;	dk;dze	fodyxrk fo'k"kKrk	Hkk"kk
9	वर्धमान महावीर ओपन यूनिवर्सिटी, कोटा	बी.एड. स्पे. एजु.–ओडीएल	एचआई, वीआईए एमआर, एलडी	हिन्दी एवं अंग्रेजी
10	उत्तराखंड ओपन यूनिवर्सिटी हल्द्वानी (नैनीताल)	बी.एड. स्पे. एजु.–ओडीएल	एचआई, वीआईए एमआर, एलडी	हिन्दी एवं अंग्रेजी
11	डॉ. शकुंतला मिश्रा यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडीज, लखनऊ	बी.एड. स्पे. एजु.–ओडीएल	एचआई, वीआईए एमआर, एलडी	हिन्दी एवं अंग्रेजी
12	अरूणाचल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडीज, जिला नमोसाई	बी.एड. स्पे. एजु..–ओडीएल	एमआर	अंग्रेजी
13	आईसीएफएआई विश्वविद्यालय, त्रिपुरा	बी.एड. स्पे. एजु.–ओडीएल	एचआई, VI	अंग्रेजी
14	कृष्णाकांत हांडिक स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी, गुवाहाटी	बी.एड. स्पे. एजु.–ओडीएल	एचआई, VI, एमआर	अंग्रेजी

रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान केन्द्रीय विश्वविद्यालय पूर्वोत्तर पर्वतीय यूनिवर्सिटी शिलांग के साथ समझौता ज्ञापन को विस्तारित किया गया है और सदस्य सचिव, आरसीआई द्वारा राज्य निजी विश्वविद्यालयों आईसीएफएआई, त्रिपुरा और अरूणाचल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडीज के साथ 27 मार्च 2017 को डॉ. कमलेश कुमार पाण्डेय, अध्यक्ष, आरसीआई और सीसीपीडी की उपस्थिति में एक नए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। आरसीआई के अधिकारियों के साथ सभी तीन विश्वविद्यालयों के रजिस्ट्रार और अन्य अधिकारी भी समारोह के दौरान उपस्थित थे।

रिपोर्ट की अवधि के दौरान, परिषद ने बी.एड. की शुरूआत करने के लिए असम में कृष्णकांत हांडिक राज्य ओपन विश्वविद्यालय के साथ 19 मई 2017 को असम राज्य में बी.एड. स्पे. एजुकेशन, ओडीएल पाठ्यक्रम की शुरूआत के लिएसमझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

- leko'kh f'k{kk e mUur lkfVfQdV dkl ¼dkl fMl,fcfyVh½ ij iLrkoksa dh fLFkfr

  पाठ्यक्रम की मंजूरी के लिए प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर कोर कमेटी की एक बैठक आयोजित की गई और निर्णय लिया गया कि पहले बैच के लिए 15 जून 2017 तक प्राप्त किए गए प्रस्तावों पर विचार किया जाएगा। तदनुसार, जांच समिति का गठन किया गया था और 43 प्रस्ताओं (संस्थान) को अनुमोदन जारी किया गया। 15 जून 1917 के बाद प्राप्त आवेदनों के बारे में, 15 नवंबर 2017 तक प्राप्त प्रस्तावों पर वियार करने और जांच के बाद पात्र संस्थानों को अनुमोदन जारी करने का निर्णय लिया गया। तदनुसार, 34 संस्थानों पर विचार किया गया और दूसरे बैच को स्वीकृत किया गया।

- o"kZ d nkjku vk;kftr eDr fo’fo|ky;ksa dh cBdsa %

  यशवंतराव चव्हाण महाराष्ट्र मुक्त विश्वविद्यालय, नासिक और आरसीआई, नई दिल्ली की शीर्ष सलाहकार

समिति की बैठक क्रमशः मुम्बई और नासिक में 12 जनवरी, 2017 और 30 अक्तूबर, 2017 को हुई थी। तमिलनाडु मुक्त विश्वविद्यालय, चेन्नई और आरसीआई, नई दिल्ली की शीर्ष सलाहकार समिति की बैठक 17 जनवरी, 2017 को चेन्नई में आयोजित की गई थी। बाबा साहेब अम्बेडकर मुक्त विश्वविद्यालय अहमदाबाद, की शीर्ष सलाहकार समिति की बैठक 22 और 23 मई, 2017 को अहमदाबाद में हुई थी।

,llh] ,lVh vkSj iwoksZRrj dss fy, fo'ks"k ?kVd ;kstuk %&

वर्ष के दौरान, परिषद ने एससी, एसटी और पूर्वोत्तर के लिए विशेष घटक योजना के अधीन निम्नलिखित योजनाएं कार्यान्वित की है :–

1. पूर्वोत्तर क्षेत्र में विकलांगता पुनर्वास और विशेष शिक्षा में मानव संसाधन विकास कार्यक्रमों के लिए वित्तीय सहायता योजना।
2. आरसीआई अनुमोदित संगठनों में पूर्वोत्तर के तहत विशेष घटक योजना के कार्यान्वयन की योजना।
3. पूर्वोत्तर उप घटक योजना के तहत विकलांग व्यक्तियों के लिए पुनर्वास पेशेवरों की क्षमता निर्माण पर संगोष्ठी आयोजित करने की योजना।
4. आरसीआई अनुमोदित संस्थानों में नामांकित अनुसूचित जाति (एससी)और अनुसूचित जनजाति (एसटी) से संबंधित छात्रों के लिए विशेष घटक योजना (एससीपी) जैसे ट्यूशन फीस की प्रतिपूर्ति के कार्यान्वयन की योजना।
5. संस्थानों / छात्रों से प्राप्त आवेदनों के आधार पर लाभार्थियों की चयन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और वित्तीय सहायता निधि की उपलब्धता के आधार पर मार्च, 2018 के अंत तक जारी कर दी जाएगी
6. क्षेत्रीय समन्वय समितियां

30 नवंबर 2015 को आयोजित अपनी 38वीं बैठक में जनरल परिषद, आरसीआई ने मौजूदा 7 क्षेत्रीय समन्वय समितियों (जेडसीसी) सहित 14 राज्य खंडों को खोलने के लिए परिषद के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। तदनुसार, मौजूदा 7 जेडसीसी से 14 जेडसीसी के विस्तार के लिए एक विस्तृत प्रस्ताव प्रशासनिक अनुमोदन के लिए डीईपीडब्ल्यूडी को भेजा गया था। डीईपीडब्ल्यूडी की स्वीकृति प्राप्त करने के बाद, पूरे देश को कवर करने हेतु, 14 जेडसीसी के गठन के लिए प्रक्रिया शुरू कर की गई है, जैसा नीचे दिया गया है:

d-l-	{ks=	Hkkxksfyd doj t
1.	पूर्वोत्तर–।	असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम
2.	पूर्वोत्तर–।।	अरूणाचल प्रदेश, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम
3.	पूर्वी–।	पश्चिम बंगाल, ओडिशा
4.	पूर्वी–।।	बिहार, झारखंड
5.	मध्य –।	उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड
6.	मध्य –।।	मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़
7.	उत्तरी–।	चंडीगढ़, पजाब

d-l-	{k=	Hkkxkfyd dojt
8.	उत्तरी–।।	हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर
9.	उत्तरी–।।।	हरियाणा, दिल्ली
10.	पश्चिमी–।	गुजरात, राजस्थान, दमन और दीव
11.	पश्चिमी–।।	महाराष्ट्र, गोवा, दादर और नगर हवेली
12.	दक्षिणि–।	आंध्र प्रदेश, तेलंगाना
13.	दक्षिणि–।।	कर्नाटक, केरल, लक्षद्वीप
14	दक्षिणि–।।।	तमिलनाडु, पुडुचेरी, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह

- jtr t;arh LFkkiuk fnol lekjkg%

  परिषद ने 20 सितम्बर 2017 को रजत जयंती स्थापना दिवस समारोह मनाया। इस शुभ अवसर पर माननीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री मुख्य अतिथि थे।

माननीय डॉ. थावरचंद गहलोत, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री, भारत सरकार दिनांक 20 सितम्बर, 2017 को आरसीइआई, नई दिल्ली पर भारतीय पुनर्वास परिषद की रजत जयंती समारोह के अवसर पर दीप प्रज्वलित करते हुए। डा0 कमलेश कुमार पाण्डेय, सीसीपीडी एवं अध्यक्ष, आरसीआई और श्री एस. के. श्रीवास्तव, सदस्य सचिव, आरसीआई भी तस्वीर में दिखाई दे रहे हैं।

7 अध्याय — विभाग की विभिन्न स्कीमें

7-1 flgkoykdu

विभाग दिव्यांगजनों (पीडब्ल्यूडीएस) के सशक्तीकरण और पुनर्वास के लिए विभिन्न स्कीमें संचालित कर रहा है। स्कीम के उद्देश्य दिव्यांगजनों के जीवन स्तर को बढ़ाने तथा साथ ही उन्हें गरिमापूर्ण जीवन जीने में समर्थ बनाने के लिए भौतिक, मनोवैज्ञानिक, सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक पुनर्वास को प्रोत्साहन देना तथा विकास करना है। दिव्यांगजनों के पुनर्वास की प्रमुख स्कीमें हैं :

1. दिव्यांगजनों को साधनों/उपकरणों की खरीद/फिटिंग हेतु सहायता की स्कीम (एडीआईपी)
2. दिव्यांगजन अधिनियम के कार्यान्वयन की स्कीम (एसआईपीडीए)
3. दीनदयाल विकलांगता पुनर्वास स्कीम (डीडीआरएस)

7-2 dsnh; {ks= dh Ldhesa

7-2-1 lk/kuks@midj.kksa dh [kjhn@fQfVax gsrq fnO;kaxtuksa dks lgk;rk ¼,fMi½

स्कीम का मुख्य उद्देश्य विभिन्न कार्यान्वयनकर्ता एजेंसियों (राष्ट्रीय संस्थाओं/संयुक्त क्षेत्रीय केंद्रों/भारत के कृत्रिम अंग विनिर्माण निगम (एएलआईएमसीओ)/राज्य विकलांग विकास निगम/अन्य स्थानीय निकाय/एनजीओ) को सहायतानुदान प्रदान करना है ताकि दिव्यांगजनों की अक्षमताओं के प्रभाव को घटाने तथा उसी वक्त उनकी आर्थिक क्षमताओं को बढ़ाने के माध्यम से उनकी भौतिक, सामाजिक और मनोवैज्ञानिक पुनर्वास को प्रोत्साहित करने के लिए टिकाऊ, परिष्कृत तथा वैज्ञानिक रूप से विनिर्मित, आधुनिक, मानक साधनों तथा उपकरणों की प्राप्ति में जरूरतमंद दिव्यांगजनों की सहायता करने की स्थिति में हो सके। दिव्यांगजनों को उनके स्वतंत्र कार्य करने में सुधार करने और अक्षमता को रोकने तथा माध्यमिक अक्षमता होने से रोकने के उद्देश्य से उन्हें सहायक उपकरण दिए जाते हैं। स्कीम के अंतर्गत दिए गए साधन तथा उपकरण का विधिवत प्रमाणन होना चाहिए। स्कीम में जब कभी आवश्यक हो, सहायक उपकरण देने से पूर्व सही शल्य चिकित्साओं के आयोजन की भी परिकल्पना की गई है।

ykHk dh fy, ik= 0;fDr

- 40 प्रतिशत दिव्यांगता प्रमाणपत्र होना चाहिए।
- सभी स्रोतों से मासिक आय 100 प्रतिशत रियायत के लिए 15000 रू0 प्रतिमाह और 50 प्रतिशत रियायत के लिए 15001 से 20000 रू0 प्रतिमाह से अधिक नहीं होनी चाहिए।?
- नए सहायक उपकरण केवल इस प्रयोजन के लिए निर्धारित 03 वर्ष के बाद उपलब्ध कराई जाएगी।
- तथापि, 12 वर्ष की आयु से नीचे के बच्चों के लिए आपूर्ति 01 वर्ष बाद की जा सकती है।
- अनाथालयों एवं हाफ–वे होमस में रहने वाले लाभार्थियों के आय प्रमाणपत्र जिला क्लैक्टर या संबंधित संगठन के मुखिया के प्रमाणन पर स्वीकार किए जा सकते हैं।

lgk;d ;=@midj.k dh vf/kdre ykxr lhek

- सहायक यंत्र एवं उपकरण 10000 रू0 से अधिक की लागत के नहीं होने चाहिए।
- दिव्यांग छात्र के मामले में, नवी कक्षा से ऊपर के विद्यार्थी के लिए सीमा 12000 रू0 है।
- बहु निशक्ता के मामले में, एक से अधिक सहायक यंत्र/उपकरण की आवश्यकता होने के मामले में सीमा व्यक्तिगत मद पर अलग से लागू होगी।
- आय सीमा के अधीन, स्कीम के तहत सहायता के लिए पात्र, 20,000 रू0 से ऊपर महंगी लागत वाली मदें, विभाग द्वारा अलग से सूचीबद्ध की जाएंगी। भारत सरकार लागत का 50 प्रतिशत वहन करेगी और शेष राशि पर या तो राज्य सरकार द्वारा या एनजीओ या अन्य किसी अन्य एजेंसी या लाभार्थी द्वारा, मामला दर मामला आधार पर, मंत्रालय के पूर्व अनुमोदन के साथ योगदान दिया जाएगा।

  स्कीम के तहत, जिलावार दिव्यांगता कैंप आयोजित किए जाते हैं। राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों से, कैंप आयोजित करने के लिए कार्यान्वयन एजेंसियों के प्रस्ताव की सिफारिश करते समय, यह भी अपेक्षा की जाती है कि बिना पहुँच किए जाने योग्य एवं बिना सेवित क्षेत्रों की कवरेज पर केन्द्रित करें।

  वर्ष 2017–18 के लिए बजट प्राक्कलन 150.00 करोड़ रुपए है, जिसमें से 142.56 करोड़ रुपए का व्यय दिनांक 31.12.2017 तक स्कीम के अंतर्गत किया गया है। एडीआईपी स्कीम के अंतर्गत निधि निम्नलिखित क्रियाकलापों के लिए निर्धारित की गई है :

¼d½ ,fMi& ,l,l, f'kfoj vk;kftr djus gsrq

सहायक साधन तथा उपकरण 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों तथा मानव संसाधन विकास मंत्रालय की सर्वशिक्षा अभियान स्कीम के अंतर्गत स्कूल जाने वाले बच्चों को वितरित किए गए। मंत्रालय के साथ करार के अनुसार, एएलआईएमसीओ, कार्यान्वयनकर्ता एजेंसी द्वारा राज्य सरकार प्राधिकरणों द्वारा व्यय की 40 प्रतिशत राशि तथा एडीआईपी स्कीम के अंतर्गत अनुदान के माध्यम से व्यय की 60 प्रतिशत राशि की प्रतिपूर्ति की जाती है। राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान (आरएमएसए) स्कीम हेतु एडीआईपी – एसएसए प्रबंधन की तर्ज पर लागत शेयरिंग आधार पर 9–12 कक्षाओं (14–18 आयु वर्ग) में अध्ययनरत विकलांग विद्यार्थियों को साधन और सहायक उपकरण उपलब्ध कराने संबंधी मामला मंत्रालय के विचाराधीन है।

स्कीम के तहत, विगत 03 वर्षो और चालु वर्ष के दौरान सम्पूर्ण देश में प्राथमिक स्कूलों में एडिप–सर्व शिक्षा अभियान (एसएसए) के तहत 3771 कैंपों के माध्यम से विशेष आवश्यकताओं वाले 2.76 लाख दिव्यांग बच्चों (डीसीडब्ल्यूडीएसएम) बच्चों को लगभग 118.83 करोड़ रू0 की लागत के सहायक यंत्र एवं सहायक उपकरण उपलब्ध करवाए गए।

¼[k½ f'kfoj fØ;kdykiksa gsrq

उभरती आवश्यकताओं के अनुसार समय–समय पर शिविर आयोजित किए जाते हैं।

¼x½ eq[;ky; fØ;kdykiksa gsrq

(i) राष्ट्रीय संस्थान/सीआरसी/एएलआईएमसीओ संस्थान अथवा उनके संबंधित क्षेत्रीय केंद्रों में प्रस्ताव देने वाले पात्र लाभार्थियों को सेवा प्रदान करने के लिए एडीआईपी अनुदान देता है।

(ii) कुछ प्रतिष्ठित गैर–सरकारी संगठनों के केंद्र/उप–केंद्र हैं जो दिव्यांगजनों के ओपीडी क्रियाकलाप निष्पादित करते हैं तथा सही शल्य चिकित्सा संबंधी आप्रेशन करते हैं। बहुत से दिव्यांगजन सहायता साधनों तथा उपकरणों के लिए अपने केंद्रों/उपकेंद्रों में जाते हैं। अतः, एडीआईपी अनुदान उनके संबंधित मुख्यालय क्रियाकलापों के लिए जारी किए जाते हैं।

(iii) एडिप स्कीम के तहत, विगत 03 वर्षो और चालु वर्ष के दौरान लगभग 9.35 लाख लाभार्थियों को लाभ पहुँचाते हुए 6073 कैंपों के माध्यम से 541.40 करोड़ रू0 की अनुदान सहायता निर्मुक्त एवं प्रयुक्त की गई ।

एडिप स्कीम के तहत, विगत 03 वर्षो और चालु वर्ष के दौरान लगभग 3.01 लाख दिव्यांग लाभार्थियों को लाभ पहुँचाते हुए लगभग 237.67 करोड़ रू0 की लागत के सहायक यंत्र एवं सहायक उपकरणों के वितरण हेतु 27 राज्यों को कवर करते हुए 275 मेगा कैंप/विशेष कैंप आयोजित किए गए।

वर्ष 2017–18 (दिनांक 31.12.2017 तक) के दौरान विभिन्न कार्यकलापों हेतु निधि की निर्मुक्ति और विवरण नीचे दिया गया है :–

,fMi Ldhe ds rgr 2017&18 ds nkSjku dk;kZUo;u ,tsfUl;ksa@jk"Vªh; laLFkkuksa@,fyEdks dks fuf/k;ksa dh fueqZfDr n'kkZrs gq, fooj.k ¼31-12-2017 rd½			
Ø-la-	,tsalh dk izdkj	,tsfl;ksa dh la[;k	fueqZDr jkf'k ¼:0 yk[k esa½
1	एनजीओ/आईआरसीएस/ डीडीआरसी	-	-
2	राज्य सरकार के निगम	-	-
3	राष्ट्रीय संस्थान/समेकित क्षेत्रीय केन्द्र	5	2205.00
4	एलिमको	1	12051.00
	dqy	**6**	**14256.00**

Ldhe d vrxr 31-12-2017 dh fLFkfr d vuqlkj foxr rhu foÙkh; o"kk rFkk orZeku o"kZ dh foÙkh; rFkk okLrfod miyfC/k;k fuEukuqlkj g %

o"kZ	c-v- vkcVu djkM e	l-v- vkcVu djkM e	fueqDr jkf'k jkf'k djkM e	ykHkkfFk;k dh l[;k
2014-15	110.00	110.00	101.28	265,602
2015-16	125.50	151.40	151.16	245,584
2016-17	130.00	170.00	170.00	290,295
2017-18 (31.12.2017 तक)	150.00	-	142.56	134,102

स्थायी वित्त समिति (एसएफसी) ने 14 वीं वित्त आयोग की अवधी के दौरान स्कीम को जारी रखने के लिए स्कीम का मूल्यांकन और अनुमोदन किया है। विगत 02 वर्षो और चालू वर्ष के दौरान आयोजित किए गए राज्यवार कैंपों की संख्या, विभिन्न कार्यान्वयन एजेंसियों द्वारा प्रयुक्त निधियां और कवर किए गए लाभार्थियों की संख्या अनुबंध–4 पर है। वर्ष 2017–18 (31.12.2017 तक) के दौरान एडिप स्कीम के अंतर्गत कैंप/मुख्यालय गतिविधियों के लिए गैर–सरकारी संगठनों/डीडीआरसी/आईआरसीएस/डीआरसी/राज्य निगमों को जारी अनुदान सहायता के एजेंसिवार ब्यौरें अनुबंध–5 पर है। वर्ष 2017–18 (31.12.2017 तक) के दौरान एनआई/एलिमको/सीआरसी को जारी अनुदान सहायता अनुबंध–6 पर हैं।

- ekuhVfjax r=

स्कीम के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए निम्नलिखित तंत्र स्थापित किया गया है :

1. विभाग की विकलांगता संबंधित स्कीमों (विशेषकर एडीआईपी, डीडीआरएस तथा डीडीआरसी) के कार्यान्वयन की निगरानी के उद्देश्य से विभाग के संयुक्त सचिव की अध्यक्षता में निगरानी समिति का गठन।
2. दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग में अधिकारियों को तथा मंत्रालय की विकलांगता संबंधी स्कीमों के अंतर्गत गारंटी संगठनों को निरीक्षण, प्रबोधन तथा मार्गदर्शन के लिए राष्ट्रीय संस्थानों को राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों का आवंटन।
3. एडीआईपी स्कीम के अंतर्गत, किसी विशेष कार्यान्वयनकर्ता एजेंसी के संबंध में निरीक्षण रिपोर्ट की प्राप्ति पर संबंधित राज्य सरकार की अनुशंसाओं पर अनुदान जारी किया जाता है। अनुशंसाकर्ता प्राधिकरण संगठन को पिछले अनुदान से सहायताप्राप्त लाभार्थियों की 10 प्रतिशत तथा 15 प्रतिशत की जांच/प्रतिदर्श जांच भी आयोजित करता है।
4. संगठन को उन्हें पिछले अनुदान (नों) के संबंध में लेखापरीक्षित उपयोगिता प्रमाणपत्र भेजना भी अपेक्षित है।
5. 01.04.2014 से संशोधित एडिप स्कीम के तहत, कार्यान्वयनकर्ता एजेंसियों को एक व्यवसायिक कायम रखनी चाहिए और प्राप्त, प्रयुक्त अनुदानों के और फोटो एवं राशन कार्ड संख्या/वोटर आईडी संख्या/आधार संख्या, जो भी मामला हो, के साथ–साथ लाभार्थियों की सूची के ब्यौरें अपलोड किए जाएं।

6. ई–अनुदान पोर्टल एजीओ के प्रस्ताव को ऑनलाइन प्रस्तुत और प्रक्रियाबद्ध करना।

7. नीति आयोग पोर्टल पर एजीओ का आवश्यक पंजीकरण करना।

8. जागरूकता पैदा करना, आकलन और फोलाअप कैंप के लिए प्रशासनिक/ओवरहेड खर्चो के अनुदान सह सहायता के 5 प्रतिशत का प्रयोग कार्यान्वयन करने वाली एजेंसियां करेंगी। मैगा कैंपों के लिए जहां पर लाभार्थियों की संख्या 1000 या इससे अधिक है और इन कैंपो में केबिनेट/राज्य मंत्रियों (एसजे एवं ई)/मुख्य मंत्रियों द्वारा शिरकत की जाती है, 5 प्रतिशत अतिरिक्त प्रशासनिक व्यय इस स्कीम के तहत उपलब्ध होगा।

एडीआईपी स्कीम के अंतर्गत, विभाग ने दिव्यांगजनों के लिए समकालीन साधन तथा सहायक उपकरणों की अक्षमतावार सूची अधिसूचित की है, जो इस प्रकार है :–

¼i½ nf"V ckf/kr

(क) सहायक डिवाइसें जैसे कि स्मार्ट केन, ब्रेल घड़ी, क्वाडर्ज ब्रेल घड़ी (महिला एवं पुरुष) दृष्टिहीन व्यक्तियों के लिए स्क्रीन–पठन साफ्टवेयर सहित स्मार्ट फोन, स्मार्ट फोन अथवा टेबलेट के लिए पाकेट साइज एक्सट्रनल की–बोर्ड, माउस–कम–वीडियों मेगनिफायर, हैंड हैल्ड इलैक्ट्रानिक वीडियों मैगनिफायर, व्यक्तिगत डिवाइसों के टेबलेट, डेजी ंप्लेयर (आधुनिक मॉडल), रिफ्रेशेबल ब्रेल डिस्पले, स्क्रीन रीडिंग साफ्टवेयर, स्क्रीन मैगनीफिकेशन सॉफ्टवेयर सहित स्क्रीन रिडिंग सॉफ्टवेयर के साथ लैपटॉप, क्यूबेरीथम, रेडियों. सीडी प्लेयर, टाकिंग ग्लूकोमीटर, टाकिंग ब्लड–प्रैशर मॉनीटर, आडियों लैबलर (17)

(ख) (i) कक्षा 1 से 5 तक के स्कूल छात्रों के लिए किटें, जिसमें सम्मिलित मुख्य मदें जैसे इंटरलाइन ब्रेल स्लेट दो सटाइलस सहित, पैकिंग बाक्स सहित अर्थमैटिक टाइप (250 ग्राम), वाले टेलर फ्रेम, ड्राइंग बोर्ड 20 शीटों सहित, पजल्स (इन्कलूसिव डिजाइन), प्रमुख स्मारकों की टेक्साइल ड्राइंग बुक, लम्बे पेड़ों के आकार, घरों, पुलों, डेम आदि के प्रकार, डिस्क सहित एक एडेपटिड बोर्ड गेम, क्यूबेरीथम, टाकिंग कलाई घड़ी एवं किट बैग सहायक डिवाइसों के लिए विशेष रुप से डिजाइन किए स्कूल बैग (12)

(ii) कक्षा 6 से 8 तक के स्कूल छात्रों के लिए किटें, जिसमें सम्मिलित मुख्य मदें जैसे इंटरलाइन ब्रेल स्लेट, अलजेबरा प्रकारों सहित बडे टेलर फ्रेम, (250ग्राम) पैकिंग बाक्स सहित, 20 रेजिंग शीटों सहित टेक्टाइल ज्योमैटरी किट, 20 रेजिंग शीटों सहित ड्राइंग बोर्ड, टेक्सटाइल ड्रॉथ बोर्ड (इन्क्लूसिव डिजाइन), टेक्टाइल शतरंज बोर्ड (इन्क्लूसिव डिजाइन), एक सुगम्य बोर्ड गेम, विज्ञान शिक्षा के लिए टेक्टाइल डायग्राम सेट, ऑडियों लेबलर (इन्क्लूसिव डिजाइन) रुपया चेकर एवं वालेट सहित सिग्नेचर गाइड, ब्रेल कलाई घड़ी, सफेद फोल्डिंग केन, परिमापन किट (इंच टेप, नीडल थ्रेडर, छोटा ब्रेल स्केल, लिक्विड इंडिकेटर, परिमापन कप), टाकिंग टेबल घडी, पैकिंग बॉक्स (16)

(iii) कक्षा 9 से 10 तक के स्कूली छात्रों के लिए किटों में मुख्य मदें, जैसे इंटरलाइन ब्रेल स्लेट दो स्टाइलस सहित, छोटी सफेद फोल्डिंग केन (पांच फोल्ड पैकिंग सहित), टाकिंग कैलकुलेटर, टेबलेट कम्प्यूटर, रुपया चेकर वालेट सहित, पैकिंग बॉक्स (6)

(iv) कक्षा 11 से 12 तक के स्कूली छात्रों के लिए किटों में मुख्य मदें जैसे स्मार्ट केन एंड डेजी प्लेयर जिसमें दृष्टिहीन के लिए एक स्पीकर तथा कम दृष्टि वाले छात्रों के लिए किटें जिसमें कम दृष्टि छात्रों के लिए

माउस कम वीडियों मैगनीफायर एवं आवश्कतानुसार आधरित आप्टीकल और पुनर्वास विशेषज्ञ द्वारा निर्धारित किए अनुसार नॉन ऑप्टीकल डिवाइसें (3)

(v) कॉलेज छात्रों के लिए किटें, जिसमें दृष्टिहीन छात्रों के लिए स्क्रीन रीडिंग साफ्टवेयर वाला स्मार्टफोन एवं स्माटफोन अथवा टेबलेट के लिए पॉकेट साइज का ब्लूटूथ की–बोर्ड, तथा कम दृष्टि छात्रों के लिए स्मार्टफोन मेगनिफायर ऐप सहित तथा आवश्कता पर आधारित आप्टीकल एवं जैसा भी पुनर्वास विशेषज्ञों द्वारा निर्धारित किए अनुसार नॉन आप्टीकल डिवाइसें (3)

(vi) प्रौढ व्यक्तियों के लिए एडीएल किटें जैसे सिग्नेचर गाइड के साथ रुपए चैकर प्लास्टिक तथा रुपए चैकर फ्लैक्सिबल विद वॉलेट, स्मार्ट केन, टाकिंग बांडी थर्मामीटर, टाकिंग कलाई घडी, लिक्विड लेवल इंडीकेटर, पिल डिसपेंसर, टाकिंग टेबल क्लाक जिसमें चार अलार्म एवं स्टाफ वाच हो, ओडियों लेबलर, टाकिंग कैलकुलैटर, परिमापन किट एवं पैकिंग बॉक्स (10)

(vii) सामान्य निम्न दृष्टि डिवाइसों की सूची जैस टेलीस्कोपिक ग्लास, ऑप्टीकल मैगनिफायर, माउस कम वीडियों मैगनिफायर, 5 इंच तक के हस्त सम्भलाई इलैक्ट्रोनिक विडियों मेगनिफायर, कम दृष्टि वालों के लिए मैगानिफायर एप वाले स्मार्टफोन (5)

(viii) हाई–एंड डिवाइसें जैसे ब्रेलर (अपर प्राइमेरी एवं उससे ऊपर के लिए), लेपटॉप स्क्रीन रीडिंग सॉफ्टवेयर एवं भारतीय भाषा और भारतीय अग्रेजी टीटीएस सहित, रिफ्रेशेबल ब्रेल डिसप्ले (40 सैल अथवा अधिक) ब्रेल इंपुट की सहित, डेजी प्लेयर एडवांस मॉडल, स्क्रीन रीडिंग साफ्टवेयर (दृष्टिहीन) स्क्रीन मैगानिफिकेशन साफ्टवेयर (निम्नदृष्टि) (6)

(ix) अन्य सामान्य डिवाइसें जैसे ब्रेलर (अपर प्राइमरी एवं उससे ऊपर के लिए),लेपटॉप स्क्रीन रीडिंग सॉफ्टवेयर एवं भारतीय भाषा और भारतीय अग्रेजी टीटीएस सहित, रिफ्रेशेबल ब्रेल डिसप्ले (40 सैल अथवा अधिक) ब्रेल इंपुट की सहित, डेजी प्लेयर एडवांस मॉडल, स्क्रीन रीडिंग साफ्टवेयर (दृष्टिहीन) स्क्रीन मैगानिफिकेशन साफ्टवेयर (निम्नदृष्टि) (6)

कुल :–84

(ii) d"B iHkkfor%

एडीएल किट जिसमें यूनिवर्सल कफ, नेल कटिग डिवाइस, साबुन होल्डर, बटन हुक, जीपर पुल, राइटिंग एड अथवा अडेपटिड पेन पोजिशनिंग स्पिलिंट के साथ, रबड़ के दस्ताने, इन्सुलेटिड कैंची, इन्सुलेटिड टम्बलर अथवा अडेप्टिड ग्लास होल्डर, बाइडर ब्लिम प्लेट, लॉग हैडेलंड लीवर टेप, सैल फोन शामिल हैं। (12)

व्यक्तिगत डिवाइसें (आवश्कता के अनुसार विकल्प है) जैसे अडेप्टिड स्पून, बिल्ड अप स्पून, एन्जलड स्पून, ग्रिप ऐड, लैटेक्स प्रोसथिसिस, गटर स्पलिन्ट, एक्सटेंशन आउटरिगर–छोटा, विस्तारित आउटरिगर–लम्बा, अगूंठा स्पाइका, वोलर/डोरसल कांक–अप, फिंगर लूपस, नुक्कल बेन्डर, एमसीपी ब्लॉक ओपोनेन्स स्ट्रेप, यूजर फ्रेंडली स्पून, बिल्ड–अप स्क्रू ड्राइवर, फुट डाप स्ट्रेप, फारमिंग ग्लवस, पेडिड सेंड डिगर, एंटी कला पोजिशनिंग डिवाइस/नुक्कल बेडंर स्पलिन्ट, फिक्सड एनकल ब्रास, पेटलर टेंडन वियरिंग ब्रास (आधुनिक), पैटलर टेंडन बियरिंग ब्रास (मोल्डिड), फुट आर्थोसिस मोल्डिड इन्सोल, अस्थायी घुटने की नीचे की प्रोसथिसिस, स्थायी घुटने के नीचे की प्रोसथिसिस, पैटलर टेंडन बियरिंग ओर्थोसिस, फुट ड्राप स्प्रिंग, पैटलर टेंडन बियरिंग ओर्थोसिस वेरियेन्ट, मोल्डिड सैन्डल, एमसीआर सैन्डल, कस्टम मेड साइनस प्रोसथिसिस, एनकल फुट आर्थोसिस (एएफओ)/फिक्सड एनकल

ब्रेस (एफएबी), एकोमोडेटिव फुट ओर्थोसिस(34)

कुलः 46

¼iii½ ckf)d ,oa fodkl kRed fn0;kxrk

आयु–वर्ग 0–3 वर्षों के लिए किट (अरली इन्टरवेंशन ग्रुप) जिसमें रैटल 3 प्रकार के, टीथर, एडीएल किटें (4 प्रकार की), पाल्म ग्रिप (चार प्रकार की), संवेदी फुटस्टैप, क्रिब खिलौने, पैरामिड रिंगस, लकडी के ब्लॉक, (6), संवेदी मेट, स्टीमुलेटिड खिलौने (3) अन्य सुरक्षित खिलौने (3) संगीतमय पुस्तक, किट बैग आदि शामिल हैं(13)

आयु वर्ग 0–3 वर्ष के लिए बहु निःशक्तता के लिए टीएलएम किट जैसे रीसोनेंस बोर्ड, बाटर प्ले सेट, भिन्न टेक्सचर दस्तानें एवं मौजे, प्रि–ब्रेल पुस्तक(आकार) विजुअल/आडिटेरी/ओलफैक्टरी स्टीमुलेशन किट, प्रि–केन आदि, (6)

आयु वर्ग 3 से 6 वर्ष के (प्राइमरी पूर्व समूह) के लिए किट जैसे नम्बर पिक्चर ट्रे, बिल्डिंग ब्लाकस, फाइन मोटर स्किल नेट, पेग बोर्ड, गुडिया (महिला एवं पुरुष), रेजू शेप ट्रे, पजल्स काउन्ट एवं मैच, संवेदी पुस्तकें, शब्द क्यूब, फेस पजलस, किट बैग आदि (12)

आयु वर्ग 7 से 11 वर्ष के (प्राइमरी समूह) के किट, जिसमें पिक्चर पजल, पिक्चर एवं शब्द कार्ड, असेम्बलिंग किट, नम्बर कार्डस, पाउण्ड खिलौने, जिगसा पजल्स, टेलिंग टाइम किट, काउण्ट एवं मैच, एलाफाबेट वार्म, बीडस, फंक्शनल लिटरेसी फिलप चार्ट, किट बैग आदि शामिल हों(12)

12–15 और 16–18 वर्ष के आयु समूह के लिए किट (माध्यमिक और पूर्व व्यावसायिक) जिसमें लकड़ी ब्लॉक के अक्षर युक्त, सुई काम किट अक्षर–लकड़ी क्यूब्स शब्द, फिटिंग और संयोजन किट, संख्यात्मक टायलें, माप सेट, समान्य भारत (चित्र कार्ड, शब्द कार्ड और जय हिन्द खेल, मोबाइल फोन, संख्यात्मक क्यूब्स, गुणात्मक टेकटाइल बार्ड, किट बेग आदि शामिल हैं) 12

बहु–दिव्यांगों हेतु टीएलएम किट(आयु समूह 3–6 वर्ष के लिए) जिसमें संकेत भाषा अध्यापक सेट, प्रि–ब्रेल किताब या टाइपो स्कोप पढ़ाई और लिखित डिवाइस, उभरी हुई तस्वीर पुस्तक, मूर्त चिन्ह और केलेन्डर प्रणाली तथा ट्रेम्पोलाइन शामिल हैं (4)

बहु–दिव्यांगों हेतु टीएलएम किट(आयु समूह 6–10 वर्ष और अधिक के लिए) जिसमें संकेत भाषा अध्यापक सेट प्रि–ब्रेल बुक या टाइपो स्कोप पढ़ना और लिखित उपकरण, उभरी हुई तस्वीर पुस्तक, मूर्त चिन्ह और केलेन्डर प्रणाली तथा ट्रेम्पोलाइन एवं एंड्रोइड टेबलेट इत्यादि शामिल हैं (5)।

एलिम्को मोडल संवेदी किट : बहु संवेदी समावेशी शिक्षा विकास (एमएसआईइडी) किट जिसमें आँख, हाथ समनवय लूप/अनंत लूप युक्त, आरंभिक प्रयास मालिश गेंद लकड़ी, जेतून मालिश गेंद, निचोड़ना, हवा तकिया, मेअुयल उपयोग और किट बेग शामिल हैं (8)

कुलः–72

¼iv½ Jo.k ckf/kr

(क) सहायक डिवाइसें जैसे शरीर स्तर श्रवण सहायक यंत्र, एनालॉग/गैर–कार्यक्रम योग्य–(कान के पीछे (बीटीई), कान में (आईटीई), कनल में (आईटीसी), कनल में पूरी तरह से (सीआइसी); डिज़टल/कार्यक्रम योग्य– (कान के पीछे (बीटीई), कान में (आईटीई), कनल में (आईटीसी), कनल में पूरी तरह से (सीआइसी); निजी एफएम श्रवण यंत्र ब्लूटूथ नेकलूप श्रवण यंत्र, कंपन एलार्म, बच्चे के रोने के कंपन वायरलेस उपकरण, दरवाज़े घण्टी संकेत,

आग धुआ एलार्म, दूरभाष संकेत, प्रवर्धित दूरभाष, दूरभाष प्रवर्धी, श्रवण इंडक्सन लूप, अवरक्त प्रणाली, हड्डी कंपन श्रवण यंत्र, शेक्षिक किट भाषा (शब्दावली) किताब, युक्त, अभिव्यक्ति ड्रिल किताब, कहानी की किताब, अन्य साम्रगी (परिवार हस्त कठपुतलियां 5 पहेली, मोंटेसरी उपकरण/खिलौना, आकृति सॉर्टर घड़ी, शोर निर्माताओं का एक सेट, ब्लॉक सॉर्टर बक्से, क्रिया कार्डो के सेट, 5 मुलायम खिलौने (32)

¼[k½ dkdfy;j bi;kV : प्रति यूनिट 6.00 लाख रू की अधिकतम सीमा के साथ दृष्टि बाधिता वाले 500 बच्चों के लिए कोकलियर इंपलांट का प्रावधान है। इसकी परिणति 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए जीवन भर राहत प्रदान करने में होगी।

अली यावर जंग राष्ट्रीय वाक् एवं श्रवण बाधित संस्थान (एवाईजेएनआईएसएचडी), मुम्बई मामले में सहायता उपलब्ध कराने के लिए नोडल एजेंसी है। संस्थान समाचार पत्रों (अखिल भारत संस्करण और अपनी वेबसाइट www.adipcochlearimplant.in में विज्ञापनों के माध्यम से आवेदन आमंत्रित करता है। आवेदकों को एवाईजेएनआईएसएचडी, मुम्बई को वेबसाइट पर विज्ञापन/ब्यौरे के आधार पर आवेदन करना पड़ता है। कोकलियर इंपलांट भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को), कानपुर और नामांकित अस्पतालों में उपलब्ध कराए गए अनुसार खरीदा जाएगा। सर्जरी अभिज्ञात सरकारी/राज्य सरकार अनुमोदित अस्पतालों में कराई जाएगी। कोकलियर इंपलांट सर्जरी कराने के लिए, मंत्रालय में 172 अस्पतालों (दोनों सरकारी एवं निजी) को अनुमोदित किया है। 31.12.2017 कि स्थिति अनुसार, देश में 1011 (एडिप स्कीम के तहत 829 और सीएसआर के तहत 182) कोकलियर इंपलांट सर्जरियां सफलता पूर्वक पूरी की गई है।

कुलः—32

¼v½ vfLFk ckf/kr %

¼d½ fupyk fljk ikLFkfl l %& ¼17½

(i)	ट्रांस—टाइबैल प्रॉस्थेसिस (घुटने के नीचे)	:— 7 प्रकार
(ii)	घुटने प्रॉस्थेसिस के माध्यम से (टीके)	:— 2 प्रकार
(iii)	ट्रांस—फेमोरल (घुटने के ऊपर) प्रॉस्थेसिस	:— 6 प्रकार
(iv)	हिप विच्छेद प्रॉस्थेसिस	:— 1 प्रकार
(v)	स्यामे प्रॉस्थेसिस	:— 1 प्रकार

¼[k½ Åijh fljk ikLFkfl l %& ¼9½

प्रत्येक सिलिकॉन अंगूली प्रॉस्थेसिस

प्रत्येक सिलिकॉन अंगूठा प्रॉस्थेसिस

प्रत्येक सिलिकॉन आंशिक हाथ प्रॉस्थेसिस

ट्रांस रेडियल या कोहनी से नीचे/कलाई विच्छेद निष्क्रिय प्रॉस्थेसिस

शरीर शक्ति प्रॉस्थेसिस (ट्रांस रेडियल या कोहनी से नीचे/कलाई विच्छेद) इसके घटक ट्रांस रेडियल किट और सॉकेट शामिल है

ट्रांस हुमेरियल या कोहनी के ऊपर/कोहनी विच्छेद निष्क्रिय प्रॉस्थेसिस

शरीर शक्ति प्रॉस्थेसिस (ट्रांस हुमेरियल या कोहनी के ऊपर/कोहनी विच्छेद)

कंधा विच्छेद निष्क्रिय प्रॉस्थेसिस

कंधा विच्छेद शरीर शक्ति प्रॉस्थेसिस

¼x½ ÅPp bM Åijh fljk ikLFkfll %& ¼2½

बाह्य शक्ति कोहनी के नीचे या ट्रांस रेडियल/कलाई विच्छेद प्रॉस्थेसिस

बाह्य शक्ति ट्रांस हुमेरियल/कोहनी विच्छेद प्रॉस्थेसिस

¼?k½ uhpyk fljk vkFkkfll %& ¼2½

घूमकर चाल ओर्थोसिस

बंद लोडर घुटने ओर्थोसिस (इकाई मूल्य)

¼3½ bLikbuy vkFkkfll %& ¼1½

(i) हेलो ब्रास

¼p½ xfr'khy ;= %& ¼3½

मोटर युक्त व्हील चेयर

(i) ठोडी और सिर के नियंत्रण की चार पहियों वाली व्हील चेयर

(ii) जॉय सटिक चार पहियों वाली व्हील चेयर

(iii) मोटर युक्त व्हील चेयर (हेंडल द्वारा चालित)

कुल : 34

कुल योग : 268

fVIi.kh %

(i) वित्तीय सहायता की सीमा प्रत्येक विकलांगता के लिए 10,000 रू तक और दिव्यांग छात्रों के लिए 20000 रू की लागत की डिवाइस के संबंध में 12,000 रू तक सीमित होगी। 20000 रू0 की लागत से ऊपर की सभी महंगी मदों के लिए सरकार इन मदों की लागत का 50 प्रतिशत वहन करेंगी और शेष या तो राज्य सरकार या गैर सरकारी संगठन या किसी अन्य एजैन्सी या इस योजना के अन्तर्गत बजट के 20 प्रतिशत तक सीमित मामला दर मामला आधार पर मंत्रालय के पूर्व अनुमोदन के अधीन संबंधित लाभार्थी द्वारा योगदान किया जाएगा।

(ii) जैसा कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 में प्रावधान किया गया है कि दिव्यांगता की संख्या को 7 से बढ़ा कर 21 कर दिया गया है। विभाग ने सभी प्रकार की दिव्यांगताओं के लिए उपयुक्त सहायक सामग्री और सहायक उपकरणों की सूची बनाने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी है।

- ,fMi Ldhe d vrxr ekVj;Dr frifg;k rFkk ifg;knkj dlh dk forj.k

  गंभीर रूप से अक्षम तथा लोकोमोटर अक्षमताओं जैसे कि क्वाड्रिपलेजिक (एससीआई), मांसपेशीय विकृति, आघात, प्रमास्तिष्कीय पक्षाघात, अर्धांगता और अन्य प्रकार की इसी तरह की स्थितियों जिनमें तीन/चार अंग अथवा शरीर का आधा भाग गंभीर रूप से विकृत हो, के लिए मोटरयुक्त तिपहिया तथा पहियादार कुर्सियों के लिए रियायत 25,000 रुपए है। यह रियायत 16 वर्ष या उससे अधिक आयु के लोगों को 10 वर्ष में एक बार उपलब्ध कराई जाती है।

  गंभीर रूप से दिव्यांगजन जो मानसिक रूप से अक्षम हैं, वे मोटरयुक्त तिपहिया व पहियादार कुर्सी के लिए पात्र नहीं हैं क्योंकि उन्हें इससे गंभीर दुर्घटनाओं/शारीरिक हानि की जोखिम होती है।

विभाग और एलिम्को द्वारा राजकोट में 2 गिनीजबुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड किया गया था :–

माननीय प्रधान मंत्री 29 जून, 2017 को राजकोट, गुजरात में आयोजित किए गए मेगा कैंप में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र प्राप्त करते हुए।

दिनांक 29.06.2017 को राजकोट, गुजरात में आयोजित किए गए सबसे बड़े सामाजिक अधिकारिता दिवस 17589 दिव्यांग लाभार्थियों को 11.19 करोड़ रू. के सहायक उपकरण वितरित किए गए। माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में समारोह की शोभा बढ़ाई।

(i) हमारे राष्ट्रीयगान को गाते समय 1445 बधिर व्यक्तियों द्वारा संकेतात्मक भाषा द्वारा अब तक की गई सबसे अधिक सहभागिता। पहले 978 बधिर व्यक्तियों द्वारा इस तरह के रिकार्ड को ताइवान (चीन) में प्राप्त किया गया था।

(ii) एक दिन में 781 मोबिलिटि कमी से ग्रस्त व्यक्तियों को ऑर्थोसेस (कैलीपर्स) में द्वितीय गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज किया गया।

7-2-2 fu%'kDr tu vf/kdkj vf/kfu;e] 1995 d s dk;kZUo;u grq Ldhe dk dk;kZUo;u ¼fliMk½

स्कीम के अंतर्गत निम्नलिखित क्रियाकलापों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की गई हैः

(i) दिव्यांगजनों को इन स्थानों पर सुगम्य माहोल उपलब्ध करवाने के लिए जिसमें विद्यालयों, महा विद्यालयों, आकादमिक और प्रशिक्षण संस्थानों, कार्यालयों और सार्वजनिक भवनों, मनोरंजन संबंधी क्षेत्र, स्वास्थ्य केन्द्रों/अस्पताल आदि शामिल है। ऐसी कार्यकलापों जिनके लिए सहायतानुदान बाधा मुक्त अभिगम के संबंध में उपलब्ध कराया जाता है, व्यापक है, जिनमें रैम्पस, रेल, लिफ्टें, व्हीलचेयर प्रयोग करने वालों के लिए टॉयलेट प्रयोग करने में आसानी, ब्रेल चिन्ह, दृश्य संबंधी चिन्ह, टेकटाईल प्लोरिंग, कर्बकटस और स्लोक्स जिन्हें रास्तो में बनाया जाना चाहिए जिससे व्हीलचेयर प्रयोग करने वालों के लिए आसानी रहे, जेबरा क्रोसिंग की सतह पर दृष्टि बाधित अथव कम दृष्टि वाले लोगों के लिए स्पर्शीय पथ दृष्टि बाधित अथव कम दृष्टि वाले लोगों के लिए रेलवे प्लेटफार्म किनारों पर स्पर्शीय पथ, और दिव्यांगता के लिए उपयुक्त चिन्हों को तैयार करना।

(ii) भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग (एआर एवं पीजी विभाग) द्वारा जारी भारतीय सरकार के वेबसाइटें, जो उनकी वेबसाइट "http://darpg.nic.in" पर उपलब्ध हैं हेतु दिशानिर्देशों के अनुसार राज्य तथा जिला स्तरों पर पीडब्ल्युडी, सुलभ सरकारी वैबसाइटें बनाना।

(iii) दिव्यांगजनों के लिए कौशल विकास कार्यक्रम पेश करना।

iv) एक अच्छे माहोल की सुगम्यता के लिए परिवहन व्यवस्था और सूचना और संचार इको–सिस्टम तक पहुंच बढ़ाना। विभाग ने सार्वभौमिक पहुंच प्राप्त करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी प्रमुख अभियान के रूप में सुगम्य भारत अभियान (सुगम्य भारत अभियान) की अवधारणा की है, जिससे विकलांग व्यक्तियों को समान अवसर प्राप्त करने और स्वतंत्र रूप से रहने और जीवन के सभी पहलुओं में पूरी तरह से भाग लेने में सक्षम बनाया जा सकता है। एक समावेशी समाज इस अभियान में पहुंच–योग्यता ऑडिट का संचालन शामिल होगा और सार्वजनिक स्थानों पर आधारभूत परिवेश, परिवहन, पर्यावरण–व्यवस्था और आईसीटी ईको–सिस्टम में पूरी तरह से पहुंच के लिए बुनियादी सुविधाओं का निर्माण होगा।

v) समेकित पुनर्वास केंद्रों (सीआरसी)/क्षेत्रीय केंद्रों/आउटरीच केंद्रों और जिला दिव्यांगता पुनर्वास केंद्रों (डीडीआरसी) को सहायता प्रदान करने के लिए और जब भी आवश्यक हो, नए सीआरसी और डीडीआरसी को स्थापित करने के लिए।

vi) दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी करने के कैंपों को आयोजित करने के लिए राज्य सरकारों की सहायता करना। दिव्यांगजनों की पहचान और सर्वेक्षण/सार्वभौमिक आईडी।

vii) विभिन्न हितधारकों और अन्य सूचना शिक्षा संचार के लिए जागरूकता अभियान और संवेदीकरण कार्यक्रम तैयार करना। जागरूकता जनरेशन और प्रचार योजना का कार्यान्वयन।

viii) विकलांगता संबंधी मुद्दों, परामर्श और सहायता सेवाओं को प्रदान करने के बारे में जानकारी के प्रसार को बढ़ावा देने के लिए संसाधन केंद्र स्थापित/समर्थन करना।

ix) पुस्तकालयों, भौतिक और डिजिटल दोनों और अन्य ज्ञान केंद्रों तक पहुंच को बढ़ावा देने के लिए।

x) दिव्यांगता पुनर्वास के क्षेत्र में अनुसंधान और विकास गतिविधियों को बढ़ावा देना। 'दिव्यांगता से संबंधित प्रौद्योगिकी, उत्पाद और मुद्दे योजना पर अनुसंधान' का कार्यान्वयन।

xi) सरकारी मैडिकल कॉलेजों वाले जिला मुख्यालयों/अन्य स्थानों में शीघ्र निदान और हस्तक्षेप केन्द्र स्थापित करना जिसका उद्देश्य दृष्टि बाधित, शारीरिक दिव्यांग, श्रवण बाधित, मानसिक दिव्यांग शिशुओं और युवा बच्चों को नियमित रूप से स्कूल जाने के लिए तैयार करने हेतु आवश्यक कौशल प्रदान करना है।

xii) दिव्यांगजनों हेतु राज्य आयुक्तों के कार्यालयों को अवसंरचनात्मक सुविधाएं प्रदान करने हेतु राज्य सरकारों को अनुदान ।

xiii) दिव्यांगजनों के लिए विशेष मनोरंजन केंद्रों के निमाणार्थ जहां उपयुक्त सरकारों/ स्थानीय प्राधिकरणों के पास स्वयं की भूमि है।

xiv) राष्ट्रीय/राज्य स्तर पर खेल आयोजनों को सहायता प्रदान करना।

xv) दिव्यांगता खेल केंद्र स्थापित करने के लिए साइट विशिष्ट विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए सलाहकार की नियुक्ति से संबंधित व्यय को पूरा करने के लिए सहायता।

xvi) केंद्रीय/राज्य सरकारों, स्थानीय निकायों और अन्य सेवा प्रदाताओं के प्रमुख कार्यकर्ताओं के सेवा प्रशिक्षण और उन्हें जागरूक करने के लिए।

xvii) दिव्यांगजनों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए निजी क्षेत्र में नियोक्ताओं के लिए प्रोत्साहन। गअपपप) अधि ानियम में विनिर्दिष्ट किसी भी अन्य गतिविधि के लिए वित्तीय सहायता जिसके लिए वित्तीय सहायता विभाग की मौजूदा मेस के द्वारा प्रदान/शामिल नहीं की गई है।

सरकार द्वारा राष्ट्रीय कार्य योजना (एनएपी) के अंतर्गत कौशल विकास कार्यक्रम के लिए योजना के ट्रस्ट से सुगम्य भारत अभियान 03.12.2015 को शुरू किया गया।

वर्ष 2017–18 के लिए बजट प्राक्कलन 207.00 करोड़ रुपए है, जिसमें से दिनांक 05.01.2018 तक इस स्कीम के तहत 207.00 करोड़ रुपए का व्यय किया गया। वर्ष 2017–18 के दौरान सिपडा स्कीम के अंतर्गत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को जारी अनुदान सहायता के ब्यौरें अनुलग्नक–7 पर दिए गए है। वर्ष 2017–18 के दौरान सिपडा स्कीम के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के लिए विभिन्न संस्थानों/संगठनों को जारी अनुदान सहायता अनुलग्नक–8, 8क, 8ख, 8ग, 8घ और 8ङ पर दी गई है।

4. पिछले दो वर्षो और चालू वित्त वर्ष के दौरान बजट आवंटन और व्यय

रू. करोड़ में

Ø- l-	o"k	chb vkoVu	Tkkjh dh xb jkf'k
1.	2015-16	135.00	69.42
2.	2016-17	193.00	186.83

7-2-3 nhun;ky fodykx iuokl Ldhe ¼MhMhvkj,l½

विभाग की दीनदयाल विकलांग पुनर्वास स्कीम (डीडीआरएस) एक केंद्रीय स्कीम सेक्टर स्कीम है जिसमें दिव्यांगजनों को शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण तथा पुनर्वास उपलब्ध कराने की परियोजना शामिल है। स्कीम व्यक्तियों को सशक्तिकरण के लिए परियोजनाएं प्रारंभ करने हेतु वित्तीय सहायता के जरिए गैर–सरकारी संगठनों को प्रोत्साहन देकर और माहौल का सृजन करके निःशक्तजन अधिनियम (पीडब्ल्यूडी), 1995 के कारगर कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वर्ष 1999 में परिचालित की गई।

MhMhvkj,l fn'kkfun'k

वर्ष 2009 में संशोधित लागत मानकों के साथ दिनांक 1.4.2003 से लागू डीडीआरएस दिशानिर्देशों में स्वैच्छिक एजेंसियों द्वारा प्रदत्त क्षेत्र सेवाओं सहित, 18 मॉडल परियोजनाएं हैं जिन्हें सहायतानुदान के माध्यम से सहायता दी जा सकती है। इन सेवाओं में शामिल हैं :

1. स्कूल–पूर्व तथा प्रारंभिक इंटरवेंशन हेतु कार्यक्रम
2. विशेष शिक्षा
3. व्यावसायिक प्रशिक्षण तथा प्लेसमेंट

4. सामुदायिक आधारित पुनर्वास
5. जनशक्ति विकास
6. मानसिक रूग्णता वाले व्यक्तियों का मनो–सामाजिक पुनर्वास तथा
7. कुष्ठ रोगमुक्ति व्यक्तियों का पुनर्वास आदि।

इस स्कीम के अंतर्गत सहायता–प्राप्त विभिन्न 18 प्रकार की मॉडल परियोजनाएं निम्नानुसार हैं :

1. स्कूल–पूर्व और प्रारंभिक कार्यक्रम तथा प्रशिक्षण हेतु परियोजना
2. विशेष स्कूल
3. प्रमस्तिष्क घात बच्चों हेतु परियोजना
4. व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र
5. आश्रय कार्यशालाएं
6. कुष्ठ रोगमुक्ति व्यक्तियों के पुनर्वास की परियोजना
7. उपचारित तथा नियंत्रित मानसिक रोगी के मनोवैज्ञानिक–सामाजिक पुनर्वास हेतु हॉफ वे होम
8. सर्वेक्षण, पहचान, जागरूकता तथा संचेतना से संबंधित परियोजना
9. गृह आधारित पुनर्वास कार्यक्रम/गृह प्रबंधित कार्यक्रम
10. समुदाय आधारित पुनर्वास परियोजना
11. निम्न दृष्टि केंद्रों की परियोजना
12. मानव संसाधन विकास की परियोजनाएं
13. संगोष्ठियां/कार्यशालाएं/ग्रामीण शिविर
14. दिव्यांगों के लिए पर्यावरण अनुकूल तथा पारिस्थितिकी उन्नयक परियोजनाएं
15. कम्प्यूटर हेतु अनुदान
16. भवन का निर्माण
17. कानूनी परामर्श, कानूनी सहायता और विश्लेषण तथा मौजूदा कानूनों के मूल्यांकन सहित कानूनी साक्षरता हेतु परियोजना
18. जिला विकलांग पुनर्वास केंद्र।

स्कीम के लागत मानक तथा दिशानिर्देश सरकार द्वारा संशोधित किए गए हैं जो 1 अप्रैल, 2009 से लागू हैं। संशोधन में मानदेय, आवर्ती मदों और व्यय की अनावर्ती मदों के संशोधित लागत मानक शामिल हैं। इसके अलावा, विभिन्न मॉडल परियोजनाओं में जनशक्ति श्रेणियों की बुद्धिसंगत व्याख्या और विलयन किया गया है। मौलिक स्कीम

80 श्रेणियों के विरूद्ध, संशोधित सूची में 56 जनशक्ति श्रेणियां शामिल हैं। कम्प्यूटर अनुप्रयोगों और प्रोग्रामिंग, वैब डिजाइनिंग, इंटरनेट प्रबंधन, मोबाइल मरम्मत आदि जैसे नए कौशल के लिए उभरती मांगों को समझते हुए वीटीसी में प्रस्तुत किए जा सकने वाले कुल 14 नए ट्रेडों को इसमें शामिल किया जा सकता है। विभाग द्वारा स्थापित जिला विकलांग पुनर्वास केंद्र भी इस स्कीम के अंतर्गत वित्तपोषित हैं, बाद में जिन्हें पांच वर्ष की अवधि के लिए (जम्मू एवं कश्मीर अथवा पूर्वोत्तर में स्थापित केंद्रों हेतु) तथा बाकी देश में तीन वर्षों हेतु चलाया गया। इसके उपरांत, ये केंद्र आगे सतत रूप से जारी रखने तथा रखरखाव हेतु जिले के प्रख्यात गैर–सरकारी संगठन को सौंप दिए गए हैं।

डीडीआरएस स्कीम के अंतर्गत 2014–15 से 2017–18 तक वित्तीय तथा वास्तविक लक्ष्यों और उपलब्धियों का विवरण नीचे दिया गया है :

(i) foÙkh;

रू. करोड़ में

o"k	c tV vuqeku	0;;
2014-15	90.00	50.08
2015-16	60.00	50.19
2016-17	45.00	45.00
2017-18	60.00	37.87 (1.12.2017 rd)

(ii) okLrfod

o"k	ykHkkfFkZ;ksa dh l[;k ¼yk[k e½		ifr'kr miyfC/k
	y{;	miyfC/k	
2014-15	40000	36159	90.39
2015-16	38000	35461	93.31
2016-17	38000	32298	84399
2017-18	40000	24598	61.49 (31.12.2017 rd)

वर्ष 2016–17 के दौरान डीडीआरएस स्कीम के अंतर्गत सहायता प्राप्त करने वाले गैर–सरकारी संगठनों की सूची अनुलग्नक–9 पर दी गई है। पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष 2017–18 में डीडीआरएस के तहत सहायता प्राप्त लाभार्थियों और संगठनों को जारी की गई अनुदान सह सहायता के राज्य–वार विवरण का लेखा–जोखा अनुलग्नक–10 पर दिया गया है। वर्ष 2017–18 के दौरान गैर–सरकारी संगठनों को जारी सहायतानुदान का राज्यवार ब्योरा का सार अनुलग्नक–11पर दिया गया है।

स्कीम को संशोधित किया गया है। संशोधित स्कीम को 1.04.2018 से प्रभावी होगी।

7-3- vU; dnh; {k=h; Ldhe

7-3-1 fn0;kx tuk d fy, jk"Vh; Qykf'ki

Ldhe d mÌ'; rFkk lf{kIr fooj.k%

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मान्यताप्राप्त किसी विश्वविद्यालय में एम.फिल तथा पीएच.डी जैसी डिग्रियों से संबंधित उच्च शिक्षा के अनुवर्तन हेतु अक्षम छात्रों के अवसरों में वृद्धि करने के लिए वित्तीय वर्ष 2012–13 के दौरान दिव्यांग छात्रों हेतु राष्ट्रीय शिक्षावृत्ति की स्कीम चलाई गई थी।

1. स्कीम के अंतर्गत दिव्यांग छात्रों को प्रति वर्ष 200 शिक्षावृत्तियां (जूनियर रिसर्च फेलोज, जेआरएफ) दी जाती हैं। दिव्यांग छात्रों की पर्याप्त संख्या की अनुपलब्धता के मामले में, किसी वर्ष के दौरान प्राप्त न की गई शिक्षावृत्तियों की संख्या अगले शैक्षिणिक सत्र में अग्रेषित की जाएंगी।

2. यदि, उपलब्ध पुरस्कारों की संख्या अभ्यर्थियों की संख्या से अधिक हो, यूजीसी उनकी स्नातकोत्तर परीक्षा में अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त अंकों की प्रतिशतता पर आधारित अभ्यर्थियों का चयन करता है।

Qykf'ki dh izek=k %

1. जेआरएफ और एसआरएफ की फैलोशिप की दरें यूजीसी फैलोशिप के समकक्ष होंगी। इस समय ये दरें निम्नानुसार है :

Qykf'ki	l'kkf/kr nj ¼izfr ekg½
प्रारंभिक दो वर्षों के दौरान – कनिष्ठ अनुसंधान फैलोशिप	रू. 25,000/-
शेष हुए तीन वर्षों के दौरान – वरिष्ठ अनुसंधान फैलोशिप	रू. 28,000/-

(ii) मकान किराया भत्ता (एचआर) यूजीसी पैटर्न पर होगा तथा उन छात्रों को देय होगा जिन्हें छात्रावास की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई है। यदि विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा ऑफर किए गए होस्टल आवास से इन्कार किया जाता है, तो छात्र को एचआरए का अपना दावा छोड़ना होगा। चिकित्सा सुविधाएं, प्रसूति अवकाश सहित अवकाश सुविधाओं जैसी अन्य सुविधाएं उनकी शिक्षावृत्ति कार्यक्रम के मामले में यूजीसी के दिशानिर्देशों के अनुसार शासित की जाएंगी।

Qykf'ki dh ik=rk

1. किसी विश्वविद्यालय अथवा शैक्षणिक संस्था में एम.फिल/पीएचडी डिग्री में प्रवेश प्राप्त कोई अक्षम छात्र।

2. दो वर्ष उपरांत, यदि पुरस्कार प्राप्तकर्ता के अनुसंधान कार्य की प्रगति संतोषजनक पाई जाती है, तो उसके/उसकी कार्यकाल को सीनियर रिसर्च फैलोशिप (एसआरएफ) के रूप में आगे तीन वर्ष की अवधि के लिए बढ़ाया जाएगा। विश्वविद्यालय द्वारा गठित तीन सदस्य समिति द्वारा अनुसंधान कार्य का मूल्यांकन किया जाएगा। जेआरएफ और एसआरएफ के पुरस्कार की कुल अवधि पांच वर्ष की अवधि से अधिक होगी।

vof/k

ikB;Øe dk uke	vf/kdre vof/k	tsvkj,Q vkj ,lvkj,Q dh vuqes;rk	
		tsvkj,Q	,lvkj,Q
एम.फिल	2 वर्ष	2 वर्ष	शून्य
पीएच.डी	5 वर्ष	2 वर्ष	शेष 3 वर्ष
एम फिल. पीएचडी	5 वर्ष	2 वर्ष	शेष 3 वर्ष

ykHkkfFk;ksa dh la[;k rFkk vc rd tkjh jkf'k %

o"kZ	ykHkkfFk;ksa dh la[;k	tkjh jkf'k ¼djksM+ #i,½	vH;qfDr
2012-13	176	Nil	आगामी वर्ष में जारी राशि
2013-14	178	0.86	वर्ष 2012–13 तथा 2013–14 दोनों वर्षों के अभ्यर्थी हेतु
2014-15	300	13.24	विगत वर्षों तथा 2014–15 के लाभार्थियों हेतु
2015-16	200	19.97	विगत वर्षों तथा 2014–15 के लाभार्थियों हेतु
2016-17	200	11.72	विगत वर्षों तथा 2015–16 के लाभार्थियों हेतु
2017-18 (31 दिसम्बर 2017 तक)	-	20.75	विगत वर्षों तथा 2016–17 के लाभार्थियों हेतु
dqy	1054	66.54	

7-3-2 fn0;kax Nk=ksa ds fy, fiz&eSfVªd vkSj iksLV&eSfVªd Nk=ofÙk;ka

Ldhe ds mÌs’; rFkk lfa{kIr fooj.k%

- स्कीम का उद्देश्य प्रि–मैट्रिक स्तर (कक्षा 9 तथा 10) तथा पोस्ट–मैट्रिक स्तर (कक्षा 11, 12 तथा स्नातकोत्तर डिग्री/डिप्लोमा स्तर तक) में अध्ययनरत दिव्यांग छात्रों को वित्तीय सहायता देना है।
- वित्तीय वर्ष 2014–15 के दौरान दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा में दो स्कीमें चलाई गई हैं।
- वित्तीय सहायता में छात्रवृत्ति, पुस्तक अनुदान, एस्कोर्ट/रीडर भत्ता आदि शामिल हैं।
- प्रत्येक वर्ष दी जाने वाली छात्रवृत्तियां प्रि–मैट्रिक स्तर के लिए 46,000 तथा पोस्ट–मैट्रिक स्तर हेतु 16,650 हैं।
- इन दो छात्रवृत्ति स्कीमों के अंतर्गत लाभार्थियों का चयन राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन की अनुशंसा के उपरांत मेरिट के आधार पर किया जाता है।

- ये स्कीमें वर्ष 2015–16 से इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा विकसित एक वैब पोर्टल राष्ट्रीय ई–छात्रवृत्ति पोर्टल'' (www.scholarship.gov.in) के माध्यम से ऑनलाइन कार्यान्वित की जा रही हैं।

Nk=ofÙk;k dk eY; &

1- fi&efV'd Nk=ofÙk%

प्रि–मैट्रिक छात्रवृत्ति को मूल्य में पाठ्यक्रम की पूर्ण अवधि हेतु निम्नलिखित शामिल होंगे:

(i) छात्रवृत्ति तथा अन्य अनुदान;

(ii) भत्ते, और

(i) छात्रवृत्ति और अनुदान की दरें:

en%	fnol Ldkyj	Nk=kokl
शैक्षणिक वर्ष में 10 माह हेतु देय छात्रवृत्ति (प्रतिमाह रुपए में) की दर	350	600
पुस्तक तथा तदर्थ अनुदान (वार्षिक रुपए में)	1000	1,000

(ii) भत्ते:

HkÙk		jkf'k ¼#i, e½
a)	अंधता छात्रों हेतु मासिक रीडर भत्ते मासिक परिवहन भत्ता, यदि ऐसे छात्र होस्टल जो शैक्षणिक संस्था के परिसर के भीतर हेतु, में नहीं रहते हैं	160
b)	गंभीर रूप से दिव्यांग (अर्थात 80 प्रतिशत अथवा उच्च दिव्यांगता वाले) दिवस स्कालर/ अत्यधिक अल्प दिव्यांगता वाले छात्रों के लिए मासिक एस्कोर्ट भत्ता	160
c)	शैक्षणिक संस्था के होस्टल में रहने वाले गंभीर रूप से अस्थि विकृत दिव्यांग छात्र जिसे सहायक की जरूरत है, को सहायता देने के इच्छुक होस्टल के किसी कर्मचारी को अनुमेय मासिक सहायक भत्ता	160
d)	मानसिक मंदता और मानसिक रूग्णता के छात्रों को मासिक कोचिंग भत्ता	240

2 ikLV&efV'd Nk=ofÙk%

पोस्ट–मैट्रिक छात्रवृत्ति के मूल्य में पाठ्यक्रम की पूर्ण अवधि हेतु निम्नलिखित शामिल हैं :–

(i) रखरखाव व भत्ता

(ii) पाठ्यक्रम की पूर्ण अवधि के लिए दिव्यांग छात्रों हेतु अतिरिक्त भत्ता, तथा

(iii) अनिवार्य गैर–प्रत्यर्पणीय फीस की प्रतिपूर्ति (1.50 लाख रू. तक),

(iv) सभी छात्रों को पुस्तक भत्तो के लिए प्रतिवर्ष 1,500/– रू.

ब्यौरा निम्नानुसार है :

1- j[kj[kko HkÙkk

leg	j[kj[kko HkÙkk dh nj ¼ifrekg #i, eas½	
	gkLVy	fnol Ldkyj
leg I किसी क्षेत्र में यूसीसी द्वारा मान्यताप्राप्त समस्त पीजी डिग्री/डिप्लोमा पाठ्यक्रम। चिकित्सा (एलोपैथिक, चिकित्सा की भारतीय और अन्य मान्यता प्राप्त प्रणालियां), इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी, प्लानिंग, वास्तुकला, डिजाइन, फैशन प्रौद्योगिकी, कृषि, पशु चिकित्सा एवं संबद्ध विज्ञान, प्रबंधन, बिजनेस वित्त/प्रशासन, कम्प्यूटर विज्ञान/अनुप्रयोग	1200	550
leg II फार्मेसी (बी फॉर्मा), एलएलबी, बीएफएस, पुनर्वास, नैदानिक आदि जैसी अन्य पैरा–मेडकिल ब्रांच, जनसंचार, होटल प्रबंधन एवं कैटरिंग, ट्रैवल/पर्यटन/मेजबान प्रबंधन, आंतरिक सास–सज्जा, पोषण एवं आहार विज्ञान, वाणिज्यिक कला, वित्तीय सेवाएं (अर्थात बैंकिंग, बीमा, कराधान आदि) जिसके लिए प्रवेश अर्हता कम से कम वरिष्ठ माध्यमिक (10+2)है जैसे क्षेत्र में डिग्री, डिप्लोमा, सर्टिफिकेट वाले व्यावसायिक पाठ्यक्रम	820	530
leg III स्नातक डिग्री वाले सभी अन्य पाठ्यक्रम समूह I तथा II अर्थात बीए/बीएससी/बी.कॉम आदि के अंतर्गत नहीं आते	700	500
leg IV समस्त पोस्ट–मैट्रिक स्तर गैर–डिग्री पाठ्यक्रम जिसके लिए प्रवेश अर्हता हाईस्कूल (कक्षा ग) अर्थात वरिष्ठ माध्यमिक प्रमाणपत्र (कक्षा XI तथा XII); सामान्य और व्यावसायिक स्ट्रीम दोनों, आईटीआई पाठ्यक्रम, पोलिटेक्निक में 3 वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम आदि हैं।	450	400

2- Nk=ksa dh fnO;kaxrk ij fuHkZj djrs gq, vfrfjDr HkÙks

इसके अलावा, यह स्कीम अध्ययन भ्रमण प्रभार, पुस्तक भत्ता, पुस्तक बैंक, टंकण और मुद्रण प्रभार, रीडर भत्ता, एस्कोर्ट भत्ता, कोचिंग भत्ता और विशेष भत्ता आदि।

(iii) vfuok;Z xSj&iR;kiZ.kh; Qhl dh izfriwfrZ

स्कॉलरों को प्रवेश/पंजीकरण ट्यूशन, खेलों, यूनियन, पुस्तकालय, मैगनीज, चिकित्सा परीक्षा देय होगी तथा ऐसी अन्य फीस स्कालर द्वारा संस्थान अथवा विश्वविद्यालय/बोर्ड को प्रतिवर्ष अधिकतम 1.50 लाख रू. की सीमा

तक अनिवार्य रूप से देय होगी। तथापि, कॉशन मनी, सुरक्षा जमाराशि जैसी प्रत्यार्पणीय जमाराशि को बाहर रखा जाएगा।

dSls vkosnu djsa%

वर्ष 2015–16 से आगे के लिए : स्कीम इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकीय विभाग द्वारा विकसित राष्ट्रीय ई–स्कालरशिप पोर्टल (www.scholarships.gov.in) के माध्यम से कार्यान्वित की जा रही हैं। अभ्यर्थी उपर्युक्त पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।

vkosnu vkSj p;u dh izfØ;k

क) दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग स्कीम के विवरण की घोषणा करेगा तथा प्रमुख समाचार पत्रों तथा वैबसाइटों और अन्य मीडिया आउटफिट में विज्ञापन जारी करके आवेदन आमंत्रित करेगा। इस प्रयोजनार्थ विकसित ऑनलाइन छात्रवृत्ति प्रबंधन कार्यक्रम www.scholarships.gov.in राष्ट्रीय ई–स्कॉलरशिप पोर्टल के माध्यम से आवदेन मांगे जाएंगे।

ख) आवेदक को आवेदन की प्राप्ति के लिए निर्धारित अंतिम तारीख के भीतर ऑनलाइन के माध्यम से अपना आवेदन जमा करना चाहिए।

ग) स्कूल/संस्थान जिसमें वह (पुरुष)/वह (स्त्री) अध्ययनरत है, आयु, जन्म–तिथि, पीडब्ल्यूडी प्रमाणपत्र, पाठ्यक्रम की मान्यता, प्राप्त फीस आदि जैसे आवेदन में विहित तथ्यों के आवश्यक सत्यापन करने के उपरांत संबंधित राज्य सरकार के शिक्षा/दिव्यांगता कल्याण विभाग के पोर्टल के माध्यम से आवेदन अग्रेषित करेगा। राज्य शिक्षा/दिव्यांगता कल्याण विभाग संबंधित स्कूल/संस्थान की पहचान सहित आवश्यक समझदारी जांच का कार्यान्वयन करेगा तथा डीईपीडब्ल्यूडी को अपनी सिफारिश के साथ आवेदन भेजेगा।

घ) अन्य बातों के साथ–साथ उस विशेष राज्य में उपलब्ध स्लाटों की संख्या पर विचार करते हुए राज्य सरकार की अनुशंसाओं के आधार पर दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा अंतिम चयन किया जाएगा। किसी राज्य को उपलब्ध स्लाटों की संख्या भारत की कुल पीडब्ल्यूडी आबादी की तुलना में उस राज्य की पीडब्ल्यूडी आबादी के प्रतिशत के आधार पर निर्णीत है।

ड.) यदि कोई अभ्यर्थी एक राज्य का स्थाई निवासी है परंतु अन्य राज्य में अध्ययन कर रहा है, उसके आवेदन पर उसके गृह राज्य के स्लाट के अंतर्गत विचार किया जाएगा तथा उसके आवेदन पर जिस राज्य का वह स्थायी निवासी है उस राज्य की शिक्षा विभाग की अनुंशसा आवश्यक है।

च) चयन का मेरिट मापदंड : निम्नलिखित कारकों पर विचार किया जाएगा :

1. स्कीमें यथा प्रदत्त पात्रता स्थितियों को पूरा करना
2. राज्य शिक्षा विभाग की संस्तुति
3. राज्य में उपलब्ध स्लाटों की संख्या
4. अर्हक परीक्षा में प्राप्त अंकों के प्रतिशत के संबंध में अभ्यर्थी की मेरिट

5. अंको की प्रतिशता के मामले में, दिव्यांगता प्रतिशत पर विचार किया जाएगा अर्थात उच्च प्रतिशत दिव्यांगता वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जाएगी। यदि यहां तक भी समान है तो आयु पर विचार किया जाएगा अर्थात वरिष्ठ अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जाएगी।

7-3-3 fn0;kx Nk=k d: fy, mPp f'k{kk Nk=ofÙk

mÌ'; o doj:t

- स्कीम का उद्देश्य अक्षम छात्रों को पूर्ण वित्तीय सहायता उपलब्ध कराकर गुणवत्तापरक शिक्षा को बढ़ावा देना तथा मान्यता देना है।
- किसी क्षेत्र में स्नातकोत्तर डिग्री अथवा डिप्लोमा के स्तर पर अध्ययन करने की स्कीम दिव्यांग छात्रों को कवर करेंगी।
- स्कीम, श्रेष्ठ संस्था के रूप में, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा अधिसूचित 240 संस्थानों में प्रचालित की जाएगी।

1- ik=rk dh 'krs

(क) भारत का नागरिक हो।

(ख) 40 प्रतिशत से कम दिव्यांगता रखने वाला दिव्यांगजन हो तथा किसी सक्षम चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाणपत्र हो।

(ग) संबंधित संस्था द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार स्नातकोत्तर डिग्री/डिप्लोमा के स्तर पर पूर्णकालिक पाठ्यक्रम हेतु किन्हीं अधिसूचित संस्थाओं में चयन किया गया हो और प्रवेश पाया हो। इस स्कीम के अंतर्गत छात्रवृत्ति किसी भी स्ट्रीम में डिस्टेंस लर्निंग/ अंशकालिक/साप्ताहिक पाठ्यक्रमों को करने हेतु अनुमेय नहीं होगी।

(घ) अभ्यर्थी भारत सरकार की किसी स्कीम के अंतर्गत कोई अन्य छात्रवृत्ति प्राप्त नहीं कर रहा हो।

(ड.) माता–पिता/अभिभावकों की आय–सीमा : अभ्यर्थी के सभी स्रोतों तथा/अथवा उसके माता–पिता/अभिभावकों की कुल आय प्रतिवर्ष 6,00,000 से अधिक न हो (ऐसे भत्ते जिसे आयकर के प्रयोजनार्थ कुल आय के भाग के रूप में नहीं समझा जाता है, को छोड़कर)। नवीनतम कर–मूल्य निर्धारण तथा नियोक्ता से नवीनतम मासिक वेतन पर्ची की प्रति आवेदन के साथ संलग्न किए जाने की अपेक्षा है।

(च) किसी परिवार में दो बच्चे – एक ही माता–पिता/अभिभावक में दो से अधिक दिव्यांग बच्चे पात्र नहीं होंगे तथा इसके लिए अभ्यर्थी का स्व–प्रमाणन अपेक्षित होगा। बशर्ते, यदि दूसरा/तीसरा बच्चा जुड़वां हैं तो एक ही माता–पिता के दो से अधिक बच्चों को अनुमति दी जा सकती है।

(छ) एक बार पुरस्कार, पुरस्कार प्राप्तकर्ता पर दूसरी बार (अथवा उसके बाद के लिए विचार नहीं किया जा सकता) क्योंकि व्यक्ति को ''एक बार ही पुरस्कार दिया जा सकता है।

2- foÙkh; lgk;rk dh izek=k

छात्रवृत्ति में निम्नलिखित शामिल होगा :

Nk=ofÙk dk dkjd		izfr iqjLdkj izkIrdrk
क)	संस्थान को देय/भुगतान किए जाने वाले गैर–प्रत्यार्पणिय तथा ट्यूशन फीस की प्रतिपूर्ति	2.00 लाख रुपए तक – प्रतिवर्ष (वास्तविक राशि के अध्यधीन)
ख)	रखरखाव भत्ता	छात्रावास में रहने वाले को प्रतिमाह 3000/– रुपए दिवस छात्रवृत्ति प्राप्तकर्ता के लिए प्रतिमाह 1500/–रुपए
ग)	विशेष भत्ता/रीडर भत्ता, मार्गरक्षी भत्ता, सहायक भत्ता आदि जैसे अक्षमता की प्रकारों से संबंधित	प्रतिमाह 2000 रुपए
घ)	पुस्तकें एवं लेखन सामग्री	प्रतिमाह 5,000/–रुपए
ड.)	कंप्यूटर उपकरण की खरीद के लिए व्ययों की प्रतिपूर्ति	पूरे पाठ्यक्रम हेतु एकमुश्त अनुदान के रूप में प्रति पुरस्कार प्राप्तकर्ता, 30,000/–रुपए
च.	चयनित अभ्यर्थी की विशेष अक्षमता से संबंधित आवश्यक सॉफ्टवेयर सहित सहायक भत्ता तथा सहायक उपकरणों की खरीद हेतु व्ययों की प्रतिपूर्ति	पूरे पाठ्यक्रम हेतु एकमुश्त अनुदान के रूप में प्रति पुरस्कार प्राप्तकर्ता, 30,000/–रुपए

साधन तथा सहायक उपकरणों में निम्नलिखित शामिल हो सकते हैं :–

अंधता/निम्न दृष्टि के लिए–

1. ब्रेल/ब्रेलर टाइपराइटर
2. स्क्रीन रीडिंग साफ्टवेयर वाला लेपटॉप
3. स्क्रीन आवर्धन सॉफ्टवेयर वाला लेपटॉप
4. मोबाइल फोन सुलभता वाला साफ्टवेयर
5. डेजी रिकार्डर तथा प्लेयर

श्रवण शक्ति का ह्मस के लिए–

1. बटन सैलों के प्रावधान वाले द्विकर्णी डिजिटल कार्यक्रम के श्रवण सहायक यंत्र

2. एसएमएस सिम कार्ड वाले सेलफोन

3. वाई फाई (बल्यू टूथ) सुविधा वाले लेपटॉप

3- vkonu vkj p;u dh ifØ;k

क) दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग स्कीम के ब्योरे की घोषणा करेगा तथा प्रमुख समाचारपत्रों में तथा वेबसाइट और अन्य मीडिया आउटफिट के माध्यम से विज्ञापन जारी करके आवेदन आमंत्रित करेगा। इस प्रयोजनार्थ इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा विकसित किए जा रहे ऑनलाइन छात्रवृत्ति प्रबंधन कार्यक्रम, राष्ट्रीय ई–छात्रवृत्ति पोर्टल के माध्यम से आवेदन मांगे जाएंगे।

ख) आवेदकों को अपने आवेदन, आवेदनों की प्राप्ति के लिए निर्धारित अंतिम तारीख के भीतर ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से प्रस्तुत करने चाहिएं।

ग) वह संस्थान जिसमें वह (पुरुष/स्त्री) अध्ययरत हो, आयु, जन्म–तिथि दिव्यांगता प्रमाणपत्र, पाठ्यक्रम की मान्यता, प्राप्त फीस आदि जैसे आवेदन में विहित तथ्यों का आवश्यक सत्यापन कराने के उपरांत संबंधित राज्य सराकर के शिक्षा विभाग को पोर्टल के माध्यम से आवेदन अग्रेषित किया जाएगा। राज्य शिक्षा विभाग दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग को अपनी अनुशंसा से आवेदन अग्रेषित करने तथा संबंधित संस्थान की मान्यता सहित आवश्यक बुद्धिमत्तापूर्ण जांच करेगा।

घ) अन्य बातों के साथ–साथ उस विशेष राज्य में उपलब्ध स्लाटों की संख्या पर विचार करते हुए, राज्य शिक्षा विभाग की अनुशंसा के आधार पर दिव्यांगजन सशक्तिकरण के आधार पर दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा अंतिम चयन किया जाएगा। जनगणना 2011 के अनुसार भारत की कुल पीडब्ल्यूडी आबादी की तुलना में उस राज्य की पीडब्ल्यूडी प्रतिशतता के आधार पर किसी राज्य में उपलब्ध स्लाटों की संख्या का निर्णय लिया जाएगा।

ड.) यदि कोई अभ्यर्थी एक राज्य का स्थायी निवासी है परंतु किसी अन्य राज्य में अध्ययनरत है, उसके आवेदन पर उसके गृह राज्य के स्लाट में विचार किया जाएगा तथा उसके आवेदन को राज्य के शिक्षा विभाग, जिसका वह स्थायी निवासी है, की अनुशंसा की जरूरत होगी।

च) चयन का मेरिट मापदंड : निम्नलिखित कारकों पर विचार किया जाएगा :

1. स्कीम में यथा प्रदत्त पात्रता शर्तों को पूरा करना

2. राज्य शिक्षा विभाग की अनुशंसा

3. राज्य को उपलब्ध स्लाटों की संख्या

4. अर्हता परीक्षा में प्राप्त अंकों के प्रतिशत के विषय में अभ्यर्थी की मेरिट

5. अंकों का प्रतिशत बराबर–बराबर होने पर, पैतृक आय सीमा पर विचार किया जाएगा अर्थात निम्न पैतृक आय सीमा वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जाएगी

6. यदि यहां भी टाई होता है, अक्षमता के प्रतिशत पर विचार किया जाएगा अर्थात अधिक अक्षमता प्रतिशत वाले अभ्यर्थी को वरीयता दी जाएगी।

छ) चयन समिति : यदि आवेदक अनुमेय छात्रवृत्ति की संख्या से अधिक हैं तो पात्रता पर आधारित अभ्यर्थियों के चयन हेतु दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के सचिव के अनुमोदन से एक चयन समिति का गठन किया जाएगा।

4- d l ; vkonu dj%

इलैक्ट्रोनिक और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा विकसित किए गए राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल ;ऐबीवसंतीपचेण्हवअण पदद्ध के माध्यम से योजना कार्यान्वित की जा रही है। अभ्यर्थी उपर्युक्त पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।

7-3-4 fn0;kx Nk=k d fy, jk"Vh; lemnikjh; Nk=ofÙk

दिव्यांग छात्रों के लिए राष्ट्रीय समुद्रपारीय छात्रवृत्ति की स्कीम मास्टर डिग्री तथा पीएचडी स्तर पर विदेश में अध्ययन कर रहे दिव्यांग छात्रों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई है। प्रत्येक वर्ष बीस (20) छात्रवृत्तियां दी जानी होती हैं जिनमें से छह महिला अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित हैं। छात्रवृत्ति की राशि में रखरखाव भत्ता, आकस्मिकता भत्ता, ट्यूशन फीस और हवाई यात्रा आदि की लागत शामिल है। पैतृक आय सीमा प्रति वर्ष 6.00 लाख रुपए है।

उक्त के अलावा, प्रतिवर्ष दो दिव्यांग छात्रों को ''पैसेज अनुदान'' का प्रावधान है। केवल वे दिव्यांग छात्र जिन्होंने किसी विदेशी सरकार/संगठन से स्नातकोत्तर अध्ययन, विदेश में अनुसंधान अथवा प्रशिक्षण (संगोष्ठियों, कार्यशालाओं, कांफ्रेंस में भाग लेने को छोड़कर) मेरिट छात्रवृत्ति प्राप्त की हैं अथवा अन्य किसी स्कीम, जिसमें पैसेज की लागत नहीं दी गई हो, पात्र होंगे। पैसेज अनुदान में एयर इंडिया के माध्यम से इकॉनामी क्लास में गृह नगर से विदेशी संस्थान तक आने–जाने का किराया शामिल है।

U;ure vgrk %

पीएचडी के लिए : प्रासंगिक मास्टर डिग्री में प्रथम श्रेणी अथवा 55 प्रतिशत (पचपन प्रतिशत) अंक अथवा समकक्ष ग्रेड। मास्टर डिग्री के लिए : प्रासंगिक स्नातक डिग्री में 55 प्रतिशत (पचपन प्रतिशत) अंक अथवा समकक्ष ग्रेड।

आयु : स्कीम के विज्ञापन के माह के प्रथम दिन की स्थिति के अनुसार 35 (पैंतीस) वर्ष से कम।

आय सीमा : प्रति वर्ष 6.00 लाख रुपए

परिवार में अधिकतम दो बच्चे : एक ही माता–पिता/संरक्षकों के दो से अधिक दिव्यांग बच्चे पात्र नहीं होंगे।

foÙkh; lgk;rk dh ieek=k%

	HkÙk dh idkj	jkf'k
1.	वार्षिकी रखरखाव भत्ता	यू.के. हेतु – जीबीपी 9,900/–
		अन्य देशों हेतु – 15,400/– अमरीकी डालर
2.	वार्षिक आकस्मिक भत्ता	यू.के. हेतु – जीबीपी 1,100/–
		अन्य देशों हेतु – 1,500/– अमरीकी डालर
3.	प्रासंगिक यात्रा भत्ता	अन्य देशों हेतु – 20/–अमरीकी डालर
4.	उपकरण भत्ता	1500/–रुपए
5.	ट्यूशन फीस, एयर पैसेज की लागत, स्थानीय यात्रा, पोल कर, वीजा फीस, चिकित्सा बीमा लाभांश	वास्तविक व्यय की प्रतिपूर्ति की जाएगी

vokM dh vof/k &¼d½ ih,pMh grq & 4 o"kZ ¼[k½ ekLVj fMxzh grq & 3 o"kZ

dSls vkosnu djs%

स्कीम दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा कार्यान्वित की जा रही है। समाचार पत्रों और विभाग की वैबसाइट में विज्ञापनों का प्रकाशन करके आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विभाग को प्राप्त आवेदनों की जांच की जा रही है तथा चयन की प्रक्रिया जारी है।

7-3-5- fnO;kax Nk=ksa ds fy, fu%'kqYd dksfpax

1. दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने दिव्यांग छात्रों को निःशुल्क कोचिंग की योजना हेतु केन्द्रीय क्षेत्रक योजना शुरू की है।

2. योजना का उद्देश्य कम से कम 40 प्रतिशत अथवा इससे अधिक दिव्यांगता वाले आर्थिक रूप से कमजोर दिव्यांग छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं में बैठने के सक्षम बनाने और सरकारी/सार्वजनिक/निजी क्षेत्र में एक उपयुक्त नौकरी प्राप्त करने में सक्षम हो जाने हेतु कोचिंग मुहैया कराना है।

3. इस योजना के अंतर्गत निम्नलिखित पाठ्यक्रमों के लिए दिव्यांग छात्रों को कोचिंग प्रदान की जाएगीः–

   (i) संघ लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग और विभिन्न रेलवे भर्ती बोर्डों द्वारा आयोजित किये जाने वाली समूह 'क' और 'ख' की परीक्षायें।

   (ii) राज्य लोक सेवा आयोगों द्वारा आयोजित की जाने वाली समूह 'क' और 'ख' की परीक्षायें।

(iii) इसके अंतर्गत अधिकारी स्तर पदो ंके लिए बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान (आईबीपीएस), राष्ट्रीयकृत बैंकों, सरकारी बीमा कंपनियों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा आयोजित की जाने वाली भर्ती परीक्षाएं।

(iv) (क) इंजीनियरिंग (अर्थात आई.आई.टी.–जेईई एवं एआईईई), (ख) मेडिकल (अर्थात एआईपीएमटी), (ग) व्यावसायिक कोर्सों–जैसे प्रबंध (अर्थात कैट) और लॉ (अर्थात कलाट) और (घ) ऐसे अन्य क्षेत्रों में जिनका मंत्रालय द्वारा समय–समय पर निर्धारण किया जायेगा, प्रवेश हेतु प्रमुख प्रवेश परीक्षायें।

4. योजना प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थानों के माध्यम से कार्यान्वित की जाएगी। दिव्यांग छात्र, जिनकी सभी स्रोतों से पारिवारिक वार्षिक आय 6.00 लाख रूपये अथवा इससे कम होगी, इस योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने के पात्र होंगे।

5. दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार योजना की नियम व शर्तो के अनुसार और संबंधित कोचिंग संस्थान के साथ किए गए समझौतें के तहत चयनित दिव्यांग अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराए गए कोचिंग के पूरे खर्च की निधियों का भुगतान किया जाएगा। कोचिंग कक्षाओं में भाग लेने हेतु स्थानीय छात्रों को 2500/– रूपये प्रति छात्र की दर से मासिक छात्रवृत्ति प्रदान की जायेगी। इसी प्रकार से बाहरी छात्रों को 5000/– रूपये प्रति छात्र की दर से मासिक छात्रवृत्ति प्रदान की जायेगी। रीडर भत्ते, एस्कोर्ट भत्ते, सहायक भत्ते आदि हेतु 2000/– रूपये प्रति छात्र की दर से प्रतिमाह विशेष भत्ता प्रदान किया जायेगा।

7-3-6 fn0;kx tuk dk jkt xkj miyC/k djku gr futh lDVj fu;kDrkvk dk ikRlkgu

Ldhe d mÌ'; rFkk lkjk'k %

स्कीम का उद्देश्य निजी क्षेत्र में दिव्यांगजनों के रोजगार को प्रोत्साहित करना है।

स्कीम के अंतर्गत घटक :

योजना में ईपीएफ और ईएसआई को नियोक्ता के अंशदान का भुगतान सरकार द्वारा किए जाने की परिकल्पना है।

नियोक्ता को अपने दिव्यांग कर्मचारियों के ईपीएफ/ईएसआई के अंशदन को जमा कराने की आवश्यकता नहीं है। नियोक्ताओं को ईपीएफओ/ईएसआईसी को मात्र उनके द्वारा की गई नियुक्तियों के संबंध में सूचित करने और कर्मचारियों के अंशदान को प्रस्तुत करने की जरूरत है। ईपीएफओ और ईएसआईसी द्वारा नियोक्ता के अंशदान को दिव्यांग कर्मचारियों के संबंधित खातों में जमा कर दिया जाएगा। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग अग्रिम रूप में ईपीएफओ/ईएसआईसी को भुगतान करेगा।

योजना निजी क्षेत्र में वेतन/मजदूरी की अधिकतम सीमा को अनदेखा करते हुए नियुक्त किए गए सभी दिव्यांगजनों पर लागू है ।

ईपीएफ/ईएसआई के अंशदान पर वर्तमान में नियोक्ताओं द्वारा जमा कराया जा रहा उचित प्रशासनिक प्रभार (मौजूदा दर पर) डीईपीडब्ल्यूडी द्वारा वहन किया जाएगा।

सरकार द्वारा ईपीएफ और ईएसआई को 10 वर्षों तक नियोक्ता के अंशदान का भुगतान किया जाना है ।

ग्रेच्युटी अधिनियम के लागू प्रावधानों के तहत नियोक्ता द्वारा जमा की जाने वाली दिव्यांग कर्मचारियों को देय और स्वीकार्य अपेक्षित ग्रेच्युटी की एक तिहाई राशि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा वहन की जाएगी।

इस संबंध में योजना में एक प्रावधान है कि यदि कोई निजी नियोक्ता पीडब्ल्यूडी को किसी विशेष शिल्प में प्रशिक्षु के रूप में रखता है और प्रशिक्षु अवधि के पूरा होने पर उन्हें नियुक्त करता है, प्रशिक्षुता अवधि के दौरान पीडब्ल्यूडी को देय वजीफा दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा वहन किया जाएगा।

7-3-7 fn0;kaxtuksa esa dkS'ky izf'k{k.kkFkhZ jk"Vªh; dk;Z ;kstuk ¼,u,ih½

राष्ट्रीय कार्ययोजना (एनएपी) की योजना केंद्रीय सरकार के विभिन्न मंत्रालय, राज्य सरकारों, गैर–सरकारी संगठनों, पीएसयू तथा निजी क्षेत्र जैसे सभी मुख्य हितधारकों को एक मंच पर लाने की है। एनएपी में निम्नलिखित घटक शामिल होंगे।

1. राष्ट्रीय कार्य योजना के कार्यान्वयन हेतु वित्तीय सहायता सिपडा (निःशक्तजन अधिनियम, 1995 के कार्यान्वयन की स्कीम) के अंतर्गत उपलब्ध कराई जाएगी।

2. एमएसडीई के सहयोग से डीईपीडब्ल्यूडी में एक परियोजना प्रबोधन इकाई गठित की गई है। डीईपीडब्ल्यूडी और एमएसडीई में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

3. श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे व्यावसायिक पुनर्वास केंद्रों सहित सरकारी तथा गैर–सरकारी दोनों क्षेत्रों में प्रशिक्षण साझेदारों की अगुवाई में कौशल प्रशिक्षण प्रदाताओं के नेटवर्क द्वारा व्यावसायिक/कौशल प्रशिक्षण पद्रान किया जाएगा।

4. एमएसडीई के सहयोग से पीडब्ल्यूडी के लिए एक पृथक क्षेत्र कौशल परिषद स्थापित की गई।

5. ऐसे प्रत्येक प्रशिक्षण कलस्टर हेतु, उनके निजी क्षेत्रीय संगठन तथा पीएसयू नक्शा तैयार करेंगे, जो उन्हें सीएसआर निधि और प्रशिक्षण सहायता उपलब्ध कराएगा तथा नियोक्ता से जोड़ेगा।

6. राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के साथ डीईपीडब्ल्यूडी इन प्रशिक्षण प्रदाताओं की रोजगार संपर्क कराने तथा सीएसआर सहायता प्राप्त कराने हेतु उन्हें विभिन्न क्षेत्रीय संगठनों तथा पीएसयू से जोड़कर मदद करेगा।

7. दिव्यांगो के कौशल विकास की योजना के तहत, वित्तीय सहायता ईटीपी (एम्पेनलड ट्रैनिंग पार्टनर्स) को प्रदान की जाती है। ईटीपी के लिए देय राशि में प्रशिक्षण लागत शामिल है जो कि व्यापार, प्रशिक्षण घंटे और प्रति घंटा की दर पर आधारित है, जो कि कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय द्वारा निर्धारित है। इसके अतिरिक्त, पूर्वोत्तर राज्यों के ईटीपी को 10 प्रतिशत प्रदान किया जाता है। दिव्यांगजनों के लिए प्लेसमेंट गतिविधियों को को बढ़ावा देने के लिए 'आउटरीच गतिविधि लागत' जैसे नौकरी मेलों का आयोजन करके प्रति उम्मीदवार 5000 रू. प्रति प्रशिक्षण भागीदारों को भी प्रदान किए जाते है।

8. दिव्यांगों से कोई प्रशिक्षण शुल्क नहीं लिया जाता है, बल्कि उन्हें निम्न चीजे प्रदान की जाती है।
   - बोर्डिंग और लॉजिंग कॉस्ट (हॉस्टलर्स के मामले में)
   - वाहन लागत (गैर–हॉस्टेलर्स के मामले में)
   - निजी सहायक सहायता के लिए प्रति उम्मीदवार 5000 रू.।

9. विभाग दिव्यांगजनों के प्लेसमेंट के बाद उनका ख्याल रखता है और साथ ही उन्हें पोस्ट प्लेसमेंट सहायता के रूप में 3000 रू. प्रति माह 2 से 6 माह के लिए प्लेसमेंट की जगह के आधार पर प्रदान करता है। महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत आरक्षण हैं।

10. 2014–15 से 2016–17 तक 81,318 दिव्यांगजनों के कौशल प्रशिक्षण के लिए 65.30 करोड़ रुपये जारी किए गए। 2017–18 के दौरान 9895 दिव्यांगजनों के प्रशिक्षण के लिए 14.32 करोड़ रू. जारी किए गए। 31.01.2018 तक दिव्यांगजनों के कौशल विकास के उद्देश्य के लिए 237 प्रशिक्षण साझेदारों (25 सरकारी, 212 एनजीओ) का पैनल तैयार किया गया है।

7-3-8 tkx:drk l`tu rFkk ipkj Ldhe ¼,th ,M ih Ldhe½

जागरूकता सृजन एवं प्रचार स्कीम सितम्बर, 2014 में चलाई गई तथा वित्तीय वर्ष 2014–15 से आगे के लिए प्रचालित है। इस स्कीम को बेहतर और कारगर परिणामों हेतु कार्यान्वयन के व्यापक आधार के लिए सरल बनाने तथा इसके कार्यक्षेत्र, उद्देश्य, पात्रता आदि को बढ़ाने हेतु वित्तीय वर्ष 2015–16 में संशोधित किया गया।

स्कीम के तहत सहायता निम्न को प्रदान की जाएगी, दिव्यांगजनों के ऑनलाइन काउंसलिंग के लिए हेल्पलाइन, विषय वस्तु का विकास प्रकाशन और समाचार मीडिया, राष्ट्रीय कार्यक्रमों को आयोजित करना अंतर्राष्ट्रीय पहलों सहभागिता अथवा एजीओं अथवा स्वयं सहायता समूहो द्वारा आयोजित विविध कार्यक्रमों की सहायता करना, वाणिजिक प्रतिष्ठानों और नियोक्ताओं को जागरूक बनाने के लिए स्वयं सेवा और आउटरीच कार्यक्रम, मनौरंजन एवं पर्यटन, सामुदायिक रेडियों में सहभागिता, मीडिया गतिविधियां, जॉब मेलों सहित दिव्यांगजनों हेतु कौशल विकास एवं रोजगार विकास हेतु जागरूकता अभियान में सहायता करना;दिव्यांगजनों की विशेष आवश्यकताओं पर नियोक्ताओं में संचेतना पैदा करना; जिसमें सुगम्य भवन, सुलभ परिवहन, सुलभ वेबसाइटें शामिल हैं, का सृजन करके तथा सुगम्य लेखापरीक्षा करके सार्वभौमिक सुलभता के बारे में जागरूकता फैलाने में सहायता करना; सक्षमता सेक्टर के क्षेत्र में पृथक–पृथक श्रेष्ठता को बढ़ाना; दिव्यांगजनों जिनकी कार्यक्रमों, जागरूकता अभियानों आदि के माध्यम से सहायता की जानी है, में प्रतिभा और कौशल को प्रोत्साहित करने के लिए खेलकूद तथा एबीलिम्पिंग क्रियाकलाप करना है।

Ldhe d vrxr miyC/k lgk;rk

(क) अल्पावधि परियोजनाएं (एकबारगी के कार्यक्रम) अथवा परियोजनाएं 6 माह की अवधि से ज्यादा के नहीं होने चाहिएं); वितरण दो किस्तों में निम्नानुसार किया जाएगा :

75 प्रतिशत – अनुमोदन, स्वीकृति पर, आवश्यक बांड आदि के निष्पादन पर

25 प्रतिशत – मदवार व्यय के साथ लेखा की लेखापरीक्षा विवरण, प्रथम किस्त के लिए अंतिम रिपोर्ट और यूसी की प्राप्ति पर

(ख) दीर्घावधि परियोजनाएं (6 माह तथा और अधिक अवधि की परियोजनाएं); अनुमोदन, परियोजना की स्वीकृति तथा बैंक गारंटी/बांड के कार्यकाल आदि भेजने पर

40 प्रतिशत – अनुमोदन, परियोजना की स्वीकृति तथा बैंक गारंटी/बांड के कार्यकरण आदि ले जाने पर

40 प्रतिशत – प्रगति समीक्षा, प्रथम किस्त के यूसी की प्राप्ति के बाद

20 प्रतिशत – अंतिम रिपोर्ट, पूर्ण राशि के लिए यूसी; तथा मदवार व्यय के साथ लेखा के लेखापरीक्षित विवरण की प्राप्ति पर

जब स्कीम के अंतर्गत एक क्रियाकलाप केंद्र/राज्य सरकार के तहत सीधे ही संस्थाओं द्वारा शुरू किया जाता है, निधि वास्तविक अपेक्षाओं के अनुसार संस्वीकृत तथा जारी की जाएगी।

vuqnku@foÙkh; lgk;rk ds fy, ik= laxBu

1. स्व–सहायता समूह
2. एडवोकेसी तथा सेल्फ – एडवोकेसी संगठन
3. समाज के रवैये में परिवर्तन लाने तथा उसके संघटन हेतु कार्यरत माता–पिता एवं समुदाय
4. मनोवैज्ञानिक तथा भावानात्मक सहायता सेवा
5. समुदाय आधारित पुनर्वास संगठन
6. पीडब्ल्यूडी की व्यथा निपटान तथा समाज से अलग–अलग रहने का उन्मूलन करके, सहायता सेवाएं उपलब्ध कराकर श्रम बाजार कार्यक्रमों, व्यावसायिक प्रशिक्षण, सामाजिक बीमा, सहित अक्षमता सेक्टर के क्षेत्र में कार्यरत संगठन
7. विभागों, विश्वाविद्यालयों, संस्थाओं, कॉलेजों आदि सहित केंद्र/राज्य सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण में संगठन।

ik=rk ekud

1. सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 अथवा भारतीय न्यास अधिनियम 1982 के अंतर्गत पंजीकृत कोई लोक न्यास, अथवा धर्मार्थ और धर्मदा वृत्तिका अधिनियम, 1920 अथवा कंपनी अधिनियम आदि के धारा 8 के अंतर्गत पंजीकृत कोई निगम अथवा केंद्र/राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के किसी प्रासंगिक अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत सहित 4(क) के अंतर्गत संगठनों के लिए पंजीकृत संगठन के रूप में कम से कम तीन वर्ष रहा हो।
2. संगठन को गैर–लाभप्रद तथा लाभ के लिए नहीं संगठन अथवा इसमें लाभ यदि कोई हो, अथवा धर्मार्थ को बढ़ावा देने में अन्य आय का उपयोग करना चाहिए।
3. विभागों, विश्वविद्यालयों, संस्थाओं, कॉलेजों आदि अथवा कंपनी अधिनियम की धारा 8 के अंतर्गत पंजीकृत किसी निगम अथवा केंद्र/राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के किसी प्रासंगिक अधिनियम के तहत पंजीकृत सहित केंद्र/राज्य सरकार के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन संगठन पीडब्ल्यूडी अधिनियम के तहत पंजीकरण की शर्तों से छूट प्राप्त है।
4. संबंधित राज्य सरकार से संस्तुत के किए जाने के लिए अपेक्षित एजीओ के प्रस्तावों को नीति आयोग के पोर्टल पर विशेष आईडी विवरणों के साथ पंजीकृत होना चाहिए।
5. संगठन को यह प्रमाणित करना होगा कि वह पीएफएमए के अग्रिम व्यय और स्थानन्तरण (ईएटी) मोड्यूल का प्रयोग करते हुए पीएफएमएस पोर्टल पर निधियों को जारी करेगा।

7-4 ftyk fodykax iqujokZl dsUnz ¼MhMhvkjlh½

दिव्यांगजनों को जमीनी स्तर पर व्यापक पुनर्वास सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए और जिला स्तर पर बुनियादी ढांचे के क्षमता निर्माण सुविधाजनक बनाने के लिए जागरूकता सर्जन पुनर्वास और पुनर्वास व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिए सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार की आउटरीच गतिविधियों के लिए जिला विकलांग पुनर्वास केन्द्र (डीडीआरसी) शुरू किया गया था। डीडीआरसी की स्थापना की स्कीम नौंवी पंचवर्षीय योजना में प्रारंभ की गई थी और आज तक जारी है।

MhMhvkjlh dk mÌs';

डीडीआरसी के बृहत उद्देश्य निम्नानुसार है :—

- शिविर दृष्टिकोण के माध्यम से दिव्यांगजनों का पता लगाना तथा सर्वेक्षण;
- दिव्यांगता के निवारण को प्रोत्साहन देने हेतु जागरूकता विकास;
- शीघ्र हस्तक्षेप; सहायक उपकरणों की जरूरत का मूल्यांकन, सहायक उपकरणों का प्रावधान/फिटमेंट, सहायक उपकरणों का फोलोअप/मरम्मत;
- थेराप्युटिक सेवाएं अर्थात फिजियोथरेपी, व्यवसाय चिकित्सा, वाक चिकित्सा आदि;
- दिव्यांगजनों के लिए दिव्यांगता प्रमाणपत्र, यूडीआईडी कार्ड, बस पास और अन्य छूट तथा सुविधाएं;
- सरकारी तथा धर्मार्थ संस्थान के माध्यम से चिकित्सीय करेक्शन हेतु रेफरेल और प्रबंधन;
- एनएचएफडीसी के राज्य चैनेलाइजिंग एजेंसियों सहित बैंकों तथा अन्य वित्तीय संस्थाओं के माध्यम से स्व—रोजगार के लिए ऋणों का प्रबंधन;
- दिव्यांगजनों, उनके माता—पिता तथा परिवार के सदस्यों को परामर्श देना;
- बाधामुक्त वातावरण का उन्नयन;
- दिव्यांगजनों के लिए शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण तथा रोजगार बढ़ाकर सहायक और पूरक सेवाएं उपलब्ध कराना।
- अध्यापकों, समुदाय और परिवारों को अभिविन्यास प्रशिक्षण उपलब्ध कराना;
- शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण तथा रोजगार के लिए प्रारंभिक प्रोत्साहन तथा प्रारंभिक प्रेरणा हेतु दिव्यांगजनों को प्रशिक्षण उपलब्ध कराना;
- स्थानीय संसाधनों को ध्यान में रखते हुए दिव्यांगजनों के लिए उपयुक्त व्यवसायों का पता लगाना तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण की डिजाइनिंग और उन्हें उपलब्ध कराना तथा उपयुक्त जॉबस का पता लगाना ताकि उन्हें आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाया जा सके।
- मौजूदा शैक्षणिक, प्रशिक्षण तथा व्यावसायिक संस्थाओं हेतु रेफरल सेवाएं उपलब्ध कराना।

अब तक 263 डीडीआरसी की स्थापना की गई है (अर्थात कम से कम एक बार अनुदान सहायता दी गई) चालू वर्ष 2017—18 में उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड, चित्तौरगढ़, राजस्थान और शोलापुर, महाराष्ट्र में नई डीडीआरसी की स्थापना की वर्ष 2017—18 के दौरान (31.12.2017 तक) डीडीआरसी को जारी निधियों के ब्यौरे अनुलग्नक—12 ।

डीडीआरसी स्कीम को संशोधित किया गया है और यह 1.04.2018 से प्रभावी होगी संशोधित स्कीम के तहत, डीडीआरसी केवल 'दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 (सिपडा) के कार्यान्वयन के लिए स्कीम' के माध्यम से वित्त पोषित किया जाएगा।

Ldhe dh izeq[k fo’ks"krk,¡

1. डीडीआरसी के लिए अनुदान सह सहायता केवल सिपडा योजना के तहत जारी की जाएगी और अनुदान की कोई मांग नहीं होगी।

2. आवर्ती और गैर–आवर्ती व्यय के लिए लागत मानदंडों को संशोधित किया गया है और इसे 01.04.2018 से लागू किया जाएगा। मानदेय और आकस्मिक खर्चों के आवर्ती अवयवों को 2.5 गुना बढ़ा दिया गया है। उपकरणों के गैर–आवर्ती घटक को 7 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रूपये कर दिया गया है। हिमालयी राज्यों (जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड), उत्तर–पूर्व राज्यों, संघ शासित प्रदेशों, एलडब्ल्यूई प्रभावित जिलों और अंतरराष्ट्रीय सीमाओं के आसपास के जिलों के विशेष क्षेत्रों में स्थित डीडीआरसी के पेशेवरों को देश के बाकी हिस्सों के लिए निर्धारित दरों तुलना में 20 प्रतिशतः अधिक मानदंड की हकदारी मिलेगी।

MhMhvkjlh dk ykxr ekunaM dk vuqlkj izfro"kZ ¼yk[k :- esa½

fooj.k	ykxr ekunaM ¼izfro’k½	
	lkekU;	fo'ks’k {ks=
मानदेय	23.40	28.08
आक्समिक व्यय	5.25	5.25
उपकरण (केवल प्रथम वर्ष के लिए)	20.00	20.00
जीआईए केवल प्रथम वर्ष के लिए	48.65	53.33
जीआईए केवल दूसरे वर्ष के बाद से	28.65	33.33

3. कर्मचारियों की संख्या 10 से बढ़कर 12 हो गई है। जिला प्रबंधन दल (डीएमटी) द्वारा तय किए गए डीडीआरसी या एक उपयुक्त राज्य सरकार के मौजूदा पेशेवरों में से एक को जिला अपंगता पुनर्वास अधिकारी (डीडीआरओ) के रूप में नामित किया जाएगा, जो डीडीआरसी के समन्वय प्रबंधन और प्रशासन के लिए जिम्मेदार होगा और उन्हें प्रति माह / 2000 रू.– का मानदेय दिया जाएगा।

4. राज्य सरकारों से डीडीआरसी के कारगर कार्यकरण में और अधिक सक्रिय भूमिका अदा करने की प्रत्याशा है। राज्य/जिला प्रशासन की और अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए, राज्य सरकार कारगर ढंग से उनको विभिन्न क्रियाकलापों को शुरू करने हेतु डीडीआरसी की अन्य जरूरतों व मानदेय की उपयुक्त रूप से पूर्ति कर सकती है।

राज्य सरकारें डीडीआरसी स्कीम के बृहत अनुबंध के भीतर धरातलीय सच्चाई पर विचार करते हुए डीडीआरसी के कारगर कार्यों हेतु आशोधन करने के लिए डीएमटी के अध्यक्ष के रूप में अपनी क्षमता के तहत जिला कलेक्टरों को प्राधिकृत कर सकती है।

राज्य सरकारें केंद्रीय फंडों को जारी करने में कार्यविधि के क्षेत्र में कठिनाइयों से पार पाने के लिए उनके डिस्पोजल पर स्थानीय निधि में से अंतरिम अग्रिम राशि देने हेतु भी जिला कलेक्टरों को प्राधिकृत कर सकती हैं।

8 अध्याय केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम(सीपीएसईज)

8-1- jk"Vªh; fodykax foÙk vkj fodkl fuxe

राष्ट्रीय विकलांग वित्त और विकास निगम (एनएचएफडीसी) की स्थापना सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 24 जनवरी, 1997 में की गई थी। यह कंपनी कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 25 (कंपनी अधिनियम 2013 के धारा 8) के अधीन एक ''लाभनिरपेक्ष'' कंपनी के रूप में पंजीकृत है। यह पूर्णतया भारत सरकार द्वारा स्वाधिकृत है तथा इसकी 400 करोड़ रूपए (चार सौ करोड़ रूपए मात्र) की अधिकृत शेयर पूंजी तथा 361.95 करोड़ रूपए की प्रदत्त पूंजी है। कंपनी का प्रबंधन भारत सरकार द्वारा नामित निदेशक मंडल द्वारा किया जाता है।

1- fuxe dk e[; mís'; fuEukuqlkj gS(

1. दिव्यांगजनों के लाभार्थ आर्थिक विकास गतिविधियों तथा स्व–रोजगार उद्यमों को प्रोत्साहन देना।
2. स्व–रोजगार उद्यमों के समुचित एवं कुशल प्रबंधन के लिए दिव्यांगजनों के उद्यम–कौशल के उन्नयन हेतु ऋण प्रदान करना।
3. दिव्यांगजनों को व्यवसायिकध्तकनीकी शिक्षा हेतु ऋण प्रदान करना ताकि वे व्यवसायिक पुनर्वास/ स्व–रोजगार हासिल कर सकें।
4. स्व–रोजगार करने वाले दिव्यांगजनों को उनके उत्पादों के विपणन हेतु सहायता प्रदान करना।

2- dk;Zç.kkyh ,oa çfØ;k%

एनएचएफडीसी राज्य सरकार (रों) द्वारा नामित राज्य चौनल एजेन्सियों (एससीएज) और अन्य एजेन्सियों के माध्यम से दिव्यांगजनों हेतु निधियों के प्रवाह हेतु एक शीर्ष संस्था के रूप में कार्य करता है।

¼d½ ØfMV vk/kkfjr xfrfof/k;k

एनएचएफडीसी 40 प्रतिशत अथवा इससे अधिक दिव्यांगता और 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी ग्राह्यापात्र भारतीय नागरिकों को आय जननकारी इकाई स्थापित करने के लिए सुविधाजनक शर्तों पर रियायती ऋण के रूप में वित्तीय सहायता प्रदता

विभिन्न योजनाओं का विस्तृत विवरण यहां नीचे दिया गया है:

Øe l¡[;k	;kstuk	vf/kdre _.k ¼yk[k :i,½	ykHkkFkh }kjk n;s C;kt nj	_.k p¡dku¡ g¡r¡ vf/kdre vof/k
1	विक्रयध्व्यापार गतिविधि में छोटा व्यवसाय	5.00	5-6%	10 वर्ष
2	सेवा क्षेत्र में लघु व्यवसाय	7.50	5-7%	10 वर्ष
3	वाणिज्यिक वाहनों की खरीद	10.00	5-7%	10 वर्ष
4	विशेष श्रेणी वाणिज्यिक वाहनों की खरीद	25.00	5-8%	10 वर्ष
5	लघु औद्योगिक इकाई	25.00	5-8%	10 वर्ष
6	कृषि गतिविधियां	10.00	5-7%	10 वर्ष
7	मानसिक अवमंदता तथा ऑटिज्म पीड़ितो के लिए स्व–रोजगार	10.00	5-7%	10 वर्ष
8	दिव्यांग युवा पेशेवरों के लिए ऋण	25.00	5-8%	10 वर्ष
9	स्वयं की भूमि पर व्यवसाय परिसर विकसित करने हेतु स्कीम	3.00	5-6%	10 वर्ष
10	सहायक उपकरणां के क्रय हेतु स्कीम	5.00	5-6%	10 वर्ष
11	विदेश में अध्ययन हेतु शिक्षा ऋण	20.00	4% (पुरुष) 3.5%(महिला)	7 वर्ष
12	भारत में अध्ययन हेतु शिक्षा ऋण	10.00	4% (पुरुष) 3.5%(महिला)	7 वर्ष
13	व्यवसायिक अध्ययन के लिए ऋण	2.00	5-6%	7 वर्ष
14	मानसिक अवमंदित व्यक्तियां के लिए अभिभावक एसोसियेशन ऋण	5.00	5-6%	10 वर्ष
15	सूक्ष्म क्रेडिट स्कीम (एससीएज के माध्यम से)	10.00 / एनजीओ (रू. 0.50 लाख / लाभार्थी)	Up to 5%	3 वर्ष
16	दिव्यांग सेक्टर में उनकी क्षमता विस्तार के लिए कार्यरत गैर सरकारी संगठनों (एनजीओज) हेतु योजना	5.00	5-6%	5 वर्ष

दिव्यांग महिलाओं को सभी स्व–रोजगारों में ब्याज पर 1 प्रतिशत और शिक्षा ऋण स्कीम के अधीन ब्याज पर 0.5 प्रतिशत की छूट दी जाती है।

वीएच/एचएच/एमआर को सभी स्व–रोजगारों में ब्याज पर 0.5 प्रतिशत की छूट दी जाती है।

[k xj ØfMV vk/kkfjr xfrfof/k;k¼

एनएचएफडीसी अपने उद्देश्य की प्राप्ति के लिए दिव्यांगजनों को निधियां उपलब्ध कराता है तथा उनकी रूचि की विभिन्न गतिविधियों का आयोजन भी करता है। ये हैं:

1. ईडीपी/कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम रू कौशल एवं उद्यमिता विकास की स्कीम के अंतर्गत प्रशिक्षण संचालन/प्रायोजन के लिए अनुदान के रूप में वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाती है।

2. प्रचार एवं जागरूकता रू एनएचएफडीसी क्रियान्वन एजेन्सियों को एनएचएफडीसी स्कीमों के विज्ञापन एवं प्रचार के लिए निधियां भी उपलब्ध कराता है।

3 Nk=ofÙk ;kstuk¼

एनएचएफडीसी दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की छात्रवृत्ति योजना (ट्रस्ट फंड) कार्यान्वित कर रही है।

4 çn'kZu vkj mifC/k;k¼2017&18½

i) पद्धभौतिक और वित्तीय उपब्धियां

चालू वित्त वर्ष (31.12.2017 तक), ऋण योजनाओं के तहत एनएचएफडीसी की भौतिक और वित्तीय उपलब्धि निम्नानुसार है:

Øe l[;k	fooj.k	jkf'k ¼djksM+ :i, e½	ykHkkfFkZ;ksa dh l[;k ¼*½
i)	स्वीकृति	21.62	2097
ii)	संवितरण	21.54	2127

* विमोचित अग्रिम निधि के विरूद्ध औसत ऋण आधार पर लाभार्थियों की अनुमानित संख्या सहित 5 पहलें:

निगम ने आउटरीच का विस्तार करने के लिए हाल ही में कुछ पहल की हैं। ये निम्नानुसार हैं:

क) एनएचएफडीसी की ऋण प्रदाय नीति की प्रभावोत्पादकता एवं पहुंच बढ़ाने के लिए उदारीकरण:

(i) एससीए का प्राधिकरण के प्रतिनिधिमंडल: एससीए के प्राधिकारी ने लाभार्थियों को ऋण प्रत्येक परियोजना 5.0 लाख रू. से 10.00 लाख रू. बढाने को मंजूरी दी है। अब एससीए प्राधिकारी के प्रतिनिधिमंडल के तहत अग्रिम निधियों से 10.00 लाख रू. तक का ऋण मंजूर और जारी कर सकता है।

(ii) एनएचएफडीसी बिक्रीध्सेवा गतिविधि स्कीमों के तहत उच्च ऋण सीमा का सवर्द्धन:–

उच्च ऋण सीमा निम्नलिखित दो श्रेणियों के तहत बढाई गई है:–

		पूर्व	संशोधित
1)	बिक्री और व्यापार क्षेत्र में गतिविधि:	रुपए 3.00 लाख	रुपए 5.00 लाख
2)	सेवा क्षेत्र की गतिविधि:	रुपए 5 लाख	रुपए 7.50 लाख

(iii) सीजीटीएमएसई शर्त में शिथिलता :– अब पार्टनर बैंक स्व–रोजगार के लिए एनएचएफडीसी स्कीम के अधीन दिव्यांगजनों को 25.00 लाख रूपए तक का ऋण रियायती दर पर प्रदान कर सकते हैं भले ही ये गतिविधियां सीजीटीएमएसई के अधीन आवृत्त हैं अथवा नहीं।

(iv) प्रमस्तिष्क घात ('सेरेब्रल पाल्सी') (सीपी) शब्द के रूप में योजना में प्रर्दशित किया गया था, मानसिक मंदता, प्रमस्तिष्क घात ('सेरेब्रल पाल्सी') अथवा स्वलीनता व्यक्तियों से हटा दिया गया है। प्रमस्तिष्क घात से ग्रस्त व्यक्ति को अन्य श्रेणियों अर्थात अस्थि विकलांग, श्रवण शक्ति का ह्रास, दृष्टि दिव्यांग की तरह निगम की अन्य सभी योजनाओं के अंतर्गत सहायता करने के लिए अनुमति दी है।

(ख) गैर–बैंकिंग वित्तीय कम्पनी–सूक्ष्म वित्त संस्था (एनबीएफसी–एमएफआई) इत्यादि के साथ भागीदारी

एनएचएफडीसी ने एनबीएफसी–एमएफआई के व्यापक चौनल के माध्यम से दिव्यांगजनों को रियायती क्रेडिट के प्रवाह हेतु एनबीएफसी–एमएफआई के साथ गठबंधन की प्रक्रिया आरंभ की है क्योंकि वहां अंतिम छोर के वित्तपोषक हैं। इससे एनएचएफडीसी को विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में, बड़ी संख्या में दिव्यांगजनों तक पहुंचने में सहायता मिलेगी, और अन्य क्षेत्र जहां नियमित चौलेलाइजिंग एजेंसियां काम नहीं कर रही हो।

(ग) दिव्यांगजनों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर जॉब पोर्टल:–

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के मार्गदर्शन में, एनएचएफडीसी ने दिव्यांगजनों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर जॉब पोर्टल (www.disabilityjobs.gov.in) विकसित किया है। जॉब पोर्टल सिंगल प्लेटफार्म से दिव्यांगजनों को जॉब के अवसर, स्वरोजगार ऋण, कौशल प्रशिक्षण, शिक्षा ऋण आदि प्रदान कराता है।

घ) सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के साथ करार –

एनएचएफडीसी ने स्वरोजगार और उच्च शिक्षा के लिए एनएचएफडीसी योजनाओं के तहत दिव्यांगजनों को रियायती क्रेडिट के प्रवाह हेतु स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद, आंध्र प्रदेश ग्रामीण विकास बैंक, मध्यांचल ग्रामीण बैंक, नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक, झारखंड ग्रामीण बैंक, पंजाब ग्रामीण बैंक के साथ समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। अन्य बैंकों के साथ ऐसे समझौतों के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं।

(ङ) राज्य/संघ शासित क्षेत्र में राष्ट्रीय विकलांग वित्त और विकास निगम (एनएचएफडीसी) की योजनाओं तथा कार्यक्रमों के कार्यान्वयन की निगरानी प्रणाली:

एनएचएफडीसी के पास अपनी योजनाओं और कार्यक्रमों के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए निम्नलिखित आंतरिक तंत्र मौजूद है:

i) ऋण का उपयोग:

क्रियान्वयन एजेन्सियों को उपलब्ध कराई गई निधियों का उपयोग निधियां जारी करने की तिथि से 90 दिन की अवधि के भीतर किया जाना आवश्यक है। क्रियान्वयन एजेन्सियों को जारी राशि के उपयोग के संबंध में ब्यौरें प्रस्तुत करना अपेक्षित है।

ii) राष्ट्रीय और क्षेत्रीय सम्मेलन/कार्यशालाएंः

एनएचएफडीसी इसकी कार्यान्वयन एजेंसियों के राष्ट्रीय और क्षेत्रीय सम्मेलनध्कार्यशालाएं नियमित रूप से आयोजित करता है।एनएचएफडीसी स्कीमों के कार्यान्वयन के संबंध में ऐसे सम्मेलन/कार्यशालाओं की समीक्षा की जाती है। संबंधित राज्यों में एनएचएफडीसी स्कीमों के कार्यान्वयन के संबंध में अवरोधों/समस्याओं पर विचार–विमर्श एवं मूल्यांकन किया जाता है। उपरोक्त विचार–विमर्श के आधार पर एनएचएफडीसी के उद्देश्यों के दायरे में नीतियों को उचित रूप से संशोधित किया जाता है।

iii) आंतरिक समीक्षा बैठकः

विभिन्न कार्यान्वयन एजेंसियों द्वारा एनएचएफडीसी योजनाओं के कार्यान्वयन की नियमित समीक्षा की जाती है तथा योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए उपयुक्त उपाय किए जाते हैं।

6 दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए न्यास निधि में से वित्त पोषित दिव्यांग छात्रों के लिए छात्रवृत्ति योजनाः–

निगम ने वर्ष 2011–12 से दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए न्यास निधि में से वित्त पोषित दिव्यांग छात्रों के लिए छात्रवृत्ति स्कीम का कार्यान्वयन कर रहा है।

वर्ष 2011–12 से चालू वित्त वर्ष (31.12.2017 तक) के दौरान दिव्यांग छात्रों (न्यास निधि) को प्रदान की गई छात्रवृत्तियों से संबंधित ब्यौरें निम्नानुसार हैंः–

Øe la[;k	'kSf{kd o"kZ	çnku dh xbZ Nk=ofÙk	Nk=ofÙk jkf'k ¼:i, esa½ ¼uohuhdj.k Nk=ofÙk lfgr½
1	2011-12	1000	5,76,49,796
2	2012-13	1000 नई (216 नवीकरण)	7,77,48,872
3	2013-14	2000 नई (293 नवीकरण)	12,80,53,600
4	2014-15	2500 नई (497 नवीकरण)	17,52,17,229
5	2015-16	2500 नई 726 नवीकरण	19,72,79,505
6	2016-17	1864 नई 1122 नवीकरण	16,40,90,436
	कुल	10864 नई और 2854 नवीकरण	80,00,39,438

7 एमओयू मूल्यांकनः– डीपीई (लोक उद्यम विभाग) द्वारा निगम के प्रर्दशनध्उपलब्धियों का वर्ष 2015–16 के विभिंन लक्ष्यों का मूल्यांकन हेतु उचित के रूप में किया गया था।

8 कौशल प्रशिक्षण केंद्रः– एनएचएफडीसी दिव्यांगजनों के कौशल प्रशिक्षण पर बल दे रहा हैं। एनएचएफडीसी अपने फरीदाबाद केन्द्र के साथ–साथ अन्य सरकारीध्प्रतिष्ठित भागीदारों में दिव्यांगजनों को कौशल प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध करा रहा है। अन्य क्षेत्रों में इनकी जरुरतों को पूरा करने के लिए, एनएचएफडीसी ने उज्जैन, मध्यप्रदेश में स्वंय का कौशल प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित किया है।

9 प्रदर्शनी/जागरूकता शिविर/रोजगार मेले/सम्मेलन/कार्यशालाओं का विवरणः

वित्तीय वर्ष 2017–18 के दौरान निगम ने दिव्यांगजनों/जनता को अपनी योजनाओं के बारे में जागरुकता पैदा करने के लिए निम्नलिखित कार्यक्रमों/अभियान में भाग लिया;

d½ tkx#drk f'kfoj

1. एनएचएफडीसी ने सार्वजनिक उद्यम विभाग द्वारा हॉल संख्या 11, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में दिनांक 04 मई, 2017 से 06 मई, 2017 के दौरान आयोजित सीएसआर मेले में भाग लिया। मेले में एनएचएफडीसी की योजनाओं को प्रचारित किया गया ।

2. एनएचएफडीसी ने दिनांक 17.05.2017 को डीएलएफ प्राइम टॉवर, ओखला चरण –1, नई दिल्ली में एनएचएफडीसी के नए परिसर के उद्घाटन दिवस पर दिव्यांगजनों को टूल किट और वृत्ति प्रदान किए और दिव्यांगजनों को अपनी स्कीमों के बारे में जानकारी दी गई थी।

3. एनएचएफडीसी के अधिकारियों के साथ–साथ दिव्यांगजन प्रशिक्षुओं (पंजीकृत कार्यालय में दिए जा रहे प्रशिक्षण) ने निगम के पंजीकृत कार्यालय, रेड क्रॉस भवन, सेक्टर 12, फरीदाबाद में 21 जून, 2017 को तीसरा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया।

4. एनएचएफडीसी ने 09 सितंबर, 2017 को एनएचएफडीसी के क्षेत्रीय सह प्रशिक्षण सुविधा केन्द्र उज्जैन में प्रशिक्षित 107 दिव्यांगजनों को टूल किट और प्रशिक्षण पूरा करने के प्रमाण पत्र वितरित किए, श्री थावरचन्द गेहलोत, माननीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री, भारत सरकार इस अवसर पर मुख्य अतिथि थे। दिव्यांगजनों को उनके स्व रोजगार के लिए एनएचएफडीसी की योजनाओं का विवरण भी प्रदान किया गया था।

5. एनएचएफडीसी ने 06 और 07 दिसंबर, 2017 को डायोसेसन सामुदायिक केन्द्र, 1, अशोक प्लेस, गोल डाक खाना, नई दिल्ली में चेतनालय द्वारा क्लेक्टिव एक्शन फॉर बेसिक राइट्स फाउंडेशन (सीबीआरएफ) बेंगलुरु के सहयोग से आयोजित 'समर्थ–2017' में भाग लिया। एनएचएफडीसी अधिकारियों ने उपरोक्त प्रदर्शनी में एनएचएफडीसी की योजनाओं की जानकारी दी।

[k½ çn'kfu;k vkj eyk&

1) एनएचएफडीसी ने मालवा मेले में 10 स्टॉल में 12 लाभार्थियों के साथ भाग लिया है जो कि 02 मई, 2017 से 08 मई, 2017 के दौरान लालबाग प्लेस, इंदौर, मध्यप्रदेश में इंदौर विकास प्राधिकरण की ओर से आयोजित किया गया था। आगंतुकों को एनएचएफडीसी की योजनाओं की भी जानकारी दी गई।

2) एनएचएफडीसी ने 17 से 20 अगस्त, 2017 के दौरान दीनबंधु एंड्रयूज कॉलेज ग्राउंड, गरिया, कोलकाता में बंगाल मानव संसाधन विकास फाउंडेशन, कोलकाता द्वारा आयोजित 'भारतीय राष्ट्रीय प्रदर्शनी–सह–मेला 2017' में भाग लिया। एनएचएफडीसी के अधिकारियों ने प्रदर्शनी में आगुंतकों को एनएचएफडीसी की योजनाओं की जानकारी दी।

3) एनएचएफडीसी ने दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के निदेशानुसार वाराणसी, उत्तर प्रदेश से 08 अक्तूबर, 2017 से 17 अक्तूबर, 2017 के दौरान स्वदेशी मेला, 2017 में भाग लिया। एनएचएफडीसी के अधिकारियों ने प्रतिभागियों को एनएचएफडीसी की योजनाओं की जानकारी दी।

?k½ lEesyu@dk;Z'kkyk,¡

i) एनएचएफडीसी ने 24 और 25 अक्तूबर, 2017 को इग्नू के सहयोग से एनएचएफडीसी की योजनाओं पर कार्यशाला का आयोजन किया। माननीय राज्य मंत्री, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार ने इस कार्यशाला का उद्घाटन किया और इस अवसर पर लोगों को संबोधित किया। आगंतुकों को एनएचएफडीसी की योजनाओं की जानकारी दी गई।

ii) जयपुर में 20.06.2017 को राजस्थान एससी और एसटीएस वित्त और विकास सहकारी निगम (एनएचएफडीसी के एससीए) के सहयोग से एनएचएफडीसी की योजनाओं पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। आगंतुकों को एनएचएफडीसी की योजनाओं की जानकारी दी गई।

iii) केरल राज्य दिव्यांगजन कल्याण निगम (एनएचएफडीसी के एससीए) ने 19 जुलाई, 2017 को एनएचएफडीसी की योजनाओं पर कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें एनएचएफडीसी अधिकारियों ने भाग लिया। इस कार्यशाला में आगंतुकों को एनएचएफडीसी की योजनाओं की भी जानकारी दी गई।

8-2 Hkkjrh; —f=e vax fuekZ.k fuxe ¼,fyEdks½

fuxfer :ijs[kk

एलिम्को एक अनुसूची "ग" लघुरत्न श्रेणी–प्प केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम है जो कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 8 (लाभ के उद्देश्य के लिए नहीं), (कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 25 के अनुरुप) के अंतर्गत पंजीकृत है और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण के अंतर्गत कार्य कर रहा है। यह भारत सरकार का 100 प्रतिशत स्वामित्व वाला केन्द्रीय सावर्जनिक क्षेत्र का उद्यम है जिसका उद्देश्य देश के दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग और अन्य पुनर्वास उपकरणों के संवर्धन, प्रोत्साहन तथा उपलब्धता बढाने, प्रयोग, आपूर्ति तथा वितरण द्वारा दिव्यांगजनों के लिए पुनर्वास उपकरणों के निर्माण द्वारा उन्हें अधिकतम लाभान्वित करना है। निगम का लाभप्रद के संचालन का मकसद नहीं है और इसका मुख्य जोर उचित मुल्य पर बडी संख्या में दिव्यांगजनों को बेहतर गुणवत्ता वाले सहायक यंत्र और उपकरण उपलब्ध कराना है। इस निगम ने वर्ष 1976 में कृत्रिम सहायक यंत्रों का निर्माण शुरु किया था। इसके भुवनेश्वर (ओडिशा), जबलपुर (मध्य प्रदेश), बंगलुरु (कर्नाटक), और चानालोन (पंजाब) में स्थित चार आनुशंगिक उत्पादन केन्द्र (एएपीसी) हैं। उज्जैन में एक नई उत्पादन इकाई के लिए आधारशिला रखी गई है , जिसे मोटर ट्राइसाइकिल जैसे आधुनिक सहायक उपकरण के लिए विनिर्माण उत्पाद के लिए बनाया गया है, इसका निर्माण कार्य चल रहा है। निगम के नई दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और हैदराबाद में चार विपणन केन्द्र तथा गुवाहाटी में एक आउटरीच केन्द्र है।

निगम एकमात्र विनिर्माण कंपनी है जो पूरे देश में सभी प्रकार की विकलांगताओं की सेवा के लिए एक छत के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरणों का उत्पादन करता है।

1 foÙkh; fof'k"Vrk,¡

वित्तीय वर्ष 2017–18 के दौरान, 31.12.2017 तक निगम ने वित्तीय वर्ष 2016–17 में 240.67 करोड़ रुपए की तुलना में 154.18 करोड़ रुपए (बिक्री के आँकड़े अनंतिम) का कारोबार हासिल किया है ।

2- fuxe dh Hkkfrd dk;Z{kerk fn[kkus okyh ek=kRed vkadM+s

Øe la[;k	Hkkfrd çn'kZu ¼egRoiw.kZ mRikn dk Hkkfrd çn'kZu½	mRiknu ¼la[;k esa½		fcØh ¼la[;k esa½	
		2016&17	2017&18 ¼vufUre vkadM+s 31-12-2017 rd½	2016&17	2017&18 ¼vufUre vkadM+s 31-12-2017 rd½
(i)	ट्राईसाइकिल	92,970	61,603	98,761	53,185
(ii)	व्हील चेयर्स	48,905	28,577	43,216	28,673
(iii)	बैसाखियां	80,779	56,574	74,564	54,687
(iv)	कान की मशीन (श्रवण यंत्र)	1,21,367	47,804	1,14,953	49,804

3 fcØh iSVuZ

निगम का बिक्री पैटर्न निम्नानुसार हैरू

(रुपए करोड़ में)

Øsrk Js.kh	o"kZ 2017&18 ds fcØh vkadM+s ¼vufUre 31-12-2017 rd½	o"kZ 2016&17 dh fcØh ¼ys[kk ijhf{kr vkadM+s½
राष्ट्रीय संस्थान	4.33	7.88
एडीआईपी एंड कोक्लियर	59.66	124.68
एसएसए (60%)	20.03	30.42
एसएसए (40%)	12.70	19.33
राज्य सरकार सीधी खरीद	8.22	6.48
डिलर्स, संरचना	20.30	24.63
सीएसआर निर्यात, बिलाट्रल, स्क्रैप और अन्य	22.85	26.02
राष्ट्रीय वयोश्री योजना	6.06	1.23
कुल	154.15	240.67

fooj.k	o"kZ 2017&18 dk fcØh vkdM+k ¼vuqfre 31-12-2017 rd½	o"kZ 2016&17 dh fcØh ¼ys[kk ijhf{kr vkdM+s½
जीआईए से जुटाए गए संसाधन	77.51	155.10
जीआईए के अलावा जुटाए गए संसाधन	76.64	85.57
कुल	154.15	240.67

4 ,Mhvkbih dSai

निगम ने वित्तीय वर्ष 2016–17 में 315 कैंपों के माध्यम से एडीआईपी योजना के तहत 1,70,231 लाभार्थियों (उपकरण–वार) की तुलना में वित्त वर्ष 2017–18 में 116 शिविरों (अनंतिम) के माध्यम से एडीआईपी योजना के तहत 31.12.2017 तक 64,916 लाभार्थियों (अनंतिम) को सेवाएं प्रदान की गई हैं।

5 ,Mhvkbih&,l,l, dSai

एडीआईपी–एसएसए योजना के अंतर्गत, निगम द्वारा वित्तीय वर्ष 2016–17 में 06–14 वर्षों के आयु वर्ग में विशेष जरूरतमंद बच्चों के लिए आयोजित 783 शिविरों में 73,392 लाभार्थियों की तुलना में वित्तीय वर्ष 2017–18 (31.12.2017 तक) में 06–14 वर्षों के आयु वर्ग में विशेष जरूरतमंद बच्चों के लिए 569 शिविरों (अनंतिम) में 38,981 लाभार्थियों (अनंतिम) को सेवा प्रदान की गई।

9 नवम्बर, 2017 को माननीय केन्द्रीय मंत्री डॉ. थावरचंद गेहलोत, उस समय सचिव, श्रीमती जी लता कृष्णा राव और संयुक्त सचिव श्रीमती डौली चक्रबर्ती के साथ दिव्यांगजन सशक्तिकरण पर लघु फिल्म प्रतिस्पर्धाओं के पुरस्कार विजेता

,fMi f'kfoj rLohjk dh >yd

सरकार की एडिप योजना के अंतर्गत दिनांक 27.08.2017 को एलिम्को द्वारा अहमदाबाद, भारत में दिव्यांगजनों को सहायक यंत्र और उपकरण प्रदान करने के लिए मेगा वितरण शिविर का आयोजन किया गया।

माननीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री श्री रामदास अठावले और केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री एडिप और राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत दिनांक 06.11.2017 को धुले, महाराष्ट्र में सहायक यंत्र और सहायता उपकरणों का वितरण करते हुए।

माननीय मुख्यमंत्री राजस्थान श्रीमती वसुंधरा राजे और माननीय केन्द्रीय मंत्री, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, डॉ. थारवचन्द गेहलोत ने राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत 17.09.2017 को झालावाड़, राजस्थान में बीपीएल श्रेणी के वरिष्ठ नागरिकों को सहायक यंत्र और उपकरण वितरित किए ।

9 अध्याय राष्ट्रीय संस्थान और समेकित क्षेत्रिय केंद्र

दिव्यांगता के क्षेत्र में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के अंतर्गत कुल आठ राष्ट्रीय संस्थान कार्यरत हैं। ये राष्ट्रीय संस्थान स्वायत्त निकाय हैं और विभिन्न प्रकार की दिव्यांगताओं के लिए स्थांपित किए गए हैं। दिव्यांगता के क्षेत्र में मानव संसाधन विकास में संलग्न ये संस्थान दिव्यांगजनों को पुनर्वास सेवा प्रदान कर रहे हैं और अनुसंधान एवं विकास कार्य कर रहें हैं। ये आठ संस्थान निम्निलिखित हैंः–

(i) राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान, (एनआईईपीवीडी), देहरादून

(ii) अली यावर जंग राष्ट्रीय वाक एवं श्रवण दिव्यांगजन संस्थान, (एवाईजेएनआईएसएचडी), मुंबई

(iii) राष्ट्रीय गतिशील दिव्यांगजन संस्थान, (एनआईएलडी), कोलकाता

(iv) स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय पुनर्वास प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान, (एसवीएनआईआरटीएआर), कटक

(v) पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय शारीरिक दिव्यांगजन संस्थान, (पीडीयूएनआईपीपीडी), नई दिल्ली

(vi) राष्ट्रीय बौद्धिक दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान, (एनआईईपीआईडी), सिकंदराबाद

(vii) राष्ट्रीय बहु–विकलांगता ग्रस्त जन सशक्तिकरण संस्थान, (एनआईईपीएमडी), चौन्नई

(viii) भारतीय सांकेतिक भाषा अनुसंधान और प्रशिक्षण केंद्र (आईएसएलआरटीसी), नई दिल्ली

इन आठ राष्ट्रीय संस्थानों की कुछ बुनियादी जानकारी नीचे दी गई हैंः –

Ø- l-	jk"Vh; lLFkku	iLFkkiu dk o"k	Ikfjlj {k= (,dM eh)	{k=h; dUn@{k=h; pIVjl] ;fn dkbl gk	jk"Vh; lLFkku dk v/khu lefdr {k=h; dUn] ;fn dkbl gk]
1.	पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय शारीरिक दिव्यांगजन संस्थान (पीडीयूएनआईपीपीडी), नई दिल्ली	1960	1.5	एक क्षेत्रीय केन्द्र (सिकन्दराबाद)	दो (लखनऊ और श्रीनगर)
2.	स्वामी विवेकानन्द राष्ट्रीय पुनर्वास प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान (एसवीएनआईआरटीएआर), कटक	1975	26.66	कोई नहीं	दो (गुवाहटी एवं राजनंदगांव (छत्तीसगढ)
3.	राष्ट्रीय गतिविषयक दिव्यांगजन संस्थान, (एनआईएलडी), कोलकाता	1978	3.0	तीन क्षेत्रीय केन्द्र(देहरादून, आइजोल एवं अरूणाचल प्रदेश)	एक (पटना)
4.	राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन संस्थान (एनआईईपीवीडी), देहरादून	1979	43	एक क्षेत्रीय केन्द्र (चेन्नई), दो क्षेत्रीय चेप्टर(कोलकाता एवं सिकन्दराबाद)	एक {सुन्दरनगर (हिमाचल प्रदेश)}
5.	अली यावर जंग राष्ट्रीय वाक् एवं श्रवण दिव्यांगजन संस्थान (एवाईजेएनआईएसएचडी), मुंबई।	1983	4.77	चार क्षेत्रीय केन्द्र (कोलकाता, सिकन्दराबाद, नोएडा और भुवनेश्वर)	दो (भोपाल एवं अहमदाबाद)
6.	राष्ट्रीय बौद्धिक दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान (एनआईईपीआईडी), सिकन्दराबाद	1984	19.33	तीन क्षेत्रीय केन्द्र (नोएडा, मुंबई और कोलकाता)	दो (नेल्लोर और देवनागेर)
7.	राष्ट्रीय बहु–विकलांगता ग्रस्त जन सशक्तिकरण संस्थान (एनआईईपीएमडी), चेन्नई	2005	15.2	कोई नहीं	दो (कोझीकोड और नागपुर)
8.	भारतीय संकेत भाषा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केन्द्र (आईएसएलआरटीसी)	2016	-	कोई नहीं	कोई नहीं

1 ifMr nhun;ky mik/;k; jk"Vh; 'kkjhfjd fn0;kxtu lLFkku] ¼ihMh;vkbihihMh½ ub fnYyh

पंडित दीन दयाल दिव्यांगजन राष्ट्रीय संस्थान, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत निकाय है। यह गतिविषयक निःशक्तता जैसे पोलियों सुषुंना सूजन, प्रमास्तिष्क घात, अभिघातक विकृतियां, मस्तिष्क–घात मामलें आदि से पीडित व्यक्तियों के पुनर्वास के लिए प्रतिबद्ध है। संस्थान का नाम वर्ष 2002 में बदल कर प0 दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय संस्थान कर दिया गया। अब इस संस्थान का नाम दिव्यांगजन प0 दीन दयाल राष्ट्रीय संस्थान हो गया है।

पुनर्वास के क्षेत्र में मानव संसाधन विकास के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए संस्थान द्वारा साढ़े चार वर्ष अवधि प्रत्येक के शारीरिक थैरेपी (बीपीटी), व्यवासायिक थैरेपी (बीओटी) में स्नातक डिग्री पाठ्यक्रम आरम्भ किए गए हैं। संस्थान ने शैक्षिक वर्ष 2017–18 से प्रोस्थेटिक्स और ऑर्थोटिक्स (एमपीओ) प्रोग्राम में स्नातकोत्तर कार्यक्रम भी शुरू किया है।

संस्थान मरीजों और अपंग व्यक्तियों को व्यापक पुनर्वास सेवाएं प्रदान कर रहा है जो संस्थान को अपनी क्षमताओं को इष्टतम स्तर तक पहुंचाने के लिए देख रहा है। उनका पुनर्वास आवश्यकताओं के लिए मूल्यांकन क्लिनिक में आर्थोपेडिक सर्जन, बाल चिकित्सा विशेषज्ञ/पुनर्वास विशेषज्ञों का मूल्यांकन किया जा रहा है।

संस्थान सीआरसी लखनऊ और सीआरसी श्रीनगर के कामकाज की सुविधा दे रहा है। संस्थान ने एनआईईपीआईडी, सिकंदराबाद और टोंक, राजस्थान के एक सैटेलाइट केंद्र के परिसर में अपने दक्षिणी क्षेत्रीय केंद्र (एसआरसी) की भी स्थापना की है।

(i) दिव्यांगजनों को सहायक यंत्र एवं उपकरण उपलब्ध कराने के लिए दिनांक 19.09.2016 को इलाहाबाद, यू.पी. में एक मेगा कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें माननीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री थावरचन्द गेहलोत मुख्य अतिथि थे तथा इस कैम्प में पीडीयूएनआईपीपीडी के 10 कर्मचारी एवं सीआरसी लखनऊ के 19 कर्मचारी शामिल हुए। संस्थान द्वारा इसकी गतिविधियों के लिए प्रर्दशनी का एक स्टॉल भी लगाया गया। कुल 4773 लाभार्थी इसमें लाभान्वित हुए।

(ii) शाहजहांपुर, कानपुर, पीलीभीत, इटावा, सन्त कबीर, इलाहाबाद, मेनपुर एवं उत्तर प्रदेश में पोलियों निवारक सर्जरी कैम्प का आयोजन किया गया। 321 लाभार्थियों द्वारा 429 अंगों का आपरेशन कराया गया। इन शिविरों का आयोजन दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उपलब्ध करायी गयी निधियों से किया गया।

(iii) विश्व फिजिकल थैरेपी दिवस तथा ओक्यूपेशनल थैरेपी दिवस का आयोजन फिजियोथैरेपी एवं ओक्यूपेशनल थैरेपी दिवस का आयोजन फिजियोथैरेपी एवं ओक्यूपेशनल थैरेपी विभाग के संबंधित विभागों द्वारा किया गया। यह दिन संपूर्ण विश्व के शारीरिक एवं ओक्यूपेशनल थैरेपिस्टों के लिए यह जागरुकता उत्पन्न करने का अवसर है कि व्यक्तियों का स्वस्थ, गतिशील एवं स्वतंत्र बनाये रखने में इस व्यवसाय का कितना महत्वपूर्ण योगदान है। यह पीटी एवं ओटी विभाग के व्यवसाय के संबंध में जागरुकता एवं स्वास्थ्य संबंधी आंदोलन है।

2 Lokeh foodkuUn jk"Vh; iuokl çf'k{k.k ,o vulk/kku lLFkku ,loh,uvkbvkjVhvkj½] dVd

यह संस्थान मानव संसाधन का विकास करने तथा सेवा प्रदान करने संबंधी कार्यक्रमों, अनुसंधानों और आऊटरीच कार्यक्रमों को कार्यान्वित करने के उद्देश्य से कार्य करता आ रहा है। यह दिव्यांगता से ग्रस्त व्यक्तियों के पुनर्वास हेतु डॉक्टरों, इंजीनियरों, प्रॉस्थटिस्टों, ऑर्थोटिस्टों, फिजियोथेरेपिस्टों, व्यावसायिक थेरेपिस्टों, बहुउद्देश्य पुनर्वास थेरेपिस्टों जैसे कार्मिकों तथा ऐसे ही अन्य कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण का दायित्व ग्रहण करता है और उसे प्रायोजित एवं समन्वित करता है।

गतिविषयक निःशक्तता के क्षेत्र में प्रशिक्षित जनशक्ति की लगातार बढ़ रही मांग को पूरा करने के लिए, यह संस्थान फिजयिथेरेपी, आक्यूपेशनल थेरेपी, प्रॉस्थेटिक्स और ऑर्थोटिक्सि में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम संचालित करता है। व्यावसायिकों/गैर–सरकारी संगठनों को अधिकाधिक प्रेरित करने और समुदाय आधारित पुनर्वास के विषय में उनके ज्ञान को अद्यतन करने के लिए, यह संस्थान पुनर्वास के क्षेत्र में लघु अभिविन्यास (ओरिएंटेशन) पाठ्यक्रम, लगातार चलने वाले चिकित्सा, शिक्षा (सीएमई) कार्यक्रम, कार्यशालाएं तथा सेमिनार संचालित करता है।

संस्थान शारीरिक दिव्यांग व्यक्तियों को प्रत्यक्ष सेवाएं भी प्रदान करता है। इन सेवाओं में शारीरिक विकृतियों का सर्जिकल सुधार, फिजियोथेरेपी, आक्यूपेशनल थेरेपी तथा स्पीच थेरेपी शामिल हैं। इस संस्थान में कृत्रिम अंगों की फिटिंग की जाती है तथा यह अपने यहां और शिविरों के आयोजन द्वारा, न केवल ओडिशा राज्य के जनजातीय क्षेत्रों के दूरस्थ इलाकों में बल्कि जम्मू और कश्मीर, उत्तरांचल, उ.प्र., बिहार, म.प्र., छत्तीसगढ़, झारखंड, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक राज्यों में भी व्हील चेयर और तिपहिया साइकिल जैसे चलने में मदद करने वाले सहायक यंत्रों और उपकरणों की आपूर्ति करता है।

संस्थान में ग्यारह प्रमुख विभाग/अनुभाग हैं, जैसे प्रशासन, लेखा और वित्त, शिक्षा (एचआरडी), शारीरिक चिकित्सा और पुनर्वास, प्रोस्थेटिक्स और ऑर्थोटिक्स, फिजियोथेरेपी, व्यावसायिक चिकित्सा, पुस्तकालय और सूचना केंद्र, मनोविज्ञान, सामाजिक कार्य और वाणी एवं श्रवण। संस्थान ने कटक, भुवनेश्वर और धेंकनाल में तीन उप–केंद्र भी स्थापित किए हैं, बलांगीर में एक सैटेलाइट केंद्र और गुवाहाटी एवं राजनांदगांव में 02 सीआरसी स्थापित है।

lexz {ks=h; dsæ] xqokgkVh%

समग्र क्षेत्रीय केंद्र (सीआरसी), गुवाहाटी, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग , सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार की एक पहल है। केंद्र गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (जीएमसीएच) कैम्पस, भांगगढ़, गुवाहाटी असम –781032 में स्थित है। केंद्र 19 मार्च, 2001 से स्वामी विवेकानन्द राष्ट्रीय पुनर्वास प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, कटक के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन कार्यरत है । सीआरसी गुवाहाटी का उद्देश्य, दिव्यांगजनों को सेवाएं प्रदान करना और पूर्वोत्तर क्षेत्र (एनईआर) में दिव्यांगता मानव शक्ति का विकास करना है।

lexz {ks=h; dsæ] jktukanxkao%

सीआरसी, राजनांदगांव, स्वामी विवेकानंद राष्ट्रीय पुनर्वास, प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान (एसवीएनआईआरटीएआर) उड़ीसा का विस्तार है। यह एक ही स्थान पर कई और विविध दिव्यांगता हेतु सेवा प्रदान करने के लिए 25 जून, 2016 को स्थापित किया गया था। आज, यह सभी प्रकार की दिव्यांगता के लिए पुनर्वास और शैक्षिक सेवाएं प्रदान करने के

लिए पूरी तरह से सुसज्जित और कार्यात्मक है। ओल्ड हॉस्पिटल कैंपस राजनांदगांव में अवस्थित, सीआरसी छत्तीसगढ़ के दिव्यांगजनों के लिए शुरू से अंत तक समाधान प्रदान करता है । शैक्षणिक से लेकर नैदानिक सेवाओं के साथ, यह दिव्यांगजनों के कष्ट निवारण के लिए प्रतिबद्ध है । दिव्यांगता के लिए सीआरसी द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न सेवाओं में लोकोमोटर दिव्यांगता, अंधत्व, कम दृष्टि, श्रवण बाधा, मानसिक मंदता, मानसिक बीमारी, कुष्ठ रोग, सेरेब्रल पाल्सी, औटिस्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर और सभी उम्र के दिव्यांग व्यक्ति शामिल हैं।

श्री विजय सांपला, माननीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री भारत सरकार ने 16 अप्रैल, 2017 को स्वामी विवेकानन्द राष्ट्रीय पुनर्वास प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान)(एसवीएनआईआरटीआर), कटक के दौरे के दौरान लड़कियों के छात्रावास का उद्घाटन किया।

lQyrk dh dgkuh& 01

मास्टर वकार अहमद, (सुपुत्र– श्री मुस्ताक, कंप्यूटर विज्ञान के व्याख्याता, डीपीएस कलिंग, फुलनाखड़ा), प्लॉट नं– 2–बी सांति एंक्लेव, डाकखाना – लक्ष्मीसागर, थाना – लक्ष्मीसागर, भुवनेश्वर, जिला–खुर्दा, राज्य– ओडिशा, पिन– 751006 का रहने वाला है। उसकी आयु– 12 वर्ष है और दिल्ली पब्लिक स्कूल (कलिंग) में कक्षा अ में पढ़ रहा है। वह जन्म से ही शरीर के ऊपरी और निचले हिस्से से दिव्यांग है। उन्होंने डेढ़ वर्ष की उम्र में संस्थान को सूचना दी थी । वास्तव में इस लड़के का समय–समय पर प्रोस्थिसिस के साथ इलाज किया गया और वह स्वयं अपने सभी दैनिक कार्यों को स्वतंत्र रूप से कर रहा है और अभी हाल ही में संस्थान ने एक विशेष प्रोस्थेटिक डिजाइन विकसित किया है जिसमें जंग विरोधी सामग्री से एक विशेष पैर प्रणाली बनाई गई है जिसकी सहायता से वह घर के अंदर की गतिविधियों के साथ–साथ सभी बाहरी गतिविधियों को भी पूरा कर रहा है।

lQyrk dh dgkuh &02

एक 12 वर्षीय लड़का जन्म से विकृति के कारण स्कूल जाने में सक्षम नहीं है। एक सर्जरी के बाद बच्चा स्वतंत्र रूप से स्कूल जा रहा है।

दिनांक 19 अप्रैल, 2017 को आरईसीएल और स्वामी विवेकानन्द राष्ट्रीय पुनर्वास प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (एसवीएनआईआरटीआर), कटक के मध्य संस्थान को 'वकृति सुधार के लिए उत्कृष्टता केंद्र'के रूप में स्थापित करने के लिए पुनर्वास सेवा भवन के 100 बेड के उपभवन– II के निर्माण हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

इनचोन कार्यनीति

एशिया एवं प्रशांत हेतु यूएन एस्केप

3 jk"Vh; xfr'khy fn0;kxtu lLFkku] ¼,uvkbl,yMh] dkydkrk½

राष्ट्रीय गतिशील दिव्यांगजन संस्थान (एनआईएलडी), लोको मोटर जैसी विकलांगता विशिष्ट क्षेत्र में मानव संसाधन विकास पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए देशभर में विकास एवं पुनर्वास सेवाएं प्रदान करने के लिए एक शीर्ष संस्थान के रूप में सेवा देने के प्रयोजन से कोलकाता, प. बंगाल में स्थापित किया गया था। एनआईओएच पुनर्वास प्रबंधन, शिक्षा और प्रशिक्षण को बढ़ावा देने में लगा हुआ है। इस प्रकार यह लोको मोटर दिव्यांगजनों के लिए निवारक, प्रोत्साहक और पुनर्वास सेवाओं के लिए आवश्यक जनशक्ति विकसित करता है। एनआईओएच लोको मोटर विकलांग व्यकक्तियों के लिए सहायक प्रौद्योगिकियों के साथ–साथ समय पर और विशेष शल्यि हस्तओक्षेप और अन्यव उपचारात्मिक सेवाओं के अनुप्रयोग के महत्वेपूर्ण क्षेत्र में जनशक्ति और अनुसंधान सुविधाएं प्रदान करने वाला एक शीर्ष संगठन है।

xfrfof/k;k dh ,d >yd

इस संस्थान की गतिविधियों में मोटे तौर पर निम्नलिखित क्षेत्र शामिल हैं:

1) मानव संसाधन विकास

2) पुनर्वास सेवाएं

3) अनुसंधान और विकास

4) पुस्तकालय, प्रलेखन और सूचना का प्रसार

5) गैर–सरकारी संगठनों की निगरानी

6) जागरूकता

7) छात्रों का नियोजन

8) अन्य गतिविधियां

ekuo l l k/ku fodkl

मूल विचार देश में गतिशील दिव्यांगजनों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए और मौजूदा मानव संसाधन के ज्ञान को अद्यतन करने के लिए उपलब्ध मानव संसाधन की आवश्यकता को पूरा करने के लिए, संस्थान को सौंपे गए कार्य के लिए उपयोगिता के इष्टतम मानक के लिए मानव संसाधन उपलब्ध कराना है। सामान्यतया इन्हें दो श्रेणीयों में बांटा जा सकता है:–

क. दीर्घ अवधि प्रशिक्षण कार्यक्रम

ख. अल्पावधि प्रशिक्षण कार्यक्रम

iuokl lok,

पुनर्वास सेवाएं अस्पताल भर्ती मरीजों, बहिरंग रोगियों और आम पहुंच से दूर क्षेत्रों के लोगों को संस्थान मुख्यालय, क्षेत्रीय केंद्रों, सीबीआर परियोजनाओं तथा अन्य सहयोगी केंद्रों के माध्यम से प्रदान की जाती हैं।

(क). संस्थान आधारित सेवाएं

(ख) आम पहुंच से दूर क्षेत्रों में सेवाएं

(ग) समुदाय आधारित पुनर्वास सेवाएं (सीबीआरएस) और

(घ) क्षेत्रीय और सहयोगात्मक केन्द्रों के माध्यम से सेवाएं।

d- lLFkkxr lok,%

ये संस्थागत सेवाएं निम्नलिखित विभागों के माध्यम से प्रदान की जाती हैंरू–

1) चिकित्सा पुनर्वास
2) फिजियोथेरेपी
3) व्यावसायिक थेरेपी
4) प्रोसोपीटिक एवं ऑर्थोटिकस
5) सामाजिक आर्थिक पुनर्वास
6) पुनर्वास नर्सिंग
7) पुनर्वास अभियांत्रिकी।

[k- vkmVjhp lok,%

संस्थान अपने आउटरीच यूनिट के माध्यम से दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार की दिव्यांगजनों को सहायता योजना (एडिप) स्कीम का कार्यान्वयन करने के लिए शिविरों का आयोजन करता है।

x- lenk; vk/kkfjr iuokl lok,

संस्थान के सामाजिक आर्थिक पुनर्वास विभाग ने समुदाय आधारित दृष्टिकोण के माध्यम से विस्तृत पुनर्वास सेवाएं प्रदान करने के लिए पिछड़े क्षेत्रों में सीबीआर परियोजनाएं आयोजित की हैं। इस वर्ष विभाग ने नवीन परियोजना क्षेत्र के रूप में इंफाल वेस्ट, मणिपुर और राजरहाट, पश्चिम बंगाल को शामिल किया है।

?k- lefdr {k=h; dæ] {k=h; vkj lg;kxkRed dUæk d ek/;e l lok,

क. क्षेत्रिय केन्द्र माध्य से निम्नलिखित क्षेत्रीय केन्द्र सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं।

i. देहरादून, उत्तराखंड
ii. आईजोल, मिजोरम
iii. नाहरलागून, अरूणाचल प्रदेश

ख समेकित क्षेत्रीय केंद्र

i. पटना सीआरसी
ii. त्रिपुरा सीआरसी

ग) एनटीपीसी फाउंडेशन (एक पब्लिक चौरीटेबल ट्रस्ट) के सहयोग से एनटीपीसी फाउंडेशन नेल्ड डिसएबिलिटी रीबैबिलिटेशन सेंटर (एनएफएनडीआरसी) ने एनटीपीसी प्रोजेक्ट साइट के पास शारीरिक रूप से दिव्यांग लोगों की सेवा और सशक्त करने के लिए शुरू किया। एनएफएनडीआरसी का मूल उद्देश्य जिला और आसपास के क्षेत्रों के पीडब्ल्यूडी को पुनर्वास सेवाएं प्रदान करना है।

vuqla/kku ifj;kstuk

1. इस वर्ष 'पश्चिम बंगाल में जनजातियों के बीच दिव्यांगता और उनके पुनर्वास के क्षेत्र में व्यापकता' पर एक परियोजना, सामाजिक आर्थिक पुनर्वास विभाग, कोलकाता, के तहत विश्व भारती (केंद्रीय विश्वविद्यालय) के सहयोग से इस वर्ष आयोजित की जा रही है।

2. आईओएस के साथ हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन, माइक्रो प्रोसेसर के नियंत्रित, प्रोटोस्टैटिक घुटने के संयुक्त और प्रोस्थेटिक मल्टी अक्षीय फुट टुकड़े के लिए डिजाइन, विकास और मानकीकरण।

एनएफएनडीआरसी, रिहांद में पहचान शिविर में संवेदीकरण कार्यक्रम

4 jk"Vªh; –f"V fnO;kaxtu l'kfDrdj.k laLFkku] ¼,uvkbZbZihohMh½] nsgjknwu

राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान (एनआईईपीवीडी), देहरादून एक स्वायतः निकाय है जो दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्य कर रहा है। दृष्टि बाधितों को सशक्त करना प्राथमिक उद्देश्य है और दृष्टि बाधितों को संपूर्ण सामुदायिक जीवन के सभी पहलुओं में भाग लेने के लिए उन्हें सक्षम करने के लिए यह एक प्रमुख संस्थान है। उद्देश्यों को प्राप्त करने के क्रम में, संस्थान ने तीन क्षेत्रों नामक एचआरडी और प्रशिक्षण, अनुसंधान और विकास तथा उत्पादन एवं ब्रेल उपकरण और ब्रेल साहित्य के वितरण की गतिविधियों का आयोजन किया है। संस्थान 116 राजपुर रोड, देहरादून, उत्तराखंड राज्य में स्थित है।

संस्थानका एक क्षेत्रीय केन्द्र, चौन्नई, (तमिलनाडु) में, और दो क्षेत्रीय खंड सिकंदराबाद (आंध्र प्रदेश) और कोलकाता (पश्चिम बंगाल) में दृष्टि बाधितों को उनके संबंधित क्षेत्रोंध्राज्यों में पुनर्वास सेवाएं उपलब्ध प्रदान करते रहे है। यह दिव्यांगजन संयुक्त क्षेत्रीय केन्द्र, सुंदरनगर, हिमाचल प्रदेश से भी समन्वय करता है।

विशेष शिक्षा और दिव्यांगता अध्ययन विभाग के माध्यम से संस्थान दृष्टि बाधितों के क्षेत्र में विशेष शिक्षा, शिक्षकों और मोबिलिटी प्रशिक्षकों को योगदान देता है। संस्थान अब तक 12000 विशेष शिक्षा शिक्षकों और मोबिलिटी प्रशिक्षकों का योगदान दिया है।

एनआईईपीवीडी दिव्यांगता मुद्दों पर अनुसंधान निकाय के रूप में उभरा है। यह तीन तंत्र अनुसंधान सलाहकार समिति, भारतीय ब्रेल परिषद और डिजाइन एवं विकास इकाई को बढावा देने और अनुसंधान प्रायोजित करने के लिए है। पिछले 25 वर्षो से, संस्थान ने 140–145 अनुसंधान परियोजनाओं पर काम किया है। इन परियोजनाओं में शिक्षा की गुणवत्ता, पुनर्वास कार्यक्रमों और कौशल प्रशिक्षण पहलों में काफी सुधार हुआ है।

संस्थान की दृष्टि बाधितों के लिए नई और चुनौतीपूर्ण प्रशिक्षण एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की भी भारी जिम्मेदारी है। इसके देहरादून, चौन्नई और सिकंदराबाद में व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र में विभिन्न क्षेत्रों के 20 कौशल विकास पाठ्यक्रमों को प्रदान करता है और प्रति वर्ष लगभग 1000 व्यक्तियों को कौशल प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों को पेशकश करने की क्षमता है।

